विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण Sunday
www.dainikjagranmpcg.com
वर्ष 72 अंक 209 पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 27 अप्रैल, 2025
वैशाख कृष्ण पक्ष 15, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

**कश्मीर में कत्लेआम** सीमा पर बढ़ा तनाव, भारत-पाक के बीच फिर युद्ध जैसे हालात, नागरिकों की वापसी तेज

# एलओसी पर गोलियों की गूंज, बंकरों को साफ कर 'तैयार' कर रहे ग्रामीण

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की ओर से लगातार दो दिन से सीजफायर उल्लंघन के बाद दोनों देशों की सेनाएं अलर्ट मोड पर हैं। पाकिस्तानी सेनाओं ने एलओसी पर छोटे हथियारों से फायरिंग तेज कर दी है, जिसका भारतीय सेना ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया है। हालात ऐसे बन गए हैं कि सीमा से लगे भारतीय गांवों में लोगों ने बंकरों की सफाई और उनमें जरूरी सामान जुटाने का काम शुरू कर दिया है, ताकि आपात स्थिति से निपट सकें।

देशभर में पाकिस्तानी नागरिकों और अवैध प्रवासियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। कई राज्यों से पाकिस्तानियों को हिरासत में लेकर उन्हें वापस भेजा जा रहा है। सीमावर्ती इलाकों में सैनिकों की तैनाती बढ़ा दी गई है।

दूसरी ओर, पाकिस्तान ने हमले की 'तटस्थ और पारदर्शी' जांच में शामिल होने की इच्छा जताई है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने खैबर-पख्तूनख्वा के काकुल में सैन्य अकादमी के कार्यक्रम के दौरान कहा कि पाकिस्तान एक जिम्मेदार देश के रूप में किसी भी विश्वसनीय जांच में भाग लेने को तैयार है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहलगाम हमले को लेकर भारत की तरफ से लगातार बिना साक्ष्य के आरोप लगाए जा रहे हैं, जो कि खत्म होने चाहिए। हालांकि, इसी दौरान पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन भी किया।

## पाक अफसर ने दी भारतीयों का गला काटने की धमकी




**लंदन, जेएनएन।** पहलगाम हमले के विरोध में लंदन स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर भारतीय प्रवासी समुदाय का प्रदर्शन तनावपूर्ण हो गया। यहां एक पाकिस्तानी राजनयिक ने गला काटने का इशारा किया। पाक अफसर की इस शर्मनाक हरकत से भारतीय समुदाय में भारी आक्रोश है। प्रदर्शनकारी 'कश्मीर में आतंक समाप्त करो' और 'आतंकवाद बंद करो' जैसे नारों के साथ आतंकवाद के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे थे। वहीं पाकिस्तान के समर्थन में जुटे कुछ काउंटर-प्रदर्शनकारियों ने भी लाउडस्पीकर पर देशभक्ति गीत बजाकर विरोध की आवाज दबाने की कोशिश की। इस बीच, पाक उच्चायोग की बालकनी से एक अधिकारी को 'पाकिस्तान कश्मीरियों के साथ है' लिखे बैनर के पास खड़े होकर भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान की तस्वीर वाला पोस्टर दिखाते हुए देखा गया। उसने भारतीय प्रदर्शनकारियों की ओर गला काटने का खौफनाक इशारा किया। घटना स्थल पर पुलिस बल तैनात था, जिसने दोनों गुटों के बीच बैरिकेड लगाकर स्थिति को नियंत्रित किया। अब निगाहें ब्रिटिश सरकार पर टिकी हैं कि वह पाकिस्तान के खिलाफ क्या कदम उठाती है।

## कश्मीर में 175 हिरासत में, सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर

जम्मू कश्मीर पुलिस ने सेना, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर व्यापक तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया है। इन अभियानों के तहत अनंतनाग, राजौरी और अन्य जिलों में छापे मारे गए। अब तक लगभग 175 संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। कश्मीर में सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। जम्मू-राजौरी-पुंछ राजमार्ग पर वाहनों की गहन जांच की जा रही है और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

## आतंकवादियों के दो मददगार गिरफ्तार

पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकियों और उन्हें पनाह देने वाले सहयोगियों की तलाश में अभियान जारी है। इसी कड़ी में कुलगाम में सुरक्षा बलों ने आतंकियों की मदद करने वाले दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान बिलाल भट और मोहम्मद भट के रूप में हुई। तलाशी के बाद इन दोनों के कब्जे से 2 पिस्तौल, 25 पिस्तौल राउंड, 2 पिस्तौल मैगजीन सहित हथियार गोला-बारूद बरामद किया गया।

## टीआरएफ ने पहलगाम हमले से झाड़ा पल्ला

प्रतिबंधित आतंकी संगठन 'दी रेसिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ), ने पहलगाम आतंकी हमले में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है। टीआरएफ ने कहा कि वह इस घटना में किसी भी प्रकार की भागीदारी से 'स्पष्ट रूप से इनकार' करता है। पहले टीआरएफ ने हमले की जिम्मेदारी ली थी। अब संगठन का दावा है कि हमले के बाद उसके डिजिटल प्लेटफॉर्म से जो जिम्मेदारी लेने वाला संदेश जारी हुआ था, वह एक 'संगठित साइबर घुसपैठ' का नतीजा था।

## आज भारत छोड़ेंगे प्रदेश में रह रहे 228 पाकिस्तानी

मध्य प्रदेश में 228 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं। इन्हें 27 अप्रैल से पहले भारत छोड़ना होगा। मध्य प्रदेश सरकार ने प्रदेश में रह रहे पाकिस्तानियों की जानकारी केंद्र को दी है। जो पाकिस्तानी देश छोड़कर जा चुके हैं, उनके बारे में लगातार केंद्र को अपडेट किया जा रहा है।

**गुजरात:** अहमदाबाद में 890 और सूरत में 134 महिलाओं और बच्चों सहित 1024 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शनिवार को कहा कि वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर उन्हें भारत से निकाला जाएगा।

**हरियाणा:** 460 पाकिस्तानियों को निकालने का आदेश जारी किया है। अभी इन्हें हिरासत में लेने की कोई सूचना नहीं है। अटारी बॉर्डर पर पासपोर्ट जांच के बाद इन्हें पाकिस्तान भेजा जाएगा।


**असम:** छह बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी अवैध रूप से भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। इनमें एक महिला भी है।

**उत्तर प्रदेश:** चार पाकिस्तानी महिला नागरिकों को वापस उनके देश भेजा है। ये महिलाएं टूरिस्ट वीजा पर बुलंदशहर आई थीं। वहीं लखनऊ में एक होटल में अवैध रूप से रह रहे पांच ओमानी नागरिकों को पकड़ा है। वे भारत में रहने का कोई वैध कारण नहीं बता पाए हैं। उनके ट्रैवल डॉक्यूमेंट्स जब्त कर लिए गए हैं।

**पंजाब:** 300 से अधिक पाह्यिकस्तानी नागरिकों को वापस भेजा है। पाकिस्तानी बोले- हमारा डेढ़ महीने का वीजा था, लेकिन 15 दिनों में लौट रहे है। आतंकियों ने जो किया, उसकी कीमत हम जैसे लोगों को चुकानी पड़ रही है।

### ऑफ बीट

## अजीब डिमांड्स पूरा कर कमाती है लाखों



*ऑस्ट्रेलिया की 20 वर्षीय रूबी ड्रू ने ऐसी राह चुनी जिसने उन्हें करोड़पति बना दिया है। आजकल सोशल मीडिया पर ऐसे इन्फ्लुएंसर लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए अजब-गजब स्टंट करते हैं। वायरल होने की आड़ में कोई द्वअर्थी भाषा का इस्तेमाल कर रहा है तो कोई टूरिस्ट स्पॉट में तौलिए में नाच रहा है। लाइक्स और व्यूज के लिए गालियां खा भी रहे हैं। ऐसे कामों से इतर रूबी पैसे कमाने के रास्ते में बहुत आगे बढ़ चुकी हैं। रूबी अब एडल्ट प्लेटफॉर्म ओनलीफैंस पर काम करके जिंदगी अपनी शर्तों पर बिता रही हैं। ये वह प्लेटफार्म है जिसे कुछ लोग अप्रत्याशित सफलता के लिए एक हॉटस्पॉट मानते हैं। यहां वे अपने पर्सनल वीडियो शेयर करके फैंस की अजीबोगरीब डिमांड्स को पूरा करती हैं और बदले में करोड़ों रुपए कमा रही हैं। रूबी का एडल्ट फिल्मों में काम करने का सफर कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान शुरू हुआ। हालांकि इसकी वजह इमोशनल थी।*

### आईपीएल में आज

**मुंबई बनाम लखनऊ**
समय : अपराह्न 3.30 बजे से

**बेंगलुरु बनाम दिल्ली**
समय : शाम 7.30 बजे से

प्रसारण : स्टार स्पोर्ट्स जियो हॉटस्टार पर

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला

## किराएदार की बेदखली में मकान मालिक की जरूरतें भी 'वास्तविक'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बेदखली महज किराएदार की जरूरत तक सीमित नहीं है, मकान मालिक के परिवार की जरूरत भी किराएदार को बेदखल करने के लिए सच्ची जरूरत मानी जाएगी। अदालत ने कहा, 'यह तय है कि मकान मालिक के कब्जे के लिए सच्ची जरूरत को उदारता से समझा जाना चाहिए। इस तरह परिवार के सदस्यों की जरूरत को भी इसमें शामिल किया जाएगा।'

यह फैसला सुनाते हुए जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने अपीलकर्ता मकान मालिक और प्रतिवादी किराएदार के बीच लंबे समय से चली आ रही कानूनी लड़ाई का फैसला किया। इसमें प्रतिवादी अपीलकर्ता की संपत्ति में 73 साल तक रहा, जिसमें लीज खत्म होने के बाद 63 साल भी शामिल हैं।

न्यायालय ने प्रतिवादी को बेदखल करने के लिए अपीलकर्ता की याचिका यह देखते हुए स्वीकार कर ली कि उसे अपने दिव्यांग और बेरोजगार बेटे के लिए अपनी संपत्ति की वास्तविक जरूरत है, जिसके पास कोई अन्य संपत्ति नहीं है। उसके पास अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए बहुत कम आय है।

किराएदार ने बेदखली का विरोध करते हुए दावा किया कि उसे संपत्ति से बेदखल किया गया तो उसे कठिनाई होगी। हालांकि, उसने कोई सबूत नहीं दिखाया, जिससे संकेत मिले कि मुकदमे के दौरान उसने वैकल्पिक आवास की तलाश करने की कोई कोशिश की और उसे प्राप्त करने में असमर्थ रहा। इसके अलावा, अदालत ने पाया, 'ऐसा कुछ भी रिकॉर्ड पर नहीं लाया गया, जिससे यह पता चले कि अपीलकर्ता के परिवार का व्यवसाय इतना बड़ा है कि वह प्रतिवादियों को मुकदमे की संपत्ति से बेदखल करने के उनके वास्तविक दावे को बेअसर कर दे।'



# प्लान बनाकर निर्धारित लक्ष्य के लिए आगे बढ़े तो सफलता जरूर मिलेगी

## प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग ले रही बेटियों को कलेक्टर ने दिये सफलता के टिप्स



**जागरण, सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने शनिवार को जिला बाल संरक्षण इकाई में प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग ले रही बेटियो को सफलता के लिए सफलता के टिप्स दिये। कलेक्टर ने यूपीएससी की सिविल सर्विस परीक्षा की तैयारी के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए स्वयं की आईएएस बनने की पूरी यात्रा के बारे में बालिकाओं को बताया कि कैसे उनके मन में इसकी परीक्षा को देने का विचार आया और किस तरह उन्होंने इसकी तैयारी की। यूपीएससी की तैयारी के लिए उन्होंने बताया कि सबसे पहले नोटिफिकेशन का गहनता से अध्ययन करें। सिलेबस और पुराने पेपर्स के आधार पर तैयारी करनी चाहिए। पढाई के दौरान एनसीईआरटी की किताबो के माध्यम से हमें अपना बेस मजबूत करना चाहिए। कलेक्टर ने बताया कि कम से कम किताबों का चयन कर उन्हें कई बार पढे। साथ ही स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कोई अच्छा न्यूज़ पेपर रोज पढें। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही बेटियों को प्रसार भारती एप के बारे में बताते हुए कहा कि इस एप के माध्यम से वर्तमान में घट रही घटनाओं की जानकारी संकलित की जा सकती है। जो परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अलावा भी कई तरह की ज्ञान वर्धक जानकारी इस ऐप में समाहित है। कलेक्टर ने छात्राओं को नोट्स बनाने तथा किताबों के चयन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जीवन में मेहनत और हिम्मत के माध्यम से बच्चों को बताया कि कैसे उन्हें जीवन में प्लान बी और प्लान सी को भी लेकर चलना चाहिए तथा जीवन में संतुष्टि का भाव उन्हें सार्थक जीवन जीने में कैसे मदद कर सकता है। वर्गीज कुली कुरियन तथा एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन दर्शन के माध्यम से उन्होंने बच्चों को आसान भाषा में समझाया तथा उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए हिम्मत और मेहनत का बहुत बड़ा योगदान है। प्लान बनाकर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़े। असफल होने पर निराश ना हो, बल्कि और अधिक परिश्रम के साथ पुनः प्रयास करें, सफलता जरूर मिलेगी। इस अवसर पर महिला बाल विकास अधिकारी सौरभ सिंह, सहायक संचालक श्यामकिशोर द्विवेदी सहित निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर रही छात्रायें उपस्थित रही।

## परशुराम जयंती पर 30 अप्रैल को निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

**बिरसिंहपुर।** नगर में इस बार आगामी आने वाले 30 अप्रैल को अक्षय तृतीय के पावन अवसर पर भगवान परशुराम की जयंती के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य कार्यक्रम व शोभायात्रा का आयोजन गैविनाथ शिव मंदिर प्रांगण में किया जाएगा जिसमें बिरसिंहपुर नगर के 84 गांवो से हजारों ब्राह्मण समाज एवं हिंदू समाज के लोग सभी एकत्रित होंगे आपको बता दें कि इस बार बिरसिंहपुर नगर में परशुराम की जयंती पर बहुत ही भव्य एवं विशाल कार्यक्रम किया जाएगा जिसमें 21 कालियों को जवारा भी निकाला जाएगा कार्यक्रम की शुरुआत में सुबह 9 बजे हवन पूजन उपरांत दोपहर के 12 बजे श्रीमद् जगतगुरु रोहिणीश्वर प्रपन्नाचार्य महाराज पुरानी लंका आश्रम चित्रकूट के मुख्य आतिथ्य में आयोजित विप्र सभा में मंचीय कार्यक्रम किया जाएगा इसके बाद दोपहर 2 बजे विशाल शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया जाएगा जिसमें लगभग दस हजार से अधिक विप्र बंधुओं के शामिल होने का अनुमान है आपको बता दे यह शोभायात्रा दोपहर 2 बजे शिव मंदिर से होकर अस्पताल चौक से होते हुए बिरसिंहपुर के में बस स्टैंड रामलीला मैदान पहुंचेगी यहां से मुख्य बाजार के रास्ते होते हुए गल्ला मंडी प्रांगण से पुनः गैवीनाथ शिव मंदिर पहुंचकर शोभा यात्रा का समापन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा अतः आप सभी विप्र बंधुओं समेत हिन्दू समाज के सभी लोग भगवान परशुराम जयंती के इस भव्य शोभायात्रा में ज्यादा से ज्यादा की संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में पुण्य लाभ अर्जित कर इस भव्य एवं विशाल कार्यक्रम का आनंद प्राप्त करे।

## ग्रामोदय के सफाई कार्यक्रम से स्वच्छ और सुंदर हुआ स्फटिक शिला घाट



**जागरण, सतना।** प्रत्येक शनिवार को चित्रकूट से प्रवाहित स्फटिक शिला घाट एरिया की सफाई के संकल्प को पूरा करने की श्रृंखला में आज महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के नेतृत्व में पर्यावरण पाठ्यक्रम के शोधार्थी और विद्यार्थी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षकों नगर परिषद के स्टाफ और स्थानीय नागरिको ने स्वच्छता और सफाई कार्यक्रम में श्रमदान किया। इस अवसर पर श्रमदानियों ने नदी में उपजे शैवाल पोलीथीन प्लास्टिकए विसर्जित मूर्तियों फेंकी गई पूजा अर्चना में प्रयुक्त सामग्री को बाहर निकाला। श्रमदानियों के इस कार्य की उपस्थित श्रद्धालुओं ने सराहना किया। इस मौके पर कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने सिंगल उपयोग प्लास्टिक से होने वाले नुकसानों के बारे में बताते हुए दुकानदारों एवं स्फटिक शिला में आए हुए श्रद्धालुओं को बताया कि प्लास्टिक न केवल भूमि को प्रदूषित करता है अपितु यह सालों उसी भांति भूमि पर पड़ा रहता है। कुलगुरु प्रो मिश्रा ने प्लास्टिक के उपयोग से फैलने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों एवं इसके दुष्प्रभावो के बारे में सभी को जागरुक करते हुए इसका उपयोग न करने का आग्रह किया। उन्होंने मंदाकिनी नदी में किसी भी प्रकार का कचरा न डालने का आग्रह किया। साथ ही स्फटिक शिला के दुकानदारों को कहा कि स्फटिक शिला को स्वच्छ बनाए रखना उनका भी दायित्व है। अस्तु उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि उनकी दुकान से निकला हुआ कोई भी अपशिष्ट मां मंदाकिनी नदी में न जाए बल्कि उसका ठीक तरीके से प्रबंध किया जाए। स्वच्छता कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ शशिकांत त्रिपाठी ए प्रो घनश्याम गुप्ताए राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई अधिकारी डॉ उमेश कुमार शुक्ला आदि ने स्वच्छता अभियान में शामिल लोगों को संबोधित किया।

## नवीन आपराधिक अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु 03 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**जागरण, सतना।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन एवम पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को विवेचना सम्बंधी दैनिक कार्यों में कुशल बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर के सभागार में नवीन अपराधिक कानून की 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यशाला का आज प्रथम दिन है। जिसका शुभारंभ पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के मार्गदर्शन एवम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ चंचल नागर के नेतृत्व में हुआ। प्रशिक्षण सत्र में जिला अभियोजन अधिकारी मैहर गणेश पाण्डेय के द्वारा नवीन आपराधिक कानून में हुए बदलाव ई एफआईआर व जीरो एफआईआर के पंजीकरण संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गईए इसके साथ ही विवेचना में होने वाली ऐसी त्रुटियों जिनका अभियोजन पर विपरीत प्रभाव पड़ता है तथा उसका लाभ आरोपी पक्ष को मिलता है उनको दूर करने के उपाय बताए गए। उक्त कार्यशाला में सीसीटीएनएस आईआईएफ फॉर्म्स ई साक्ष्य ऐप आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में निरीक्षक टीकाराम कुर्मी निरीक्षक रेनू मिश्रा एवम विभिन्न थानों से 40 पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## हिंदू पर्व समन्वय समिति का अभिनंदन समारोह 4 मई को



**जागरण, सतना।** हिंदू पर्व समन्वय समिति द्वारा रामनवमी पर्व पर आयोजित शोभायात्रा एवं श्री रामनवमी महोत्सव में सहयोग एवं सहभागिता करने वाले समस्त संगठनों का सम्मान आगामी 4 मई को अभिनंदन समारोह आयोजित कर किया जाएगा। अभिनंदन समारोह सरस्वती आवासीय विद्यापीठ के शंकर सभागार में अपरान्ह 11 बजे से प्रारम्भ होगा। अभिनंदन समारोह की तैयारी एवं श्री रामनवमी महोत्सव की समीक्षा हेतु आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार शाम केशव माधव गौशाला परिसर में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ गौमाता के पूजनए वैदिक मंत्रों के उच्चारण एवं श्रीरामजी की प्रतिमा समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर हिंदू पर्व समन्वय समिति के अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी संयोजक कमलजीत सिंह सेठी जितेंद्र जैन संयोजन समिति सदस्य उत्तम बनर्जी केशव माधव संस्थान के अध्यक्ष लखनलाल केसरवानी एवं योगेश ताम्रकार मंचासीन रहे। समीक्षा बैठक में संयोजन समिति सदस्य रामअवतार चमड़िया प्रदीप अवस्थी डॉ राकेश अग्रवाल सागर गुप्ता हेमचंद जायसवाल योगेश तिवारी चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। बैठक में विपिन सिंह ने विजय मंत्र एवं श्रीमती अंजलि पांडेय ने दीप मंत्र का वाचन किया। बैठक का संचालन अबीर द्विवेदी ने किया।

## नरवाई जलाने वाले किसान पर एसडीएम ने दर्ज कराई एफआईआर



**सतना।** नरवाई जलाने से हो रही बड़ी दुर्घटनाओं एवं आगजनी से गांव शेगाव साफ होने की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए रामपुर बघेलान अनुभाग्य अधिकारी आर.एन खरे ने पटवारी हल्का के प्रतिवेदन के अनुसार ग्राम खरवाही में पटवारी हल्का एवं चौकीदार के सूचना अनुसार नवाई जलते रगें हाथ कृषक रामचरण साहू पिता हीरालाल साहू निवासी खरवाही को कलेक्टर महोदय के निर्देशों का उल्लंघन करते पाए जाने पर रामपुर बघेलान थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

## जगन्नाथ चौक से बरगवां तक निर्मित ब्रिज अब आचार्य विद्यासागर ब्रिज के नाम से जाना जाएगा

**कटनी।** नगर स्थित जगन्नाथ चौक से बरगवां डन कालोनी तक निर्मित ओवर ब्रिज अब आचार्य विद्यासागर ब्रिज के नाम से जाना जाएगा। इसी प्रकार चाका से पीरबाबा तक मुख्य मार्ग का नामकरण पंडित अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग के नाम पर किया गया है। जबकि निगम परिषद की 17 जनवरी 2025 को संपन्न बैठक में कटनी साउथ स्टेशन का नाम रंगनाथ धाम स्टेशन किए जाने की सर्वसम्मति से प्रदान की गई। स्वीकृति के आधार पर निगमायुक्त नीलेश दुबे नें महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने का लेख किया गया है। आयुक्त द्वारा इस संबंध में सूचना भी जारी कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि निगम के जनप्रतिनिधियों द्वारा उक्त स्थलों का नामकरण किए जाने की मांग की गई थी। जिस पर 2 जुलाई 2024 को आयोजित निगम परिषद की बैठक में जगन्नाथ चौक से बरगवां डन कालोनी तक निर्मित ओवर ब्रिज अब आचार्य विद्यासागर ब्रिज और चाका से पीरबाबा तक मुख्य मार्ग का नामकरण पंडित अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग किये जानें की स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान की गई है।

## मैस्कॉट हॉस्पिटल में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मानसी कस्तवार ने महिलाओं को किया जागरूक

**जागरण, पन्ना।** पन्ना शहर के मैस्कॉट हॉस्पिटल में पदस्थ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मानसी कस्तवार ने कहा की स्त्री रोग डॉक्टर सलाह देते समयए वे महिला प्रजनन प्रणाली और संबंधित स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वे गर्भावस्थाए प्रसवए मासिक धर्मए प्रजनन क्षमताए और रजोनिवृत्ति से संबंधित समस्याओं का इलाज और प्रबंधन करते हैं। इसके अतिरिक्तए वे महिलाओं के लिए निवारक देखभाल और स्वास्थ्य शिक्षा भी प्रदान करते हैं। ज्ञात होकि डॉक्टर मानसी द्वारा जिला अस्पताल पन्ना से रेफर कई महिलाओं की सामान्य डिलेवरी कराने में सफलता प्राप्त की है। पीड़ित मरीज के परिजन मुलायम सिंह यादव निवासी बड़ागांव एवं प्रितपाल पटेल निवासी हनुमतपुर ककरहटी द्वारा बताया गया कि उनके घर की महिलाओं की डिलीवरी होना। जिला अस्पताल पन्ना की स्त्री रोग डॉक्टर से परामर्श किया जिन्होंने बताया किऑपरेशन से ही डिलीवरी संभव होगी। वहां की सेवाओं से संतुष्टि ना मिलने के कारण वह पन्ना शहर के मैस्कॉट हॉस्पिटल अपनी महिलाओं को लेकर पहुंचे जहां पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मानसी कास्तवार द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और देखा गया कि दोनों गर्भवती महिलाओं के बच्चे पूर्णता स्वस्थ हैं और सामान्य डिलीवरी होना मुमकिन हैए उन्होंने दोनों महिलाओं की समान डिलीवरी कराई बिना किसी सीजर ऑपरेशन के जिससे दोनों परिवार स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मानसी कस्तवार की उपचार व्यवस्था से काफी प्रसन्न दिखे। इसके साथ ही मरीज के पर्जन मुलायम सिंह यादव एवं प्रितपाल पटेल ने पन्ना जिले के लोगों से भी अपील करते हुए कहा है कि जब कभी भी आपको जिला अस्पताल पन्ना की महिला डॉक्टर सीजर ऑपरेशन की सलाह दे तो एक बार जरूर मैस्कॉट हॉस्पिटल की महिला विशेषज्ञ डॉक्टर मानसी कष्तवार से परामर्श जरूर करें क्योंकि उनका उपचार बेहद सराहनीय है। मैस्कॉट हॉस्पिटल मैं उपचार सुविधा भी बेहद सस्ती है उन्होंने बताया कि जीस तरीके से नॉर्मल डिलीवरी कराई गई है और उनका उपचार का शुल्क लिया गया है वह अन्य जिलों की अपेक्षा में आधे से भी काम लिया है। इसके लिए मैस्कॉट हॉस्पिटल के संचालक का भी उन्होंने आभार व्यक्त किया है।

**स्त्री रोग विशेषज्ञ से परामर्श क्यों करें**

**गर्भावस्था और प्रसवः** यदि आप गर्भवती हैं या गर्भावस्था की योजना बना रही हैंए तो स्त्री रोग विशेषज्ञ गर्भावस्था के दौरान होने वाली सामान्य और विशेष समस्याओं की देखभाल करते हैंए और प्रसव के दौरान सहायता करते हैं।

**मासिक धर्म संबंधी समस्याएं :** अनियमित मासिक धर्मए भारी रक्तस्रावए या दर्दनाक मासिक धर्म जैसे मुद्दों के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ से सलाह लेना महत्वपूर्ण है।

प्रजनन क्षमता : यदि आप गर्भधारण करने में कठिनाई का अनुभव कर रही हैंए तो स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रजनन क्षमता परीक्षण और उपचार प्रदान करते हैं।

**रजोनिवृत्ति :** यदि आप रजोनिवृत्ति के दौर से गुजर रही हैंए तो स्त्री रोग विशेषज्ञ हार्मोन संबंधी समस्याओं और अन्य लक्षणों का प्रबंधन करने में मदद करते हैं।

## आतंकी हमले के विरोध में रविवार को निकलेगी पाकिस्तान की ठठरी पूरा बाजार रहेगा बंद, मृत आत्माओं को दी जाएगी श्रद्धांजलि




**जागरण, दिगौड़ा।** टीकमगढ़ जिले के दिगौड़ा कस्बा में रविवार 27 अप्रैल की दोपहर 12 बजे जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 हिंदू पर्यटकों की निर्मम हत्या को लेकर विश्व हिंदू परिषदए बजरंग दलए सकल हिंदू समाज द्वारा पाकिस्तान की ठठरी ;अर्थीद्ध निकाली जाएगी। इसके साथ पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला दहन किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान दिगौड़ा कस्बा का पूरा बाजार बंद रहेगा। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल दिगौड़ा ने जानकारी देते हुए बताया है कि रविवार 27 अप्रैल की दोपहर 12 बजे से पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में उग्र प्रदर्शन रैली निकाली जाएगी। पाकिस्तान आतंकवाद का पुतला दहन किया जाएगा। अंबेडकर प्रतिमा के पास पुण्य आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान और आतंकवाद की ठठरी ;अर्थीद्ध किले के मैदान से बस स्टैंड तक निकाली जाएगी। इस दौरान दिगौड़ा कस्बा का पूरा बाजार दोपहर एक बजे तक बंद रहेगा। इस उग्र विरोध प्रदर्शन में दिगौड़ा सहित क्षेत्र के कई ग्रामों से बड़ी संख्या में युवा सहित सभी वर्ग के व्यक्ति भाग लेंगे। अंबेडकर प्रतिमा के पास पाकिस्तान आतंकवाद का पुतला दहन किया जाएगा।

## पहलगाम मारे गये दिवंगत आत्माओं को दी गई श्रद्धांजलि



**जागरण, सतना।** जीपी कार्यालय सतना में पहलगांव में हुए आतंकवादी हमले में निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में तथा दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित कि गई इसी तरह तहसील स्थित सत्र ध्राजस्व खंड मे कार्यरत एजीपी कार्यालयों मे भी उक्तानुसार समय पर अपने केंद्र स्थान मे एकत्रित एजीपीगण ने कर मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों मे रमेश मिश्रा जीपी सहित एजीपी उमेश शर्मा, राघवेंद्र सिंह रावेन्द्र सिंह, गिरजेश पाण्डेय, सुनील निगम, राजेश मिश्रा, कमलेश द्विवेदी सतना पंकज पटेल अमरपाटन राजेश मिश्रा बी के त्रिपाठी नागौद धर्मेंद्र सिंहए श्रीमती कल्पना सिंह मैहर है।

## सरल सहज, मिलनसार लोगों को न्याय दिलाने सबसे आगे रहने वाले टीकमगढ़ एसपी मनोहर मंडलोई



**जागरण, टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक मनोहर मंडलोई की जिले में कानून व्यवस्था स्थापित करना पहली प्राथमिकता रही है। इसमें छेड़छाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अराजक तत्वों के साथ पुलिस पूरी सख्ती से निपटेगी। दुर्जनों की सक्रियता का कोई भय नहीं हैए मुझे भय है तो सज्जनों की निष्क्रियता का। मतलब जब आम आदमी सक्रिय होगा तभी पुलिस अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण लगा सकेगी। यह बातें मीडिया से चर्चा के दौरान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने पुलिस कार्यालय में कही। कहा कि पुलिस का पहला कार्य है जनहित में कार्य करना है। शासन की भी यही पहली प्राथमिकता है कि आम आदमी को त्वरित न्याय मिले। इसके लिए जरूरी है कि जनता से पुलिस सीधा संवाद करे। पुलिस मित्र की भूमिका निभाए। कहीं से भी कोई सूचना मिले तो संबंधित पुलिसकर्मी उस पर त्वरित कार्रवाई करे पुलिस कप्तान भले ही अपने पुलिसकर्मियों से पीड़ित को त्वरित न्याय की उम्मीद लगाए हो लेकिन कुछ थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी अपनी दबंग भाषा शैली के चलते पीड़ित शिकायतकर्ता को भयभीत कर देते है जिससे शिकायतकर्ता क्या ही अपनी आप बीती बताए जब वह आप बीती नहीं बता पाएगा तो क्या खाकी उसे त्वरित न्याय मिलेगा। हाल ही में देख गया है की पुलिस कप्तान मनोहर सिंह मंडलोई हर एक मामले में गंभीरता दिखाते है और मौके पर पहुंचकर हर एक पहलू पर नजर डालते है। लेकिन कुछ थाना प्रभारी पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई को मानो टीआई और खुद को एसपी समझ रहे है। यह हम इसलिए कह रहे है क्योंकि वह एसपी की बात को भी मानो कुछ हदतक दरकिनार कर देते है। कई मामले ऐसे है जिनके निर्देशित करने के बाद भी थाना प्रभारी एसपी के निर्देश को प्राथमिकता की बजाय खुद की मनमानी को प्राथमिकता देते नजर आते है। अब देखना होगा कि क्या पुलिस कप्तान मनोहर सिंह मंडलोई ऐसे थाना प्रभारीयों को चिन्हित कर उन्हें सबक सिखाते है या फिर नहीं।

## रीवा ननि अध्यक्ष का हाल जानने अस्पताल पहुंचे विधायक विक्रम सिंह



**सतना।** रीवा स्थित प्रार्थना हॉस्पिटल में नगर पालिक निगम रीवा के अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय से रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह ने मुलाकात कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। और ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे पुनः जल्द स्वास्थ्य होकर अपने कार्य को सुचारू रूप से चला सके।

## एक साल से पानी की टंकी का ट्रांसफार्मर खराब पानी के लिए परेशान ग्रामवासियों ने दिया ज्ञापन

### 7 दिन में नया ट्रांसफार्मर नहीं रखा तो ग्रामीण करेंगे चक्काजाम



**जागरण, दिगौड़ा।** जतारा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पूनोल खास में पानी की टंकी का ट्रांसफार्मर पिछले एक साल से खराब हैए जिससे गांव में नलजल योजना के तहत पानी की सप्लाई बंद बनी हुई है। ग्रामवासी पीने के पानी के लिए भी परेशान हो रहे हैं। आज पूनोल खास के सरपंच कृष्णा देवी सहित ग्रामवासी अशोकए मोहनलालए देशराजए हरिश्चंद्रए मंगलए छंदीए राजकुमारए संतोषए ब्रजेशए रोहित सहित कई ग्रामवासियों ने कनिष्ठ अभियंता जितेंद्र दोहरे को गांव की पानी की टँकी के पास नया ट्रांसफार्मर रखवाने के लिए ज्ञापन दिया गया है। सरपंच सहित ग्रामवासियों ने कहा है कि यदि 7 दिनों के अंदर पानी की टंकी के पास ट्रांसफार्मर नहीं नहीं रखा गया तो समस्त ग्रामवासी चक्का जाम करने के लिए मजबूर हो जाएंगेए जिसका जिम्मेदार बिजली केंद्र दिगौड़ा व प्रशासन होगा। पूनोल गांव के ग्रामवासियों ने बताया है कि पूनोल खास में इस भीषण गर्मी के मौसम में पानी की बहुत ही गंभीर समस्या बनी हुई है। गांव के आसपास में कुआं भी नहीं है और गांव के हैंडपंपों में भी पानी नहीं आ रहा है। शासन की नलजल योजना के अंतर्गत गांव में टंकी का निर्माण हो चुका हैए परंतु पिछले एक वर्ष से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण गांव में नलों से पानी की सप्लाई बंद बनी हुई है। पानी की टंकी के पास से एक साल पहले विद्युत कर्मचारी खराब ट्रांसफार्मर को अपने साथ ले गए थे और कर्मचारियों द्वारा कहा गया था कि नया ट्रांसफार्मर रखवा दिया जाएगाए लेकिन आज तक पानी की टंकी के पास नया ट्रांसफार्मर नहीं रखवाया गया है जिसके कारण नलों में पानी नहीं आने से ग्रामवासियों को पानी की भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीण पिछले एक साल से बिजली केंद्र दिगौड़ा के चक्कर लगा रहे हैं और परेशान हो चुके हैं।

## योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का समाधान कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाये : केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार



**जागरण, टीकमगढ़।** केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री एवं टीकमगढ़ संसदीय क्षेत्र से सांसद डॉण् वीरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति ;दिशाद्ध की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर श्री विवेक चतुर्वेदीए सांसद प्रतिनिधि श्री अनुराग वर्माए टीकमगढ़ विधायक प्रतिनिधिए पृथ्वीपुर विधायक प्रतिनिधि सहित अन्य जनप्रतिनिधिए कलेक्टर श्री विवेक श्रोत्रियए जिला पंचायत सीईओ श्री नवीत कुमार धुर्वेए अपर कलेक्टर श्री पीएस चौहानए संयुक्त कलेक्टर श्री शैलेन्द्र सिंहए एसडीएम टीकमगढ़ श्री लोकेन्द्र सिंह सरलए एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्राए एसडीएम जतारा श्री संजय कुमार दुबेए डिप्टी कलेक्टर श्री एसके तोमर सहित संबंधित अधिकारी तथा समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में केन्द्रीय मंत्री डॉण् कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का समाधान कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि नल जल योजना के लिये निर्धारित लक्ष्य अनुसार कार्य करें।



UDYOG EVAM ROJGAR VARSH 2025
INVEST MADHYA PRADESH
INFINITE POSSIBILITIES
MPS@DC
INFOTECH ENGINE OF M.P.
देश का टेक्नोलॉजी हब
बनने की ओर अग्रसर मध्यप्रदेश
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश
टेक ग्रोथ
कॉन्क्लेव 2025
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के संकल्पों को
साकार करता मध्यप्रदेश
शुभारंभ
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश द्वारा
27 अप्रैल 2025 | सायं 5:00 बजे
ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर
अवसरों का प्रदेश
मध्यप्रदेश...
इन्वेस्टर फ्रेंडली नीतियां
• ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स पॉलिसी 2025
• ड्रोन प्रमोशन एवं यूसेज पॉलिसी 2025
• आईटी, आईटीईएस एवं ईएसडीएम इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी 2023
• एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी 2025
• सेमीकंडक्टर पॉलिसी 2025
टेक ईकोसिस्टम
15+ आईटी पार्क
5 आईटी सेज़
2000+ आईटी, आईटीईएस यूनिट
50+ बड़ी आईटी कंपनियां
1200+ टेक स्टार्ट-अप्स
200K+ रोज़गार के अवसर
2 टेक यूनिकॉर्न
फोकस क्षेत्र
आईटी-आईटीईएस
एवीजीसी-एक्सआर
ड्रोन प्रौद्योगिकी
ईएसडीएम और सेमीकंडक्टर
डाटा सेंटर
ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स
ipcell-mp@mpsedc.com | Website : mpsedc.mp.gov.in | #MPTechGrowthConclave2025 | #TechDestinationMP
सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @JansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन: म.प्र. माध्यम/2025
D- 11017/25

# खेत में शव मिलने से इलाके में फैली सनसनी, परिजनों ने कहा हुई है हत्या

जागरण, लवकुशनगर



थाना क्षेत्र के रजपुरवा गांव में सुबह खेत शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी, मृतक कि पहचान रवि राजपूत पिता चंदन राजपूत उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी ग्राम रजपुरवा के रूप में हुई मृतक के परिजनों ने गांव के ही लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है वहीँ मृतक के चेहरे और गले में चोट के निशान भी पाए गए,प्राप्त जानकारी अनुसार पुरानी रंजिश के चलते युवक को मौत के घाट उतार दिया, सूत्रों की माने तो मृतक के भाई ने बीते 4 वर्ष पूर्व गांव के ही राजपूत की गोलीमार हत्या कर दी थी जिसको लेकर मृतक उसका भाई और पिता जेल में बंद थे बीते कुछ ही दिनों पूर्व मृतक जेल से जमानत पर बाहर आया था जो 302 के अपराध में सजा काट रहा था। तो वही मृतक का पिता एवं भाई अभी भी 302 के केस में जेल में बंद है। युवक बीते रोज शाम से ही घर से लापता था। जिसका शव शनिवार की सुबह एक खेत में पड़ा मिला जहां पर एक पानी बोतल सहित शराब की बोतल मिली है जिसमें ऐसा प्रतीत होता है कि युवक कि शराब पिलाकर हत्या की गई है जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और एफएसएल टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

मामले में आरोपी के खिलाफ बीएनएस कि धारा 103 के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है आरोपी की तलाश जारी है जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

**थाना प्रभारी परसराम डाबर**

## लोको पायलट के घर सेंधमारी, चोरों ने उड़ाई ज्वेलरी और नकदी

**कटनी।** जिले के एनकेजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम केवलारी में चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। केवलारी निवासी रंजीत पटेल के सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाया और लाखों की ज्वेलरी व नकदी लेकर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार घर के सदस्य गर्मी के कारण छत पर सो रहे थे। गत देर रात चोरों ने मौका पाकर वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब परिजनों की आंख खुली तो घर का सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा मिला। चोरों ने अलमारी और पेटी को खंगालकर पूरा घर तहस नहस कर दिया। कुछ सामान खेत में बिखरा हुआ पाया गया जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोर लंबे समय तक घर में रहे और पूरी योजना के तहत चोरी की। बताया जा रहा है कि यह मकान किसी लोको पायलट का है और घर में शादी के चलते बड़ी रकम रखी गई थी। चोरी की कुल रकम लगभग 10 लाख रुपए आंकी जा रही है जिसमें दो सोने की अंगूठियां, दो सोने की चैन और नकदी शामिल हैं। इस पूरे मामले पर एनकेजे थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया जांच हेतु पलिस टीम मौके पर भेजी गई है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा लगभग कितने की चोरी हुई है। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय का माहौल है और पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

# कटनी प्रवास के दौरान महापौर निवास पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा

### विधायकों सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संगठन के पदाधिकारी रहे मौजूद



**कटनी।** कटनी प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो लोकसभा सांसद बी.डी.शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष, विधायकों, जनप्रतिनिधियों एवं संगठन के अन्य पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार शाम महापौर प्रीति संजीव सूरी के निवास पर पहुंचे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने महापौर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ शहर के विकास को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष बी.डी.शर्मा का शुक्रवार को कटनी आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने महापौर श्रीमती सूरी के निवास पर प्रभारी संगठन संजय साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, शहडोल जिला अध्यक्ष अमिता चपरा, विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक, बहोरीबंद विधायक प्रणय पाण्डेय, पूर्व जिला अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, रामरतन पायल, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ सुरेश सोनी, प्रवीण बजाज पप्पू भैया की मौजूदगी में शहर की आवश्यकता के अनुसार विकास कार्यों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए सभी से मुलाकात की। इस दौरान मुख्य रूप से पार्षद शकुंतला सोनी, सीमा श्रीवास्तव, शिब्बू साहू, डॉ.रमेश सोनी, गोविंद चावला, सुरेन्द्र गुप्ता, पूर्व पार्षद डब्बू रजक, अरुण बहलानी, संजू नाकरा, शैलेन्द्र असाटी, गोपाल गर्ग, जोगेश कनोडीया, नरेश अग्रवाल की मौजूदगी रही।

## विधायक की उपस्थिति में गर्भवती महिलाओं को बांटा गया पोषण आहार

**खजुराहो।** ग्राम उदयपुर में युग पुरुष स्वामी विवेकानंद एजुकेशनल एवं सोशल वेलफेयर सोसाइटी खजुराहो के तत्वावधान में मातृत्व संवर्धन अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर में 350 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार की थैली और साड़ी वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया शामिल हुए। अभियान की अगुवाई अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मंजू बांगड़ ने की। उनके साथ राष्ट्रीय समिति प्रभारी श्रीमती प्रेमा झंवर, प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सीमा झंवर, हरिगोविंद पांडे (सोसायटी अध्यक्ष), जे.पी. शर्मा (कोषाध्यक्ष), व अन्य सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता, स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. रवींद्र पुरोहित, डॉ. दीपिका सोनी, डॉ. नेहा अरजरिया व डॉ. भावना सोनी ने महिलाओं की जांच की।

# लघु उद्योग भारती के 32वें स्थापना दिवस पर सम्मान कार्यक्रम का आयोजन




**कटनी।** इकाई के द्वारा उद्यमिता विकास के सापेक्ष कॉलेज विद्यार्थियों को औद्योगिक परिसर भ्रमण करवा कर के उद्योग से संबंधित विभिन्न जानकारियां को साझा किया गया एवं उत्पाद निर्माण कार्य किस प्रकार किया जाता है इस विषय को भी विद्यार्थियों के बीच रखा गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए भीषण गर्मी के दौरान पक्षियों के लिए पानी एवं अनाज की व्यवस्था हेतु सकोरो का वितरण उद्यमियों को किया गया। कटनी जिला लमतरा इकाई के सक्रिय सदस्य वैभव अग्रवाल जी के औद्योगिक परिषर तपस्या कैल्सीनेशन एण्ड मिनरल्स पर विद्यार्थियों के लिए उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्यमिता विकास कार्यक्रम के साथ साथ ही वरिष्ठ उद्यमी सम्मान भी किया गया। वरिष्ठ उद्यमीयो में दशरथ प्रसाद अग्रवाल, प्रतिष्ठान तपस्या कैल्सीनेशन एण्ड मिनरल्स प्रकाश कुमार कोटक, प्रतिष्ठान रुद्राक्ष इंडस्ट्री रघुनंदन गोयल, प्रतिष्ठान सांवरिया वेयरहाउस शिक्षिका सुश्री साक्षी राय का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता का पूजन कर एवं पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए भारतीय नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर हुई। संचालन शहर एवं मंडी इकाई कोषाध्यक्ष राहुल जैन के द्वारा किया गया। महाकौशल अंचल सचिव हरि सिंह भदौरिया के द्वारा विद्यार्थियों एवं उद्यमीयो के बीच संगठनात्मक कार्य किस प्रकार किए जाते हैं इस विषय को रखा गया। लघु उद्योग भारती प्रदेश महामंत्री अरुण सोनी के द्वारा विद्यार्थियों को उद्यमिता की ओर किस प्रकार बडें विषय पर व्याख्यान दिया गयाए एवं कटनी शहर के विकास में उद्यमियों के योगदान विषय को भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के अंत में लमतरा इकाई अध्यक्ष समीर सेठिया द्वारा सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया एवं मुख्य अतिथि एवं उद्यमीजनों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में महाकौशल आंचल कार्यकारिणी सदस्य मुरलीधर रतनानी लमतरा इकाई से सचिव ईशान जैन, अंकित गोयल, ऋषभ खंडेलवाल, कपिल प्रथ्यानी, विकास प्रथ्यानी, शहर एवं मंडी इकाई से अध्यक्ष अमित सिंघाई, सचिव नीलेश विश्वकर्मा, रामहित सोनी, बरगवां अमकुही इकाई सचिव मनीष सिंह के साथ अन्य उद्यमियों की उपस्थिति रही।

## भारत स्वाभिमान के राज्य प्रभारी का कटनी प्रवास

**कटनी।** योग की अलख जगाने भोपाल से कटनी प्रवास पर आये प्रांतीय प्रभारी करण सिंह पवार द्वारा कटनी पहुंचकर पतंजलि योग समिति के सभी संगठन प्रभारियों के साथ बैठक कर जिला, तहसील प्रभारीयों, योग शिक्षकों, महामंत्रीयों, कोषाध्यक्षओं एवं चारों संगठन के जिला प्रभारीयों की आवश्यक बैठक लेकर योग को घर-घर तक पहुँचाने हेतु तरह-तरह के टिप्स उपस्थित जनों को दिये। राज्य कार्यकारणी के सदस्य अभिलाष सिंह गौतम और सह राज्य प्रभारी युवा भारत लखन साहू की उपस्थिति में आयोजित बैठक में प्रान्त प्रभारी द्वारा मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों को धरा पर अमली जामा पहनाने की जिम्मेदारी पतंजलि योग पीठ से जुड़े सभी सदस्यों को सौंपते हुए योग को स्वास्थ्य जीवन जीने की कला का पर्याय बताये। योग को गांव गांव और घर घर तक पहुँचाने में तमाम बाधाओं को दूर कर आवश्यक कारगर सूत्रों से सभी को अवगत कराते हुए इसे क्रांति का रूप देने का आह्वान किये।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक/312/विशेष विवाह/2025 रीवा, दिनांक 24/04/2025

**इश्तहार**

आवेदक गौरव सिंह तनय स्व. आनंद सिंह उम्र-30 वर्ष, निवासी-ग्राम-पथरहा, पो. सिलपरी, थाना व तहसील- मनगवा, जिला - रीवा (म.प्र.) आवेदिका अर्पिता सिंह पिता श्री अवधेश सिंह, उम्र- 26 वर्ष निवासी - वार्ड क्र. 7, मढ़ीकला, थाना व तहसील- मनगवा, जिला- रीवा (म.प्र.) के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, समग्र आईडी, वोटर आईडी एवं 100/-रू. चालान प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है।

अत: उक्त विवाह अनुष्ठान के सम्बंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वत: अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

पेशी दिनांक- 28.05.2025

विवाह अधिकारी
जिला रीवा ( म.प्र. )

RN. 82227

## पुलिस ने रात्रि भ्रमण के दौरान अवैध पिस्टल कट्टा सहित 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**छतरपुर।** छतरपुर पुलिस द्वारा अवैध हथियार के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अवैध हथियार जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। सोशल मीडिया में अवैध हथियार का प्रदर्शन करने वाले आरोपियों के विरुद्ध भी कार्यवाही की जा रही है। हथियारों के स्रोत संबंधी जानकारी एकत्र कर संलिप्त अपराधियों की धर पकड़ की जा रही है। विगत दिनों में छतरपुर जिले में करीब 300 से अधिक आरोपी एवं माह अप्रैल में 35 से अधिक आरोपी अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किए गए हैं। थाना कोतवाली पुलिस को रात्रि रोड पेट्रोलिंग के दौरान कानपुर सागर रोड गुरुद्वारे के पास गली में अवैध हथियार संबंधी सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। गली में दो चार पहिया वाहन स्कार्पियो एवं बलेनो कर खड़ी थी जिम दो दो व्यक्ति सवार थे। संदेह के आधार पर दोनों गाड़ियों में सवार चारों व्यक्तियों एवं वाहन की तलाशी ली गई। स्कॉर्पियो वाहन में सवार पिस्टल के आरोपी ,वरुण राज दीक्षित पिता सुनील शरण दीक्षित निवासी खेल ग्राम के पास सागर रोड छतरपुर, राकेश ओमरे पिता मनोहर लाल ओमरे निवासी वार्ड क्रमांक 4 शंकरगढ़ खजुराहो,के पास से 315 बोर का पिस्टल एवं कारतूस बरामद किए गए। बलेनो कार में सवार डबल बैरल कट्टा के आरोपी, संदीप मलिक पिता सुमेरा मलिक निवासी नई बस्ती महोबा रोड छतरपुर, विजय विश्वकर्मा पिता बाबूलाल विश्वकर्मा निवासी ग्राम मनिया थाना राजनगर हाल राजनगर के पास से डबल बैरल 315 बोर का देशी कट्टा बरामद किया गया। उक्त अवैध हथियार पिस्टल एवं डबल बैरल कट्टा, स्कॉर्पियो एवं बलेनो कार 2 चार पहिया वाहन जप्त कर गिरफ्तार किया गया। थाना कोतवाली में उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अवैध हथियार पिस्टल एवं कट्टा के स्रोत से संबंधित आरोपी तौफीक खान निवासी टोरिया मोहल्ला की तलाश की जा रही है।

# आतंकवादी हमले के विरोध में अभाविप का विरोध प्रदर्शन एवं श्रद्धांजलि सभा



**जागरण, कटनी।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कटनी नगर द्वारा एकत्र होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिषद कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद के विरुद्ध अपने आक्रोश को मुखर किया। अभाविप के जिला संयोजक ऋ षभ त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिषद के कार्यकर्ता तथा समाज के जागरूक नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और देश में आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम कटनी के सुभाष चौक हुआ जिसमें विभाग संयोजक सीमांत दुबे, नगर मंत्री संजय कुशवाहा सहित विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा एवं अखंडता के समर्थन में अपना संकल्प दोहराया। अभाविप का यह प्रदर्शन देश की एकता, शांति और आतंकवाद के खिलाफ जनजागरण के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

**नाम सुधार सूचना**

मैं ओम प्रकाश द्विवेदी निवासी ग्राम, पो. परिहारिन पूर्वा, तह. जवा जिला रीवा (म.प्र.) का हूं। मैं कथन करता हूं कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवस मेरे पुत्र का नाम देवव्रत द्विवेदी (Devvart Dwivedi) अंकित हो गया है। जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अन्य दस्तावेज अंकसूची एवं जन्म प्रमाण-पत्र में प्रचलित नाम प्रजल दुबे (Prajal Dubey) दर्ज है जो पूर्णतया सत्य है। अर्थात मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड में सही नाम प्रजल दुबे (Prajal Dubey) कराना चाहता हूं जो पूर्णतया सत्य है। अतः मेरे पुत्र के आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम देवव्रत द्विवेदी (Devvart Dwivedi) की जगह प्रजल दुबे (Prajal Dubey) दर्ज किया जाए एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

RN- 82228

ओम प्रकाश द्विवेदी

Government of Madhya Pradesh
Higher Education Department,
**Government Girls P.G. College, Rewa-486001, Dist. Rewa M.P.**
Email address: heggpgcrew@mp.gov.in

**Tender Notice:**
**NIT No: 02/GGPGC/RFQ/2024-25/ICT Equipment-Rewa**

Government Girls P.G. College, Rewa-486001, Dist, Rewa, Madhya Pradesh invites Request for Bid for Procurement of Goods-Supply, Installation, Testing, Commissioning of ICT Equipment on Turn key basis bid proposal to College.

Interested bidder sare requested to view the mptender.gov.in e-Portal for the Bid information from 11-04-2025 onwards. Last date of Submission on 12-05-2025. This tender Notice Information will also be Available on https://www.highereducation.mp.gov.in/

Principal
Govt. Girls P.G. College, Rewa.
Higher Education Department

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

# मिशाल कायम कर रहे कटनी शहर के युवा रक्तदाता

### कटनी ब्लड डोनर सोसायटी के रक्तदान से सैकड़ों मरीजों को मिला जीवनदान

**कटनी।** जहां आज के दौर में अधिकांश युवा सोशल मीडिया और तकनीक में व्यस्त रहते हैं वहीं कटनी ब्लड डोनर सोसायटी के युवा सदस्य समाज के लिए एक उदाहरण बन रहे हैं। यह समूह न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान करता है, बल्कि रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का बीड़ा भी उठा चुका है। कटनी ब्लड डोनर सोसायटी के इन युवाओं की सेवा भावना आज के समाज के लिए प्रेरणादायक है। ये युवा यह संदेश दे रहे हैं कि जब तक हमारे बीच ऐसे लोग मौजूद हैं तब तक इंसानियत जिंदा है। समाजसेवी टीनू सचदेवा ने बताया कि यह संस्था निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि यह कोई औपचारिक संगठन नहीं, बल्कि मानवता की सेवा के लिए समर्पित युवाओं का स्वप्रेरित समूह है। इनका उद्देश्य केवल रक्त उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि किसी मरीज की जान केवल इस कारण न जाए कि समय पर रक्त न मिल पाया। रक्तदान के लिए तत्पर रहता है ग्रुप। इस सप्ताह भी जब जिला अस्पताल में एक मरीज को तुरंत रक्त की आवश्यकता पड़ी तो सूचना मिलते ही ग्रुप के सदस्य सौरभ जूश्ती, जय शीतलानी, वीरू सितपाल, संचित जैन, शिवा सैनी और अंकित तिवारी बिना किसी विलंब के अस्पताल पहुंचे और रक्तदान किया। इन सभी युवाओं ने पहले भी कई बार रक्तदान कर मरीजों को नया जीवन दिया है। इन युवाओं का मानना है कि रक्तदान केवल एक सेवा नहीं, बल्कि एक संस्कार है। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों को रक्तदान के फायदे बताए और यह भी समझाया कि एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है, जिससे किसी अनजान व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। रक्त की कमी से न हो कोई हानि यही है उद्देश्य। कटनी ब्लड डोनर सोसायटी का मानना है कि अगर प्रत्येक नागरिक वर्ष में केवल एक बार भी रक्तदान कर दे, तो देशभर में रक्त की कभी भी कमी नहीं होगी। इस सोच के साथ यह समूह हर कॉल पर सक्रिय रहता है और अब तक जिले में सैकड़ों मरीजों को रक्त उपलब्ध करा चुका है। टीनू सचदेवा ने बताया कि आगामी समय में वे रक्तदान शिविर आयोजित करेंगे, ताकि दूरदराज के लोग भी इस सेवा का हिस्सा बन सकें। साथ ही युवाओं को जोड़ने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में विशेष अभियान चलाया जाएगा।

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: JHS-N-W-18-25 | दिनांकः 24.04.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नामः** प्रोविशन ऑफ एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन विथ इम्प्रूवमेंट ऑफ वेरियस याई इन BINA-VGLJ सेक्शन अंडर ADEN/LAR (17 याई)।

**कार्य लागत लगभग :** ₹ 26643216.76 | **धरोहर राशि :** ₹ 283200/-

**निविदा प्रपत्र का मूल्यः** Nil | **निविदा खुलने की तिथिः** 16.05.2025 Time 15.00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 12 माह

निविदा दिनांक **16.05.2025 को 15:00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T)** पर देखें। **722/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**लेकसिटी हॉस्पिटल**
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.)
LAKECITY HOSPITAL CARING PARTNERS
e-mail: lakecityhospital@gmail.com | www.lakecityhospital.net
www.youtube.com/dranandjayantkale
+91 9111933376, +91 95229 69980
जले मरीजों के विकृतियों (contracture) जैसे हाथों की उंगलियों का टेढ़ापन, अंगूठे का चिपकना, कलाई में विकृति, कोहनी का चिपकना, कंधे का चिपकना, गर्दन का चिपकना, पैरों की उंगलियों के विकार, टखने का चिपकना, घुटने का चिपकना, इत्यादि के ऑपरेशन/प्लास्टिक सर्जरी
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस.,एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
जन्मजात कटे होंठ तालू के मुफ्त ऑपरेशन
Smiletrain योजना के अंतर्गत 3000 से ज्यादा सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं
SmileTrain
जन्म से कटे होंठ और कटे तालु के मुफ्त ऑपरेशन
• जले मरीजों का इलाज मुफ्त
• जले मरीजों के विकार, विकृतियों के आपरेशन मुफ्त
ReSurge INTERNATIONAL
जले मरीजों के विकारों के आपरेशन मुफ्त ऑपरेशन
जले मरीजों के विकार विकृतियों के चिन्हित ऑपरेशन रीसर्ज के अंतर्गत नि:शुल्क किए जा रहे हैं

**ट्यूशन हेतु शिक्षक की आवश्यकता है**
कक्षा 10वीं सीबीएसई (गणित) अंग्रेजी माध्यम।
पता:- बुलेट एजेंसी के सामने मेन रोड रतहरा रीवा,
मो. न. 9993217514, 8839450252 (आरएन. जीएम सर 02/05)

**लोन**
लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

## कियोस्क बैंक में नकली नोट जमा करने पहुंचा युवक

**छतरपुर।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित सटई रोड पर संचालित बैंक ऑफ बड़ौदा की कियोस्क शाखा में शुक्रवार सुबह नकली नोट मिलने से हड़कंप मच गया। बैंक में एक व्यक्ति 50-50 के नोटों की गड्डी लेकर जमा कराने पहुंचा, लेकिन बैंक कर्मचारियों को शक हुआ और जब उन्होंने नोट चेक किए, तो सभी नकली निकले। मामला सामने आने पर कर्मचारी ने तुरंत पैसे जप्त कर पुलिस को सूचना दी, जबकि ग्राहक मौके से रफूचक्कर हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10 बजे प्रेमचंद पिता महादेव कुशवाहा निवासी टटम, थाना महाराजपुर 4000 रुपये लेकर बैंक पहुंचा था। वह 50 रुपये के कुल 80 नोट लेकर आया और उन्हें अपने बेटे के बैंक खाते में जमा कराने की बात कहने लगा। काउंटर पर बैठे बैंक कर्मचारी अमित साहू को नोटों की बनावट पर शक हुआ। उन्होंने जांच की तो सभी नोट नकली पाए गए। अमित साहू ने बताया कि जब उन्होंने प्रेमचंद से पैसे के बारे में पूछताछ की तो उसने बताया कि वह गुरुवार रात छतरपुर किसी शादी में निमंत्रण देने आया था। शादी घर में है, इसलिए खुले पैसों की जरूरत थी। इस दौरान उसने छतरपुर में ही एक रिक्शा चालक से 4000 रुपये के खुले पैसे लिए थे। इसके बाद बैंक स्टाफ ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और इसी बीच प्रेमचंद नोट वहीं छोड़कर फरार हो गया। थोड़ी देर में सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और नकली नोटों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी बाल्मीक चौबे ने बताया कि वे किसी जरूरी काम से बाहर हैं, लेकिन टीम को भेज दिया गया है। जल्द ही आरोपी की तलाश की जाएगी और यह भी जांच की जाएगी कि नोट कहां से आए और क्या इसमें किसी गिरोह का हाथ है।

**कार्यालय नगर परिषद् बिलहरा, जिला सागर (म. प्र.)**

E-Mail-cmobilhara@mpurban.gov.in

क्र./779/न.प./2025 बिलहरा दिनांक 25/04/2025

**द्वितीय ऑनलाईन निविदा**

नगर परिषद बिलहरा के द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाईन परसेंटेज रेट पर निविदायें आमंत्रित की जाती हैं:-

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि | अमानत राशि | कार्य की अवधि | निविदा प्रपत्र की कीमत | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_419441_1 | नगर परिषद बिलहरा में मुख्यमंत्री अधोसंरचना चतुर्थ चरण अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01, 04, 05, 06, 07, 11, 12, 13 एवं 15 में विभिन्न स्थानो पर सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 1,71,58,276/- | 85,800/- | 6 माह | 12,500 | सक्षम श्रेणी |

1. टेण्डर डाक्यूमेंट दिनांक 26.04.2025 समय सुबह 10:30 से दिनांक 14.05.2025 समय शाम 05:30 तक सिर्फ ऑनलाइन वेबसाइट https://mptenders.gov.in द्वारा Directorate Urban Administration and Development के अंतर्गत क्रय एवं जमा किये जा सकते है।
2. निविदा की विस्तृत जानकारी व शर्तें वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर जाकर देखी जा सकती है।
3. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर सिर्फ ऑनलाइन वेबसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं।

अध्यक्ष
नगर परिषद बिलहरा
जिला सागर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बिलहरा
जिला सागर

# गौवंशों के संरक्षण एवं संवर्धन में जुटे हैं कलेक्टर



जागरण गौवंश

## जिले में चलाया जा रहा है गौवंश संरक्षण अभियान

### प्रशासन की साझेदारी से चलेगी जनता की मुहिम



जागरण, सीधी

जिले में गौवंश संरक्षण अभियान कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। 30 मार्च 2025 से शुरू यह अभियान 30 जून 2025 तक सीधी जिले में चलेगा। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गौवंश संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य जिला प्रशासन तथा जिले के जन प्रतिनिधि, समाज की जन भागीदारी के माध्यम से गौवंश का संरक्षण तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाया जा सके। यह अभियान समाज और प्रशासन की साझेदारी से जन आंदोलन बन जाए तथा गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु आवश्यक कार्य हों इसके लिए कार्ययोजना की शुरुआत हुई है। अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति, उपखंड स्तरीय समन्वय समिति तथा ग्राम पंचायत स्तर क्रियान्वयन समिति का गठन हो चुका है। जिसमें संबंधित विभाग राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पशु चिकित्सा सेवा, जिला नगरीय विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा, जन संपर्क विभाग तथा जन भागीदारी की जिला स्तरीय महती भूमिका रहेगी। जिला निगरानी समिति का दायित्व है कि ऐसे स्थल का चयन कर समीक्षा की जाए। जहां निराश्रित गौवंश की वजह से दुर्घटना की स्थिति संभावित होती है। गौशाला संचालक हेतु इच्छुक संस्थाओं से अभिरुचि प्राप्त कर खंड स्तरीय समिति की अनुशंसा के आधार पर गौशाला के संचालन के लिए प्रभावी एजेंसी का चयन किया जाएगा। 15 मई तक गौ संवर्धन बोर्ड में गौशालाओं को पंजीकृत किया जाएगा। पशु संरक्षण हेतु जन भागीदारी से विशेष पहल कर सांसद, विधायक निधि, सीएसआर फंड, धार्मिक संगठनों तथा जन समुदाय से आर्थिक सहयोग प्राप्त कर अभियान को सफल बनाया जाएगा। इसी तरह उपखंड स्तरीय समन्वय समिति के कार्य दायित्व में गौशाला निर्माण और संचालन की सतत निगरानी, अनुभाग क्षेत्र अंतर्गत निराश्रित गौवंश का चिन्हांकन कर समुचित कार्य व्यवस्था सुनिश्चित कराना जिससे एक भी गौवंश की दुर्घटना घटित न हो। इसके लिए समय-सीमा 30 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है।

### ग्राम पंचायत क्रियान्वयन समिति का गठन

गौवंश संरक्षण अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर निराश्रित गौवंशों के संरक्षण तथा सड़क दुर्घटनाओं में बचाव हेतु ग्राम पंचायत क्रियान्वयन समिति का गठन किया गया है। समिति में सरपंच/उप सरपंच अध्यक्ष, सचिव/ग्राम रोजगार सहायक सचिव, समस्त पंच सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका सदस्य, शिक्षक सदस्य, जन अभियान परिषद के मैदानी कार्यकर्ता सदस्य, जल दूत स्व-सहायता समूह की सीआरपी सदस्य, मनरेगा के मेट सदस्य, गौवंश के संरक्षण हेतु रखने वाले युवा सदस्य हैं। ग्राम पंचायत क्रियान्वयन समिति का कार्य दायित्व है कि गौवंश के संरक्षण हेतु गौवंश पालकों को जागरूक करना तथा लावारिश गौवंशों का चिन्हांकन किया जाए। ग्राम सभा के माध्यम से ग्राम सभा में लावारिश पशु छोंड़ने वाले व गौवंशकों पर अर्थदंड का प्रावधान किया जाए। यदि समझाइस के बाद भी गौवंश लावारिश पाए जाते हैं तो अर्थदंड अधिरोपित किया जाए। निराश्रित गौवंश की समुचित देख-रेख व्यवस्था की जाए। ग्राम पंचायत स्तर पर जल संरक्षण एवं गौवंश संरक्षण हेतु जन जागरूकता रैली तथा व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार 30 अप्रैल तक करना था। दीवारों पर स्लोगन लिखवाने का कार्य 30 अप्रैल 2025 तक किया जाए। निर्मित गौशालाओं एवं गौ-अभ्यारण्य में स्थानीय जन समूह से आर्थिक सहयोग प्राप्त कर गौशालाओं का बेहतर क्रियान्वयन कराना है।

### ग्राम पंचायत स्तर पर होंगे व्यापक कार्य

राज्य शासन के निर्देशानुसार गौवंश संरक्षण अभियान अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जिले में महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत निर्मित समस्त गौशालाओं एवं गौ-अभ्यारण्य को पूर्ण करने हेतु क्रियान्वयन एजेंसी कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा तथा ग्राम पंचायतों के द्वारा अभियान अंतर्गत सतत रूप से निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण कर कार्य पूर्ण कराएंगे। जनपद/ग्राम पंचायतों/उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग को गौवंश संरक्षण अभियान को ग्राम पंचायत स्तर तक व्यापक प्रचार-प्रसार कर क्रियान्वयन का दायित्व निष्पादन करेंगे। ग्राम पंचायत स्तर पर यदि गौवंशों के संरक्षण के लिए व्यापक कार्य पूर्ण हो जाएंगे तो गौवंशों से दुर्घटनाएं नहीं होंगी। इसके लिए सीधी जिले में सीधी-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग, सीधी-सिंगरौली राष्ट्रीय राजमार्ग, सीधी-मड़वास राजमार्ग, सीधी-व्यौहारी राजमार्ग, सीधी-मऊगंज, बहरी-हनुमना राजमार्ग में सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं होती हैं।

# ऑटो पलटी, दर्जन भर बाराती घायल, 4 गंभीर



## सेमरिया थाना के माटा मार्ग में हुआ भीषण सड़क हादसा

जागरण, सीधी

बारातियों से भरी एक आटो के तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर पलटने से दर्जन भर बाराती घायल हो गये। देर रात सेमरिया थानांतर्गत माटा मार्ग में हुये सड़क हादसे की सूचना मिलते ही सेमरिया थाना एवं बम्हनी चौकी पुलिस एंबुलेंसों के साथ मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरिया पहुंचाया गया। यहां डाक्टरों के न होने पर समाजसेवी प्रभात वर्मा ने अस्पताल पहुंचकर स्वास्थ्य कर्मियों से प्राथमिक उपचार कराया। गंभीर रूप से घायल 4 बारातियों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल शुक्रवार की रात ग्राम बरहाई से आटो में बारात धनहा गांव जा रही थी। कुशमहर एवं माटा के बीच सरपहा में तेज रफ्तार आटो पुल की चढ़ाई में अनियंत्रित होकर रात करीब 10 बजे पलट गया। आटो के पलटते ही घायलों की चीख पुकार सुनाई देने लगी। उक्त आटो के पीछे दूसरा आटो भी बारातियों को लेकर चल रहा था। सभी घायलों को आटो से बाहर निकाल कर घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरिया पहुंचाया। सेमरिया से रात करीब 11 बजे रेफर किए गए घायलों में लखपति सिंह, सेवई सिंह, सुखलाल सिंह, रणदमन सिंह शामिल हैं। घायल राम कुमार सिंह ने बताया कि उनके साथ अन्य घायलों का उपचार सेमरिया अस्पताल में किया जा रहा है। सेमरिया पुलिस द्वारा हादसे की विवेचना की जा रही है।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## थोक सब्जी एवं फल मंडी का जल्द होगा लोकार्पण



**जागरण, सीधी।** शहर के बाईपास मार्ग के जोरौंधा में नवीन सब्जी मंडी स्थल के प्रथम फेस का प्रारंभिक निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। अब इसके लोकार्पण की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी तारतम्य में आज व्यापारी संघ के अध्यक्ष लालचंद गुप्ता, वरिष्ट अधिवक्ता विनोद वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती मिनी अग्रवाल, सब्जी फल मंडी एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित गुप्ता एवं नगर पालिका के अधिकारियों ने आज नवीन सब्जी मंडी स्थल का निरीक्षण कर लोकार्पण की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। बताते चलें कि पिछले पांच वर्षों से खुले मैदान में मौसम की मार झेल रहे थोक सब्जी के व्यापारियों को जल्द राहत मिलेगी।

## टाटा कॉलेज सीधी में उत्कृष्ट छात्रों का सम्मान समारोह संपन्न



**जागरण, सीधी।** टाटा कॉलेज सीधी में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कर शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक क्षेत्रों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लालमणि सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता सीधी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता आरबी सिंह संचालक टाटा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूसन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीईओ डॉ. एके द्विवेदी तथा डॉ. राजेश वर्मा उपस्थित रहे। कॉलेज के प्राचार्य राघवेन्द्र द्विवेदी, डॉ. देवेंद्र सिंह अकादमिक डीन सौरभ सिंह सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कुं. खुशी सिंह एवं अंकुश सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों एवं आयोजक मंडल के द्वारा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।

## कॉम्बिग गश्त में 40 आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, सीधी।** सीधी पुलिस का अपराधी विरोधी धर पकड़ अभियान लगातार जारी है। साप्ताहिक कॉम्बिग गश्त में सीधी पुलिस नें 40 आरोपियों को गिरफ्तार कनर 25 गुण्डा बदमाश व 20 निगरानी बदमाशों को चेक कर चेताया कि भविष्य मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों से दूर रहें। पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं समस्त अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन एवं समस्त थाना/चौकी के थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में दिनांक 25-26 अप्रैल 2025 के दरम्यानी रात जिले भर में विशेष अभियान चलाकर 7 स्थाई वारंट एवं 33 गिरफ्तारी वारंट कुल 40 वारंट तामील किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हैं। साथ ही गस्त के दौरान 25 गुण्डा बदमाश एवं 20 निगरानी बदमाशों को कांबिंग गस्त के दौरान चेक कर भविष्य में अपराध कारित न करने की हिदायत दी गई है। कॉम्बिग गश्त में थाना कोतवाली ने 2 स्थाई वारंट एवं 5 गिरफ्तारी वारंट, थाना जमोड़ी ने 4 गिरफ्तारी वारंट, थाना चुरहट ने 1 गिरफ्तारी वारंट व 5 स्थाई वारंट, थाना रामपुर नैकिन ने 1 स्थाई वारंट एवं 3 गिरफ्तारी वारंट, थाना कमर्जी ने 3 गिरफ्तारी वारंट, थाना अमिलिया ने 2 स्थाई तथा 6 गिरफ्तारी वारंट, थाना बहरी ने 1 स्थाई व 2 गिरफ्तारी, थाना मझौली ने 4 गिरफ्तारी वारंट तथा थाना कुसमी ने 1 गिरफ्तारी वारंट तामील करते हुए आरोपियों को गिरफ्त मे लिया है। सीधी पुलिस द्वारा सप्ताह में कम से कम एक बार फरार आरोपियों के धर पकड़ एवं गुंडा-निगरानी बदमाश के तलाशी हेतु कॉम्बिग गश्त अभियान चलाया जाता है, जिसमे विभिन्न अपराधों जैसे हत्या/लूट/डकैती/मारपीट /आबकारी आदि जैसे अपराधों के प्रकरणों मे जो आरोपी न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुए है, उनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थाई/गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।

## तूफान से तबाही, किसानों एवं व्यापारियों को हुई क्षति



**जागरण, मझौली।** शनिवार 26 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से रुक-रुक कर उठ रही चक्रवर्ती तूफान क्षेत्र में तबाही मचा दी। अचानक उठी यह तूफान न केवल किसानों की फसल को उड़ाते हुए नुकसान पहुंचा परेशानी बढाई दी है, बल्कि छोटा व्यवसाई जो टपरे, झोपड़िया में चाय-पान की एवं खाने-पीने की दुकान खोल रखी थी जिनको भी नुकसान पहुंचाते हुए परेशानियों में डाल दिया है। वहीं शादी विवाह के आयोजन में लगाए गए टेंट व्यवसाईयों को भी भारी नुकसान हुआ है। फिलहाल इस तूफान से खबर लिखे जाने तक अभी किसी भी प्रकार की घटना दुर्घटना की खबर नहीं है लेकिन किसानों, छोटे व्यापारियों एवं टेंट संचालकों का काफी नुकसान उठाना पड़ा है।

RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI

Admission open for session 2025-26 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
|---|---|---|
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi
Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068

# मप्र शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई कुसमी की हुई बैठक

## जिला कार्यकारिणी द्वारा शिक्षकों का किया गया सम्मान




जागरण, सीधी

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला सीधी के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर तिवारी एवं विकासखंड सीधी के अध्यक्ष कुमुद पाण्डेय ने दिनांक 25 अप्रैल 2025 को ब्लॉक इकाई कुसमी की नवीन कार्यकारिणी गठन और वर्ष 2025-26 की सदस्यता के लिए पीएमश्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल केंद्र टमसार में शिक्षकों के साथ बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य रामपाल सिंह के द्वारा की गई। सर्वप्रथम मां वीणा वादिनी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर सरस्वती वंदना के साथ बैठक का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के उद्बोधन में जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय द्वारा मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के रीति नीति एवं कार्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संघ प्राथमिक से महाविद्यालय, विश्वविद्यालय स्तर तक के समस्त शासकीय अशासकीय शिक्षकों का संघ है जो अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ दिल्ली से संबद्ध है। आज तक जो भी अध्यापक संवर्ग या शिक्षकों को लाभ मिला है और समस्याओं का समाधान हुआ है। वह केवल शिक्षक संघ के द्वारा ही प्राप्त हुआ है और आगे भी प्राप्त होता रहेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही नियुक्ति दिनांक से शिक्षक संवर्ग को वरिष्ठता का लाभ मिलेगा और पुरानी पेंशन भी मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के ही प्रयास से मिलकर ही रहेगी। उन्होंने कहा कि कुसमी विकासखंड इकाई कई वर्षों से सदस्यता में शून्य है जिसे जीवित कर कम से कम 1000 सदस्य बनाने का लक्ष्य आप लोगों को सौंप रहा हूं। आशा नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के प्रयास से इस लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आप सभी जब भी मेरी आवश्यकता समझेंगे तो मैं राष्ट्रहित, शिक्षा हित, छात्र हित एवं शिक्षक हित के लिए समर्पण भाव के साथ उपलब्ध रहूंगा। जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर तिवारी एवं विकासखंड सीधी के अध्यक्ष कुमुद पाण्डेय द्वारा भी शिक्षक संघ के सिद्धांतों और कार्यों के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य रामपाल सिंह के द्वारा कहा गया कि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ बहुत पुराना मान्यता प्राप्त संगठन है। मुझे अच्छी तरह से जानकारी है और जो कुछ भी प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक, उच्च माध्यमिक शिक्षक शिक्षक प्राचार्य, व्याख्याता को लाभ मिलेगा। वह केवल मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के द्वारा ही मिलेगा। आज मुझे बहुत ही प्रसन्नता है कि विकासखंड कुसमी की बैठक मेरे जानकारी के अनुसार पहली बार हो रही है। निश्चित ही भविष्य में विशाल सम्मेलन कर 1000 से ऊपर सदस्य विकासखंड कुसमी में बनाएंगे।

## कश्मीर में आतंकी हमले के विरोध में हिन्दू समाज ने किया प्रदर्शन



**जागरण, सीधी।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष हिंदुओं को बिना किसी कसूर के इस्लामिक आतंकवादियों ने जान से मार दिया गया जिसके विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखण्ड मझौली एवं समस्त हिन्दू समाज ने आतंकियों का पुतला फूंक कर प्रदर्शन किया तथा पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस दौरान केंद्र सरकार से मांग की गई कि हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को तत्काल बन्द किया जाय एवं पहलगाँव हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों पर ठोस कार्यवाही की जाय। इस घटना का हिन्दू समाज घोर निंदा करता है। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं समस्त हिन्दू समाज से मुख्य रूप से अंकित सोनी, निलय मिश्रा, रीतेश मिश्रा, कपिल केसरी, विक्रांत सिंह, करन गुप्ता, अभय प्रधान, ध्रुव गुप्ता, सिंटू गुप्ता, राकेश रोशन गुप्ता, पवन गुप्ता, ऋषि तिवारी, रोहन गुप्ता, पंकज गुप्ता, राजीव गुप्ता, शिवम गुप्ता, पियूष, प्रदीप पाण्डेय, रवि शुक्ला, अरुण द्विवेदी, शिवेंद्र उपाध्याय तथा सैकड़ो हिन्दू समाज के लोग शामिल रहे।

## गांजा तथा नशीली सिरप के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, सीधी।** चुरहट पुलिस नें प्रतिबंधित मादक पदार्थ गांजा तथा नशीली सिरप के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा भापुसे के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी अरविंद श्रीवास्तव व एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी चुरहट के नेतृत्व में चुरहट पुलिस नें गांजा तथा नशीले सिरप की बिक्री करने जा रहे आरोपी को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ जप्त करते हुए आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी चुरहट को बीते दिनांक को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि नवोदय विद्यालय चुरहट के पास रोड के किनारे एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा झोला मे लेकर बिक्री करने के लिये लेकर खड़ा है। थाना प्रभारी चुरहट ने मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया एवं उनके निर्देशानुसार पुलिस टीम गठित कर मुखबिर कि सूचना तस्दीक एवं कार्रवाई हेतु रवाना किया। पुलिस टीम मुखबिर के बताये अनुसार नवोदय विद्यालय चुरहट के पास मेन रोड पहुंची तो एक व्यक्ति पुलिस की गाड़ी देखकर इधर उधर कर भागने का प्रयास कर ही रहा था कि मौके से घेरा बंदी कर रोका गया एवं व्यक्ति का नाम पता पूछा गया जो अपना नाम अखिलेश सिंह उर्फ बब्लू सिंह पिता शीलध्वज सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम मवई थाना चुरहट का रहने वाला बताया उसके बाद संदेही अखिलेश सिंह उर्फ बब्लू सिंह की तलाशी ली गई तो संदेही के पास एक नीले रंग का झोला मिला जिसको देखने पर उसमे गांजा तथा एक पन्नी में 15 शीशी आनरेक्श कफ सिरप प्राप्त हुई। गांजा को तौल किया गया तो 1 किलो 440 ग्राम कीमती 21600 रुपए का होना पाया गया तथा आनरेक्श सिरप 15 शीशी ऑनरेक्स सिरप कुल कीमती 2925 रुपए का होना पाया गया, जिसे विधिवत जप्त किया गया एवं आरोपी अखिलेश सिंह उर्फ बब्लू सिंह पिता शीलध्वज सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम मवई थाना चुरहट का उक्त कृत्य धारा 8/20बी, 21 एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 मप्र ड्रग कन्ट्रोल एक्ट का दण्डनीय अपराध पाये जाने से उपरोक्त आरोपी के विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। जिसे वैधानिक कार्रवाई के पश्चात न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। समस्त कार्रवाई में उप निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह, सउनि ओपी पाण्डेय, प्रधान आरक्षक महेंद्र सिंह परिहार, करण तिवारी, नितेश प्रजापति, आरक्षक उदय तिवारी एवं महिला आर आकांक्षा सिंह बघेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## बोरी बंधान कर लिया जल संरक्षण का संकल्प



**जागरण, सीधी।** राज्य शासन के दिशा-निर्देशानुसार जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्रदेश के जिलों में विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही है। सीधी जिले में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में तथा जिला समन्वयक जन अभियान परिषद शिवदत्त उर्मलिया के नेतृत्व में सामाजिक संगठनों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को जल के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शनिवार को ग्राम लदवद खुर्द में जन जागरुकता अभियान चलाया गया। ग्राम पंचायत सवैचा के लदवद खुर्द में गाँव के महिला एवं पुरुष एक साथ मिलकर बोरी बंधान के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पानी की रक्षा करते हुए पेय जल को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। इस बोरी बंधान से आस पास के गावों के सैकड़ों पशुओं को पानी पीने के लिए मिलेगा। बोरी बंधान का यह कार्यक्रम जन अभियान परिषद द्वारा चयनित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लदवद खुर्द के सहयोग से किया गया। इस दौरान परामर्शदाता स्वाति तिवारी, सीएमसीएलडीपी की छात्रा अंजलि सेन उपस्थित रही। साथ ही गांव के केशव प्रसाद पाठक, रामसुशील पाठक, शिवकुमार सेन, लाल मोहम्मद, उमेश सेन, विजय सेन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

# 11 उपार्जन संस्थाओं पर दर्ज हो सकती है एफआईआर



जागरण घोटाला

## कलेक्टर ने दिए 7 दिवस में कार्यवाही प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश

### मामला 9215.79 क्विंटल धान शार्टेज का



जागरण, सीधी

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान शार्टेज के मामले में 11 उपार्जन संस्थाओं से राशि वसूली के निर्देश कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। वसूली न होने का संबंधित उपार्जन संस्थाओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने एवं ब्लैक लिस्ट आदि की कार्यवाही करने के आदेश दिए गए हैं। कलेक्टर सीधी द्वारा पत्र क्रमांक/561/खाद्य/उपार्जन/2025, दिनांक 23 अप्रैल 2025 द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, उप आयुक्त राजस्व सीधी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित सीधी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को इस मामले में कार्यवाही सुनिश्चित करना है। पत्र में कहा गया है कि 9215.79 क्विंटल धान शार्टेज के मामले में जांच के बाद 11 उपार्जन संस्थाएं दोषी पाई गई हैं। धान शार्टेज के मामले में जारी सूची के अनुसार संतोषी महिला स्व सहायता समूह टीकट कला शार्टेज मात्रा 2737.67 क्विंटल, सेवा सहकारी संस्था अमिरती, बिठौली शार्टेज मात्रा 1881.54 क्विंटल, संतोषी स्व सहायता समूह बाघड़ सर्रा 1469.72 क्विंटल, सेवा सहकारी संस्था चंदवाही, बघोर 880.01 क्विंटल, सेवा सहकारी समिति बाघड़, बघवार 379.12 क्विंटल, सेवा सहकारी समिति कमर्जी 346.43 क्विंटल, सेवा सहकारी संस्था अमिरती 416.07 क्विंटल, सपना महिला स्व सहायता समूह मौरा 382.69 क्विंटल, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित सारो कला 246.78 क्विंटल, सेवा सहकारी समिति पतुलखी केंद्र क्रमांक 2 सहजी 243.38 क्विंटल, सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोल्हूडीज 222.38 क्विंटल शामिल हैं। आदेश में कहा गया है कि उपरोक्त उपार्जन संस्थाओं के अंतर की राशि जमा कराई जाने की कार्यवाही की जाय। इन संस्थाओं द्वारा जानबूझकर शार्टेज किया जाना प्रतीत होता है। इन संस्थाओं के द्वारा अभी तक शार्टेज की राशि जमा नहीं की गई है। इनसे उक्त राशि तत्काल जमा कराई जाए। जमा नहीं करने वाली संस्थाओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही जिसमें वसूली, एफआईआर, ब्लैक लिस्ट इत्यादि की जाय। कलेक्टर ने की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन 7 दिवस में प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं।

### उपार्जन केंद्रों के 11 कम्प्यूटर ऑपरेटर्स ब्लैक लिस्टेड

धान उपार्जन में किसानों के पंजीयन मनमानी रूप से निरस्त करने सहित कई अन्य अनियमितताओं से घिरे खरीदी केंद्रों के 11 काम्प्यूटर ऑपरेटर्स पर कलेक्टर सीधी ने कार्यवाही की है। साथ ही इन्हें ब्लैक लिस्टेड भी किया गया है। कलेक्टर सीधी द्वारा जारी आदेश क्रमांक/359/खाद्य/उपार्जन/2025, दिनांक 23 अप्रैल 2025 में कहा है कि मप्र शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु सीधी जिले के किसानों को पंजीयन समितियों द्वारा मनमाने ढंग से निरस्त किए गए। जिससे किसानों को समर्थन मूल्य पर फसल विक्रय में असुविधा हुई। जिले में गेंहू उपार्जन का कार्य किया जाना है। तथा उपार्जन प्रक्रिया से अनियमितता करने वाले कम्प्यूटर आपरेटर्स आगामी सीजन में अन्य उपार्जन केंद्रों पर पदस्थ होकर उपार्जन से अनियमितता की पुनरावृत्ति करने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में जिला उपार्जन समिति के निर्णय अनुसार 11 उपार्जन संस्थाओं को आपरेटर को उपार्जन कार्य से पृथक कर उपार्जन कार्य के लिए प्रतिबंधित किया गया है। प्रतिबंधित किए गए कम्प्यूटर ऑपरेटर्स में तहसील चुरहट से संतोषी महिला स्व सहायता समूह टीकट कला की प्राची शर्मा, संतोषी स्व सहायता समूह बाघड़ सर्रा की अजू जायसवाल, सेवा सहकारी समिति लकोड़ा के रजनीश गुप्ता, सेवा सहकारी समिति कोल्हूडीज के श्रीतेष द्विवेदी, रामपुर नैकिन तहसील से सपना महिला स्व सहायता समूह मौरा की प्रज्ञा सिंह वैश, सेवा सहकारी समिति बाघड़, बघवार केंद्र क्रमांक 2 के अभिषेक शुक्ला, सिहावल तहसील से सेवा सहकारी समिति अमिरती बिठौली केंद्र क्रमांक 2 के प्रमोद कुमार गौतम, सेवा सहकारी समिति पतुलखी, सहजी केंद्र क्रमांक 2 के धनेश कुमार गौतम, सेवा सहकारी समिति अमिरती के राघवेन्द्र पटेल, तहसील बहरी में सेवा सहकारी समिति चंदवाही बघोर केंद्र क्रमांक 2 के मजोज कुमार पाण्डेय एवं गोपद बनास तहसलील के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सारो कला, माटा केंद्र क्रमांक 2 के अंबुज सिंह शामिल हैं।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# एक लाख के पार सोना आम आदमी पर नई मार?

एक दिन में अभूतपूर्व उछाल के साथ सोने का भाव बढ़ कर एक लाख रुपए प्रति दस ग्राम तक पहुंच गया। जिस तरह इसकी कीमत में लगातार तेजी का रुख बना हुआ था, उससे इसके इस स्तर पर पहुंचने का अनुमान पहले से लगाया जा रहा था। सोने की कीमत बढ़ने की कुछ वजहें साफ हैं। अमेरिकी शुल्क नीति के कारण जिस तरह दुनिया भर में आर्थिक अनिश्चितता का वातावरण है, उसमें सोने की कीमत बढ़नी तय थी। दूसरे, बढ़ती महंगाई को काबू में करने के लिए दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने ब्याज दरों में कटौती कर रखी है, जिससे आम लोगों को बैंकों में पैसे रखने के बजाय सोने में निवेश करना ज्यादा फायदेमंद लगने लगा है। इस वजह से लोग सोना अधिक खरीदने लगे हैं।

इसके अलावा, डॉलर की कीमत कम होने से भी विदेशी निवेशकों के लिए सोना खरीदना सस्ता हो गया है। फिर, विभिन्न देशों में संघर्ष के चलते पैदा हुई आर्थिक अनिश्चितता के कारण कई देशों के केंद्रीय बैंकों ने भारी मात्रा में सोना खरीद कर जमा करना शुरू कर दिया है।

बीते कुछ समय से सोने की मांग न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर में बढ़ी है। मगर इसके बरक्स सोने के खनन में कमी आई है। जब उत्पादन कम होता है और मांग बढ़ती है, तो वस्तुओं की कीमतें बढ़ती ही हैं। इसलिए यह अकारण नहीं है कि पिछले साढ़े तीन महीनों में ही सोने की कीमत में करीब छब्बीस फीसद की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि सोने की कीमत में बढ़ोतरी का रुख अभी बना रहेगा और यह सवा लाख रुपए प्रति दस ग्राम तक पहुंच सकती है।

> बीते कुछ समय से सोने की मांग न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर में बढ़ी है। मगर इसके बरक्स सोने के खनन में कमी आई है। जब उत्पादन कम होता है और मांग बढ़ती है, तो वस्तुओं की कीमतें बढ़ती ही हैं।

बाजार के जानकारों ने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच चल रहे ट्रेड वार ने वैश्विक अनिश्चितता को बढ़ा दिया है, जिससे निवेशकों को सुरक्षित-संपत्तियों की तलाश करने के लिए प्रेरित किया गया है. उन्होंने कहा कि जब तक दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच कोई समाधान नहीं निकलता, तब तक सोने में तेजी जारी रहने की संभावना है.

अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने तथा वैश्विक व्यापार चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश के रूप में खरीदारी के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई और यह नया रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया. निस्संदेह इससे निवेशकों को तो लाभ होगा, मगर आम लोग जो शादी-विवाह के अवसर पर सोने की खरीद करते हैं, उनके सामने कठिन स्थिति पैदा हो गई है। इसके अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव नजर आएंगे। जिस तरह पिछले दो वर्षों में सोना गिरवी रख कर कर्ज लेने का आंकड़ा हैरान करने वाली गति से बढ़ा है, आय के अवसर लगातार सिकुड़ते गए हैं, उसमें सोने की बढ़ती कीमत उन पर अतिरिक्त मार साबित होगी।

# धधकती धरती : विकास की दौड़ या विनाश की ओर?

पर्यावरण संरक्षण



> भारत में और वैश्विक स्तर पर भी तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं।

**योगेश कुमार गोयल**

वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चर्चाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चर्चाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं। प्रकृति पिछले कुछ समय से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत देती रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि करीब 30 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है।

हालांकि प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनी भी देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है।

धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढ़ेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सबकुछ नष्ट कर डालने में पलभर की भी देर नहीं लगेगी। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 40 के पार रहने लगा है। मौसम विभाग का तो अनुमान है कि अगले तीन दशकों में इन राज्यों में तापमान में वृद्धि 5 डिग्री तक दर्ज की जा सकती है और इसी प्रकार तापमान बढ़ता रहा तो एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा तथा एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे।

सवाल यह है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पेट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है,जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है। एक और अहम कारण है बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर 8 अरब से भी ज्यादा हो चुकी है। अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है, इससे पर्यावरण की सेहत पर जो जबरदस्त प्रहार हुआ है, उसी का परिणाम है कि धरती बुरी तरह धधक रही है। ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक शास्त्री स्टीफन हॉकिंग की इस टिप्पणी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है कि यदि मानव जाति की जनसंख्या इसी कदर बढ़ती रही और ऊर्जा की खपत दिन-प्रतिदिन इसी प्रकार होती रही तो करीब 600 वर्षों बाद पृथ्वी आग का गोला बनकर रह जाएगी।

धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही दुष्परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है,जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। बहरहाल,अगर प्रकृति से खिलवाड़ कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर हम स्वयं इन समस्याओं का कारण बने हैं। सैकड़ों वर्ष पहले बुजुर्गों ने भविष्य के इस खतरे को भांप लिया था। इसलिए उन्होंने वीरान पड़ी भूमि पर विभिन्न श्रेणियों के पेड़ लगाए। इनसे प्राणधारियों के लिए पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन मिल रही है। इसके साथ ही इन वृक्षों की शीतल छाया से तापमान स्थिर रहता है तथा जमीन में भी नमी बनी रहती है। एक समय था जब प्राकृतिक जल स्त्रोतों का संरक्षण करना लोग पुण्य का कार्य समझते थे। विशालकाय पीपल या वटवृक्ष के नीचे लोग प्याऊ लगाते थे। बदलते समय में लोग अपने कर्त्तव्यों को भूल गए हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण नहीं हो पा रहा है। पहले कच्चे घर आंगन होने से बरसाती पानी का जमीन में रिसाव हो जाता था। इससे भी इनमें नमी बनी रहती थी। विकास की अंधी दौड़ में भी पर्यावरण प्रभावित हुआ है। जमीन पर कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए गए हैं। निर्माण कार्य के लिए अंधाधुंध खनन हो रहा है। इससे पर्यावरण पूरी तरह प्रभावित हुआ है। उपजाऊ भूमि रेत में बदल गई है। नदियों, खड्डों व नालों में रेत, बजरी एवं पत्थरों का अंधाधुंध खनन हुआ है। इससे प्राकृतिक जल स्त्रोत लुप्त हो गए हैं। हम वाकई गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर चिंतित हैं तो इन समस्याओं का निवारण भी हमें ही करना होगा ताकि हम प्रकृपि के प्रकोप का भाजन होने से बच सकें अन्यथा प्रकृति से जिस बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है,उसका खामियाजा समस्त मानव जाति को अपने विनाश से चुकाना पड़ेगा।

# किसानों की आर्थिक समृद्धि का आधार उद्यानिकी फसलें

उद्यानिकी



> उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में जिस गति से मध्यप्रदेश ने अपनी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बनाई है, उससे प्रदेश की उद्यानिकी फसलों के प्रति देश और विदेशों में खासी मांग भी बढ़ रही है। इससे प्रदेश के किसानों को आर्थिक संबल भी मिल रहा है।

**अनिल वशिष्ठ**

मध्यप्रदेश उद्यानिकी के साथ खाद्य प्र-संस्करण का मुख्य हब बन कर उभरा है। गत फरवरी माह में भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेशकों से उद्यानिकी क्षेत्र में 4 हजार करोड़ रूपये से अधिक का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यह निवेश प्रस्ताव मध्यप्रदेश के उद्यानिकी क्षेत्री में हुए नवाचारों और बड़े पैमाने पर हो रहे उत्पादन को दर्शाता हैं।

मध्यप्रदेश में गत 5 वर्षों में उद्यानिकी के रकबा में 23.72 प्रतिशत वृद्धि हुई। वर्ष 2019-20 में उद्यानिकी फसलों का रकबा 21.75 लाख लाख हेक्टेयर था जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर 26.91 लाख हैक्टेयर हो गया है। मध्यप्रदेश में गत 20 वर्षों में छोटे के साथ बड़ी कृषि-जोत रखने वाले किसान भाइयों ने कैश-क्रॉप के रूप में उद्यानिकी फसलों को लेना शुरू कर दिया है इस कारण उद्यानिकी फसलों (फल, सब्जी, मसाला पुष्प एवं औषधियों) का रकबा 4 लाख 67 हजार हैक्टेयर से 27 लाख 71 हजार हैक्टेयर यानिकी लगभग 500 प्रतिशत की तथा उत्पादन 35 लाख 40 हजार मीट्रिक टन से बढ़कर 417 लाख 89 हजार मीट्रिक टन हो गया। इस तरह उत्पादन में 1000 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप मध्यप्रदेश उद्यानिकी के साथ खाद्य प्र-संस्करण का मुख्य हब बन रहा है। मध्यप्रदेश की जलवायु उद्यानिकी फसलों के लिये अनुकूल होने के साथ सिंचाई सुविधाएँ भी अन्य राज्यों से बेहतर है। प्रदेश का कुल उद्यानिकी रकबा का 5 लाख 54 हजार हैक्टेयर मध्यप्रदेश में उद्यानिकी फसलों की उत्पादकता 15.02 टन प्रति हैक्टयर है, जो देश की उद्यानिकी फसलों की औसत उत्पादकता 12.19 टन प्रति हैक्टेयर से 23.21 प्रतिशत अधिक है। खाद्यान फसलों की उत्पादकता 2.82 टन प्रति हैक्टेयर की तुलना में उद्यानिकी फसलों की उत्पादकता 15.02 टन प्रति हैक्टेयर है, जो 5 गुनी से अधिक है। आने वाले वर्षों में मध्यप्रदेश में उद्यानिकी (बागवानी) प्रदेश के किसानों की आय का मुख्य घटक बनकर उभरेगा। वर्ष 2025-26 में 19 वृहद एवं मध्यम तथा 87 लघु सिंचाई परियोजनाएँ प्रस्तावित हैं। इन परियोजनाओं से प्रदेश के सिंचित रकबे में आशातीत वृद्धि होगी। इन सभी प्रयासों के परिणाम स्वरूप ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा आगामी 5 वर्षों में उद्यानिकी फसलों का रकबा 26.91 लाख हैक्टेयर से बढ़ाकर 33 लाख 91 हजार हैक्टेयर करने का लक्ष्य रखा गया है।

प्रदेश में इजराइली तकनीक से 14.74 करोड़ की लागत से 3 सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस, मुरैना में हाई वेल्यू वेजिटेबल, छिंदवाड़ा में नीबू वर्गीय फसलों तथा हरदा में निर्यात उन्मुख (आम और सब्जी) के लिये स्थापित किये जाना है।

इसी क्रम में मुरैना में पीपीपी मोड में आलू की समग्र खेती की परियोजना प्रारंभ की गई, इसमें किसानों ने गत 3 वर्षों में आलू की अनेक नई किस्म विकसित की है। ग्वालियर में 13 करोड़ रूपये की लागत से हाईटेक फ्लोरी कल्चर नर्सरी भी बनाई जा रही है।

उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में प्रदेश की स्थिति की बात करें तो मध्यप्रदेश संतरा, मसाले लहसुन, अदरक और धनिया के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है। मटर, प्याज, मिर्च, अदरक में दूसरे तथा फूल, औषधियों एवं सुगंधित पौधों के उत्पादन में देश में तीसरे स्थान पर है। प्रदेश में फसलों का रकबा भागीदरी फल 4.61 लाख हैक्टेयर, सब्जी 12.40 लाख हैक्टेयर, मसालें 8.99 लाख हैक्टेयर, पुष्प 14 हजार हैक्टेयर तथा औषधी एवं सुगंधित पौधे 48 हजार हैक्टेयर में पैदा किये जा रहे है।राज्य सरकार उद्यानिकी फसलों को प्रोत्साहित करने के लिये लगातार प्रयास कर रही है, फसलों को वैश्विक पहचान-त्वद्ध टैग दिलाने के प्रयास जारी है। प्रदेश के रीवा के सुंदरजा आम और रतलाम के रियावन लहसुन को त्वद्ध अड्ढ मिल चुका है। प्रदेश की 15 उद्यानिकी फसलें इनमें खरगौन की लालमिर्च, जबलपुर की मटर, बुरहानपुर का केला, सिवनी का सीताफल, नरसिंहपुर (बरमान) का बैंगन, बैतूल का गजरिया आम, रतलाम की बालम ककड़ी, जबलपुर का सिंघाड़ा, इंदौर का जीरा, धार की खुरासानी इमली, इंदौर के मालवी गराडू, देवास के मावाबाटी और सतना की खुरचन को भी वैश्विक पहचान त्वद्ध दिलाने के प्रयास किया जा रहा है।

उत्पादित फसलों की वैल्यू एडिशन (मूल्य वर्धन) के लिये आवश्यक है कि उत्पादित फसलों की प्रोसेसिंग कर बाजार में भेजा जाये। इससे किसान को भी अच्छे दाम मिल सकेंगे और रोजगार भी उपलब्ध होगा। इसी उद्देश्य से अच्छे दाम पर विक्रय के लिये प्रदेश में 1982 में खाद्य प्र-संस्करण विभाग की स्थापना की गई थी जो पूर्व में कृषि विभाग का हिस्सा था। वर्ष 2005 से उद्यानिकी के साथ है। प्रदेश के किसानों की खुशहाली और राज्य का आर्थिक स्वंलम्बन उद्यानिकी में छिपा हुआ है। सरकार और किसान दोनों इस ओर बढ़ रहे हैं। निश्चित ही इसके अच्छे परिणाम आयेंगे।

प्रसंगवश

# राज्यों के बीच संसाधनों का समुचित आवंटन जरूरी



> चालू वर्ष में सकल कर प्राप्तियों में राज्यों को किया जाने वाला हस्तांतरण केवल 33.3 फीसदी है जो पिछले वर्ष के संशोधित अनुमान से थोड़ा अधिक लेकिन 15वें वित्त आयोग की 41 फीसदी की अनुशंसा से काफी कम है।

करीब छह महीनों के भीतर 16वें वित्त आयोग को केंद्र सरकार के समक्ष अपनी रिपोर्ट पेश करनी है। इसकी अनुशंसाएं 1 अप्रैल, 2026 से लेकर आगे के 5 वर्षों की अवधि के लिए लागू होंगी। वित्त आयोग ने राजकोषीय संसाधनों के आवंटन को लेकर सरकारों का नजरिया जानने के लिए अधिकांश राज्यों की यात्रा कर ली है। राज्यों के दौरे के बाद उसे तीन तरह के विचार सुनने को मिले हैं। पहला, भाजपा शासित राज्यों समेत अधिकतर राज्य चाहते हैं कि कर राजस्व में उनकी हिस्सेदारी को मौजूदा 41 फीसदी से बढ़ाकर 45-50 फीसदी किया जाए।

दूसरा महत्त्वपूर्ण मुद्दा जो कुछ राच्यों ने उठाया, वह था केंद्र द्वारा उपकर और अधिभार में इजाफा किया जाना। यह सही है कि संविधान केंद्र सरकार को यह शक्ति देता है कि वह उपकर और अधिभार लगाए लेकिन यह संग्रह केंद्र और राज्यों के बीच बंटने वाले पूल का हिस्सा नहीं होता और केवल केंद्र सरकार के पास रहता है। एक तरह से देखा जाए तो उच्च आवंटन और उपकर पर नजरिया आपस में जुड़ा हुआ है। भारत के विकास के मौजूदा चरण में केंद्र सरकार और राज्य सरकारे, दोनों ही स्तरों पर बजट को लेकर कई प्रतिस्पर्धी मांग हैं और सरकारें चाहती हैं कि अधिक से अधिक संसाधन उनके पास रहें।

एक विश्लेषण बताता है कि चालू वर्ष में सकल कर प्राप्तियों में राज्यों को किया जाने वाला हस्तांतरण केवल 33.3 फीसदी है जो पिछले वर्ष के संशोधित अनुमान से थोड़ा अधिक लेकिन 15वें वित्त आयोग की 41 फीसदी की अनुशंसा से काफी कम है। इसकी मुख्य वजह यही है कि केंद्र उपकर और अधिभार के जरिए संग्रह बढ़ा रहा है। केंद्र सरकार की उपकर और अधिभार पर निर्भरता कम करने का प्रयास किया जाना चाहिए। वित्त आयोग इस संदर्भ में होने वाली चर्चा को संचालित करके ऐसे तरीके सुझा सकता है जो विभाजन को और अधिक पारदर्शी बनाने में मदद करें।

तीसरा नजरिया तमिलनाडु की ओर से आया। तमिलनाडु द्वारा सुझाव दिया गया कि देश के सकल घरेलू उत्पाद में किसी राज्य के योगदान को ध्यान में रखते हुए कर राजस्व का वितरण किया जाना चाहिए। इसका अर्थ यह होगा कि बड़े और समृद्ध राज्यों को अधिक फंड मिलेगा। ऐसे राज्यों की अक्सर यह शिकायत रही है कि वे कर राजस्व हासिल करने में पीछे रह जाते हैं। इन मुद्दों पर राज्यों के नजरियों के अलावा वित्त आयोग से यह भी अपेक्षा है कि वह दो अन्य क्षेत्रों में चर्चा को आगे बढ़ाएगा। पहला, मौजूदा केंद्र प्रायोजित योजनाओं को युक्तिसंगत बनाने की जरूरत है। अगर राज्यों को अधिक फंड जारी किए जाएंगे तो बेहतर होगा। इससे उन्हें स्थानीय जरूरतों के मुताबिक व्यय करने में मदद मिलेगी। देश के अलग-अलग राज्यों में विकास का स्तर अलग-अलग है। केंद्र प्रायोजित योजनाओं में संरचनात्मक रूप से कम आवंटन से समय के साथ विभाजन योग्य पूल में इजाफे की गुंजाइश भी बनेगी।

दूसरा कई राज्यों में कर्ज का स्तर बढ़ रहा है जिसे संभालना जरूरी है। जैसा कि अर्थशास्त्री बैरी आईचेनग्रीन और पूनम गुप्ता ने अपने हालिया शोध-पत्र में दिखाया कि आधे से अधिक भारतीय राज्यों का कर्ज उनके सकल घरेलू उत्पाद यानी जीएसडीपी के 30 फीसदी से अधिक है। कई राज्यों में कर्ज का स्तर चिंताजनक हो सकता है। पंजाब में कर्ज जीएसडीपी के 50 फीसदी तक पहुंचने का अनुमान है जबकि चार राज्यों में कर्ज का स्तर 2027-28 के आधारभूत परिदृश्य में 40 फीसदी के स्तर को पार कर सकता है। राज्यों में उच्च कर्ज से वृद्धि और स्थिरता को जोखिम उत्पन्न होगा। कुछ राज्यों में बजट प्रबंधन को समायोजित करना होगा। वित्त आयोग इस प्रक्रिया को प्रोत्साहित कर सकता है।

## ॥गीता॥




**श्लोक :** दृष्टेवमं स्वजनं कृष्ण
युयुत्सुं समुपस्थितम॥
सीदन्ति मम गात्राणि मुखं च परिशुष्यति।
वेपथुश्च शरीरे में रोमहर्षश्च जायते॥

**भावार्थ :** अर्जुन बोले- हे कृष्ण! युद्ध क्षेत्र में डटे हुए युद्ध के अभिलाषी इस स्वजन समुदाय को देखकर मेरे अंग शिथिल हुए जा रहे हैं और मुख सूखा जा रहा है तथा मेरे शरीर में कम्प एवं रोमांच हो रहा है।

जीवन दर्शन

# सुखी रहने का मंत्र- भरपूर परिश्रम



आज बेचैन अंतर्मन को एक बेहद सार्थक और मार्मिक बोधकथा हमारे कई प्रश्नों के उत्तर दे देती है। 'पुराने समय में एक राजा था। राजा के पास सभी सुख-सुविधाएं और असंख्य सेवक-सेविकाएं थे, जो हर समय उसकी सेवा को उपलब्ध रहते थे। लेकिन उसके जीवन में श्रम की कोई जगह न थी। राजा को किसी चीज की कमी नहीं थी। फिर भी राजा अपने जीवन से सुखी नहीं था, क्योंकि वह अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी परेशान रहता था। राजा सदा बीमारियों से घिरा रहता था। राजा का उपचार सभी बड़े-बड़े वैद्यों द्वारा किया गया, परंतु इसके बावजूद राजा को स्वस्थ नहीं किया जा सका। अपने राजा की बढ़ती बीमारी से राज दरबार चिंतित हो गया। वे राजा को स्वस्थ बनाने के तमाम उपायों पर विचार करने लगे। राजा की बीमारी दूर करने के लिए दरबारियों द्वारा राज्य में ऐलान करवा दिया गया कि जो भी राजा का स्वास्थ्य ठीक करेगा, उसे असंख्य स्वर्ण मुहरें दी जाएंगी। यह घोषणा सुनकर एक वृद्ध भी राजा का इलाज करने राजा के महल में गया। वृद्ध ने राजा के पास आकर कहा, 'महाराज, आप आज्ञा दें तो आपकी बीमारी का इलाज मैं कर सकता हूं।' राजा की आज्ञा पाकर वह बोला, 'आप किसी पूर्ण सुखी मनुष्य के वस्त्र पहनिए, आप अवश्य स्वस्थ और सुखी हो जाएंगे।' वृद्ध की बात सुनकर राजा के सभी मंत्री और सेवक जोर-जोर से हंसने लगे। इस पर वृद्ध ने कहा, 'महाराज! आपने सारे उपचार करके देख लिए हैं, यह भी करके देखिए! मेरा दावा है कि आप अवश्य ही स्वस्थ हो जाएंगे।' राजा ने उसकी बात से सहमत होकर सेवकों को पूर्ण सुखी मनुष्य की खोज में राज्य की चारों दिशाओं में भेज दिया, परंतु उन्हें कोई पूर्ण सुखी मनुष्य कहीं भी नहीं मिला। यह सुनकर राजा भी गहरी सोच में डूब गया। अब राजा स्वयं किसी सुखी मनुष्य की खोज में निकल पड़ा। अत्यंत गर्मी के दिन होने से राजा का बुरा हाल हो गया और वह एक पेड़ की छाया में विश्राम हेतु रुका। तभी राजा को एक मजदूर इतनी गर्मी में भी मजदूरी करता दिखाई दिया। राजा ने उससे पूछा, 'क्या, आप पूर्ण सुखी हो' मजदूर खुशी-खुशी और सहज भाव से बोला, 'जी, भगवान की कृपा से मैं पूर्ण सुखी हूं!' उसने मजदूर को ऊपर से नीचे तक देखा तो मजदूर ने सिर्फ धोती पहनी हुई थी और वह गाढ़ी मेहनत से पूरा का पूरा पसीने से तरबतर था। राजा यह देखकर समझ गया कि परिश्रम करने से ही एक आम मजदूर भी पूर्ण सुखी है। इस तरह राजा को सुखी रहने का मंत्र मिल गया था। राजा ने राजमहल लौटकर उस वृद्ध का उपकार मानते हुए उसे असंख्य स्वर्ण मुद्राएं दीं। अब राजा स्वयं आराम और आलस्य छोड़कर खूब परिश्रम करने लगे। कुछ ही दिनों में राजा पूर्ण स्वस्थ और सुखी हो गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पाकिस्तानी नागरिकों को चिन्हित करने के निर्देश

**भोपाल।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान से भारत आए सभी नागरिकों का वीजा निरस्त कर उन्हें देश छोड़ने की आदेश दिए हैं। आदेश के मुताबिक सार्क वीजा लेकर आए पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल तक देश छोड़ना है। इसके अलावा मेडिकल वीजा पर आए पाकिस्तानी नागरिकों को 29 अप्रैल तक देश छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस मुख्यालय ने प्रदेश के सभी जिलों के एसपी को निर्देशित किया है कि वह ऐसे सभी पाकिस्तानी नागरिकों को चिन्हित करें और उन्हें इसकी जानकारी देते हुए समय सीमा में देश छोड़ने को कहें।

### ऑनर किलिंग का आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

**जागरण, ग्वालियर।** पुलिस ने ऑनर किलिंग के एक पुराने मामले में फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी भरत प्रजापति को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। भरत पर आरोप है कि उसने अपने पिता राधा किशन और भाई अवधेश के साथ मिलकर अपनी बहन की हत्या की थी। गिरवाई थाना प्रभारी सुरेन्द्र नाथ सिंह यादव ने बताया कि पुलिस को इनपुट मिला था कि आरोपी दिल्ली में छिपा हुआ है। इसके बाद एएसआई कमान सिंह के नेतृत्व में टीम ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। इस मामले में पिता और भाई को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

### तमिलनाडु में एक नया विवाद, सीएम पर लगा बड़ा आरोप

**चेन्नई, जेएनएन।** तमिलनाडु में राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच जारी तकरार फिलहाल थमती नहीं दिख रही है। लंबे समय से चल रहे विवाद के बाद अब मामले में नया मोड़ आ गया है। राज्यपाल आरएन रवि ने आरोप लगाया है कि राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को शुक्रवार (25 अप्रैल) को यहां राजभवन में शुरू हुए दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के खिलाफ चेतावनी दी गई थी। राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मौजूदगी में कहा, राज्य में उच्च शिक्षा में सुधार के लिए कुलपतियों के सम्मेलन में राज्य विवि का कोई प्रतिनिधि शामिल नहीं हुआ। दरअसल, ऊटी स्थित राजभवन परिसर में तमिलनाडु के राज्य, केंद्रीय और निजी विवि के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया। इस दौरान धनखड़ ने उद्घाटन सत्र में रवि की 'विचारशील पहल' की सराहना करते हुए कहा, राज्यपाल ने 2022 में यह पहल की थी और मौजूदा सम्मेलन वार्षिक सम्मेलनों की श्रृंखला का हिस्सा है।

### एक तक जमा होंगे बीयू के फोर्थ ईयर के फार्म

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सत्र 2024-25 के लिए बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए सहित अन्य स्नातक पाठ्यक्रमों के चतुर्थ वर्ष (फोर्थ ईयर) की परीक्षा का आयोजन पहली बार किया जा रहा है। बीयू ने परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। अब यह फार्म एक मई तक बिना विलंब शुल्क एमपी ऑनलाइन से परीक्षा फार्म भर सकेंगे। पहले अंतिम तारीख 25 अप्रैल तक थी। इसी तरह पीजी के एमए, एमकॉम, एमएससी सहित अन्य कोर्सो के द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा फार्म अब सामान्य शुल्क के साथ 2 मई तक भरे जा सकेंगे। पहले इसकी अंतिम तारीख 24 अप्रैल थी। इसी तरह 300 रुपए के विलंब शुल्क के साथ 6 मई और सात मई से परीक्षा शुरू होने के तीन दिन पहले तक 1000 रुपए का विशेष विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म जमा किया जा सकता है। इसके अलावा चार हजार रुपए के विशेष विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म परीक्षा शुरू होने के दो दिन पहले तक जमा हो सकेंगे।

# प्रदेश में पुलिस अफसर अब सांसद-विधायकों को भी करेंगे सैल्यूट

### आदेश जारी, फोन और मुलाकात के दौरान विनम्रता से देना होगा जवाब

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में अब सांसद-विधायकों को भी पुलिस अफसर सैल्यूट मारते दिखाई देंगे। सामान्य तौर पर अब तक पुलिस अफसर मुख्यमंत्री और मंत्रियों को ही सैल्यूट करते हैं। जारी आदेश के मुताबिक अब पुलिस को सांसद-विधायकों के साथ भी शिष्टता से पेश आते हुए उनकी शिकायतों या सुझावों को गंभीरता से सुनकर उनका निराकरण करना होगा। इस संबंध में प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना ने आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश में इस बात का भी उल्लेख है कि जनप्रतिनिधियों के फोन कॉल अटेंड करने के दौरान पुलिस अधिकारियों को उनसे विनम्रता से बात करनी होगी और विधि सम्मत जवाब देना होगा।



### पूर्व में भी जारी हो चुका है आदेश

पुलिस महानिदेशक ने आदेश जारी करते हुए प्रदेश की सभी पुलिस इकाइयों को नए निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा है। आदेश में साफ कहा गया है कि सामान्य भेंट या फिर किसी भी सरकारी कार्यक्रम के दौरान वर्दी पहने हुए पुलिस अफसर विधायक और सांसद को सैल्यूट करेंगे। हालांकि, इस तरह का यह पहला आदेश नहीं है। हाल ही में डीजीपी के संज्ञान में आया कि इस आदेश का पालन ठीक तरीके से नहीं हो रहा है, लिहाजा उन्होंने फिर से आदेश जारी कर इसे प्रदेश भर में सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं।

### प्रदेशभर में जनप्रतिनिधियों और पुलिस में आए दिन विवाद के मामले आ रहे सामने

इस आदेश को मध्य प्रदेश में आए दिन होने वाले जनप्रतिनिधियों और पुलिस अफसरों के बीच विवाद से भी जोड़कर देखा जा रहा है। कुछ माह पूर्व खुरई से भाजपा विधायक और पूर्व गृह मंत्री भूपेंद्र सिंह ने सागर जिले के एसपी पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके फोन टैप किए जाने के आरोप लगाए थे। हाल ही में मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल भी थाने में अपनी ही गिरफ्तारी की मांग को लेकर बैठ गए थे, क्योंकि उनका विवाद एक सब-इंस्पेक्टर से था। इस दौरान उन्होंने करीब 6 घंटे तक कार्यकर्ताओं के साथ थाने में प्रदर्शन किया। दो दिन पहले पिछोर से बीजेपी विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने शिवपुरी के एसपी अमन सिंह राठौर के मंच से ही खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। डीजीपी ने अब नए सिरे से आदेश जारी कर फील्ड में तैनात पुलिस अफसरों और जनप्रतिनिधियों के बीच सामंजस्य बनाए रखने और इस प्रकार की अप्रिय स्थितियों को रोकने के लिए यह आदेश जारी किया है।

### सम्मान नहीं मिलने की उठी थी मांग

गौरतलब है कि कई बार महत्वपूर्ण बैठकों में सत्ताधारी दल भाजपा एवं विपक्षी दल के विधायकों द्वारा उन्हें अपने क्षेत्रों में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सम्मान नहीं मिलने का मामला उठाया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि वो जनता से चुनकर विधानसभा पहुंचते हैं, ऐसे में वे सम्मान के पात्र हैं, लेकिन कई बार अपने कार्यों या जनता से जुड़े मामलों को लेकर वे प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारियों से मिलते हैं, तो उन्हें सम्मान नहीं दिया जाता। अधिकारी या तो प्रभारी मंत्रियों की या स्थानीय मंत्रियों की ही सुनते हैं या फिर यदि जनप्रतिनिधि दबंग हैं, तो उन्हें सुना जाता है। इसलिए डीजीपी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि पुलिस अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों से मिलते समय विनम्रता से बात करनी होगी और विधि सम्मत जवाब देना होगा।

# सरकार के एक नियम से अनुकंपा कर्मचारियों की नौकरी खतरे में

### 27 अप्रैल को सरकार लांच करेगी नया पोर्टल, कर्मचारियों की होगी पूरी जानकारी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** एक ओर सरकार अनुकंपा नियुक्तियों को लेकर नया पोर्टल लांच करने की तैयारी में है, तो दूसरी ओर कम्प्यूटर का डिप्लोमा नहीं लेने वाले अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले तकरीबन 5 से 6 हजार कर्मचारियों की नौकरी खतरे में है। सामान्य प्रशासन विभाग के एक नियम के आधार पर ऐसे कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त की जा रही हैं। गौरतलब है कि राज्य सरकार प्रदेश में 27 अप्रैल को ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम (एचआरएमएस) लांच करने की तैयारी में है। यह निर्णय उच्च स्तरीय चर्चा के बाद लिया गया है। इससे सरकारी सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों की सभी तरह की जानकारियां एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इसमें कर्मचारियों के परिवार की पूरी जानकारी के अलावा उनके वेतन वृद्धि, नोटिस से लेकर पोस्टिंग, पदोन्नति के बारे में विस्तृत जानकारी अपलोड की जाएगी। इतना ही नहीं विभागीय जांच के प्रतिवेदन भी ऑनलाइन दर्ज होंगे। इससे कागजी कार्यवाही और दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, यानि कि पूरा सिस्टम ऑनलाइन हो जाएगा। जानकारों की मानें तो सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा एक नया अनुकंपा पोर्टल भी तैयार कराया गया है। जिसके जरिए अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदक अपने आवेदन की स्थिति की जानकारी पोर्टल के जरिए लगातार लेते रहेंगे।



### यह अनिवार्य योग्यता का नियम

एक अधिकारी ने पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि इन पदों के लिए वर्ष 2014-15 से पहले हिन्दी मुद्रलेखन की अनिवार्यता थी। जिसे पूरा नहीं करने पर संबंधित कर्मचारी को सेवा से पृथक नहीं किया जाता था, लेकिन सीपीसीटी कम्प्यूटर डिप्लोमा की अनिवार्यता कर सरकार ने नया नियम बना दिया। जिसमें निर्धारित समय पर डिप्लोमा कोर्स नहीं करने वाले कर्मचारी की सेवा समाप्त करने का प्रावधान रख दिया गया। इससे सैकड़ों कर्मचारियों की नौकरी खतरे में पड़ी हुई है। यह अनिवार्य योग्यता का नियम है, ऐसे में इसमें प्राथमिक स्तर पर किसी भी तरह की न तो सुनवाई हो सकती है और न ही किसी भी स्तर पर कोई भी सक्षम या वरिष्ठ अधिकारी ऐसे कर्मचारियों को बचा ही सकते हैं।

### सीपीसीटी का डिप्लोमा कोर्स नहीं करने वालों की जाएगी नौकरी

इधर अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले ऐसे कर्मचारियों पर गाज गिराने की तैयारी लगभग पूरी हो गई है, जिन्होंने सीपीसीटी (कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा) का डिप्लोमा कोर्स नहीं किया है। दरअसल सामान्य प्रशासन विभाग ने वर्ष 2014-15 में एक आदेश निकाला था, जिसमें लिपिक-सहायक ग्रेड-3 के पदों पर अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले कर्मचारियों को अपनी नियुक्ति की तारीख से तीन साल के अंदर सीपीसीटी कोर्स करना अनिवार्य था। इसमें सक्षम अधिकारी द्वारा एक साल की छूट देने का भी प्रावधान किया गया था। लेकिन मंत्रालय सहित कई विभागों में इस आदेश का पूरी तरह से पालन नहीं हो पाया। जानकारों की मानें तो पूरे प्रदेश के सरकारी दफ्तरों में अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले लगभग 5 से 6 हजार कर्मचारियों द्वारा इस सीपीसीटी का कोर्स नहीं किया गया है, जिससे उनकी नौकरी खतरे में है। कुछ विभागों ने कोर्स नहीं करने वाले कर्मचारियों को सेवा से पृथक भी कर दिया है। कहा जा रहा है कि इस पूरे मामले में संबंधित कर्मचारियों के साथ-साथ सक्षम अधिकारियों की लापरवाही सामने आ रही है। जिन्होंने निर्धारित समय के अंतर्गत ऐसे कर्मचारियों को कोर्स कराने के लिए निर्देशित नहीं किया और न ही इस ओर ध्यान दिया। इससे राज्य शासन को भी कोर्स नहीं करने के बाद भी ऐसे कर्मचारियों को वेतन व अन्य तरह के लाभ देने पड़े।

# आईटी इंडस्ट्री को मिलेगी वैश्विक पहचान : सीएम

### जिलों के उद्योगपतियों से किया वर्चुअली संवाद

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** इंदौर टेक आईटी कॉन्क्लेव से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को विभिन्न जिलों के उद्योगपतियों से वर्चुअली संवाद किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की आईटी इंडस्ट्री को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर तक पहचान दिलाने की दिशा में काम करेगी। इसके लिए सरकार द्वारा निवेशकों को आवश्यक सहयोग दिया जाएगा। समत्व भवन में मौजूद सीएम ने उद्योगपतियों से कहा कि वर्तमान और भविष्य की तकनीक का आधार आईटी है। प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार करते हुए समय के साथ चलने के लिए आईटी सेक्टर में निवेश और गतिविधियों का विस्तार आवश्यक है। इसी उद्देश्य से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद पहली सेक्टर आधारित कॉन्क्लेव आईटी पर केन्द्रित की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह संवाद राज्य शासन और आईटी के क्षेत्र में कार्य कर रहे उद्योगपतियों के बीच मजबूत रिश्तों का आधार बनेगा और सबके सहयोग से मध्यप्रदेश आईटी सेक्टर में अपनी विशेष पहचान स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री से संवाद में उद्योगपतियों ने आईटी पार्क के विस्तार की आवश्यकता बताई।



और दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए शिक्षा और औद्योगिक गतिविधियों में समन्वय, स्टार्ट-अप में उद्यमिता की संस्कृति को विकसित करने, प्राकृतिक गैस पर टैक्स कम करने और प्रदेश में स्टार्ट-अप कम्युनिटी के मध्य बेहतर समन्वय संबंधी चर्चा भी की। वॉक-टू-वर्क सुविधा के साथ आईटी पार्क विकसित करने, प्रदेश में डिजिटल इकोनॉमी मिशन लागू करने और एआई आधारित गतिविधियों को अन्य उद्योगों में स्वीकार्यता बढ़ाने की दिशा में कार्य करने पर भी विचार-विमर्श हुआ। अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने कहा कि राज्य की चार नीतियों जीसीसी नीति, ड्रोन नीति, सेमीकंडक्टर एवं एवीजीसी नीतियों की गाइड लाइंस भी जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में आईटी एवं संबंधित क्षेत्रों के प्रमुख उद्योगपतियों, निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठकों का आयोजन भी किया जाएगा।

### मेगा इन्वेस्टमेंट जोन बनेगी विक्रम उद्योगपुरी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विक्रम उद्योगपुरी को मेगा इन्वेस्टमेंट जोन के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर विचार किया जाए। उज्जैन में आईटी पार्क के द्वितीय चरण का कार्य समय सीमा निर्धारित कर पीपीपी मोड पर तत्काल आरंभ किया जाए। सीएम ने ये निर्देश शुक्रवार को इस संबंध में मध्यप्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के संचालक मंडल की बैठक में दिये। बैठक में कार्पोरेशन के प्रबंधकीय तथा लेखा संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

# सुभाषनगर आरओबी के ऊपर से ही गुजरेगी तीसरी भुजा

### अफसरों के साथ मंत्री सारंग ने किया निरीक्षण

**जागरण, भोपाल।** भोपाल के सुभाष नगर आरओबी की 242 मीटर लंबी तीसरी भुजा 22 करोड़ रुपए की लागत से बनेगी। इससे 5 लाख लोगों को फायदा होगा। मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि यह ब्रिज सिविल इंजीनियरिंग का अनूठा उदाहरण होगा। तीसरी भुजा आरओबी के ऊपर से गुजरेगी। मंत्री सारंग शुक्रवार को ब्रिज का निरीक्षण करने आए थे। भुजा से सुभाष नगर, रचना नगर और गोविंदपुरा की 5 लाख की आबादी को एमपी नगर और आरकेएमपी आने-जाने में सुविधा होगी। मंत्री सारंग ने सभी संबंधित अधिकारियों को तीसरी भुजा के निर्माण में आने वाली संभावित बाधाओं की समीक्षा कर उन्हें दूर करने को कहा। मंत्री सारंग ने कहा, नरेला विधानसभा में ट्रैफिक की समस्या के समाधान और लोगों को राहत पहुंचाने के लिए 10 फ्लाईओवर की सौगात दी गई है। पिछले साल बने सुभाष नगर आरओबी से लाखों लोगों को सुविधा मिल रही है। यह फ्लाईओवर सुभाष नगर आरओबी के ऊपर से होकर गुजरेगा। थर्ड लेग से भेल क्षेत्र से आने-जाने वाले यात्रियों को एमपी नगर एवं न्यू भोपाल पहुंचने में और अधिक सुगमता होगी।

#### वाहन चालकों की दूर होगी समस्या

अभी भेल क्षेत्र से आने वाले यात्रियों को सुभाष नगर फ्लाईओवर पर चढ़ने के लिए प्रभात चौराहा से लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। तीसरी भुजा के निर्माण से यह समस्या पूरी तरह खत्म हो जाएगी। अब भेल से आने वाले वाहन सीधे पुराने फ्लाईओवर पर चढ़ सकेंगे। साथ ही मैदा मिल और एमपी नगर से भेल क्षेत्र की ओर जाने वाले यात्रियों को अब प्रभात चौराहा वाला रास्ता नहीं अपनाना पड़ेगा और वे मैदा मिल की तरफ से तीसरी भुजा से चढ़कर मोती नगर उतर जाएंगे। यह पीछे से मुड़कर मौजूदा आरओबी के ऊपर से गुजरेगा। यह रास्ता मेहता मार्केट के सामने स्थित मोती नगर की दुकानों के पास से उतरेगा।

# सरकार बनने पर किसान न्याय नीति बनाएगी कांग्रेस

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि राज्य में उनके दल की सरकार बनते ही हर प्रमुख फसल की एमएसपी तय की जाएगी। जिसे कानूनी दर्जा दिलाने की दिशा में हर संभव प्रयास किया जाएगा। राज्य स्तर पर 'किसान न्याय नीति' लाई जाएगी। पटवारी शुक्रवार को पत्रकारों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर जो किसान न्याय नीति बनाई जाएगी, उसमें किसान को न सिर्फ मूल्य, बल्कि उपज के आधार पर बीमा, बोनस और संरक्षण मिलेगा। फसल के अनुसार जरूरी जिलों में ब्लॉक स्तर पर प्रोसेसिंग यूनिट्स और जिला स्तर पर किसानों की मंडी तक सीधी पहुंच की योजना बनाई जाएगी। उन्होंने किसानों को टमाटर के उचित दाम नहीं मिलने पर असंतोष जताते हुए सरकार से 5 मांगें की। पटवारी ने कहा है कि यह हालात प्राकृतिक आपदा से नहीं, बल्कि सरकारी विफलता है। छतरपुर के किसान आज जिंदा हैं, लेकिन उम्मीद मर रही है। यह मप्र के किसानों की प्रदेशव्यापी समस्या है। टमाटर उत्पादकों के साथ मप्र में बार-बार अन्याय हो रहा है! उन्होंने सरकार से टमाटर और सब्जी उत्पादकों के लिए भी न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने, जिलों में सरकारी खरीदी केंद्र खोल किसानों की उपज को न्यूनतम मूल्य पर खरीदे जाने की व्यवस्था की जाए।

# पदोन्नति की प्रक्रिया के बीच जूनियर को किया सुपरसीड

### जलसंसाधन विभाग के आदेश की दफ्तरों में हो रही चर्चा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** इसे अंधेर कहा जाए या विभागीय अनदेखी कि एक जूनियर को उसके वरिष्ठ अधिकारी का बॉस बना दिया गया। ये कदम ऐसे वक्त उठाए गए हैं, जब राज्य शासन अपने अधिकारी कर्मचारियों को पदोन्नत करने की प्रक्रिया में जुटी हुई है। मामला जलसंसाधन विभाग का है, जिनके प्रमुख अभियंता विनोद देवड़ा ने कुछ दिन पहले एक ऐसा आदेश निकाला, जिसकी विभाग ही नहीं दूसरे सरकारी दफ्तरों में चर्चा होने लगी। इस आदेश में देवड़ा ने पूनमचंद ग्वालवंशी को सेंट्रल मैकेनिकल यूनिट का प्रभारी संचालक बना दिया। जबकि इसी यूनिट में एचएस ठाकुर पहले से ही पदस्थ है,जिनका वर्तमान पद एक्जीक्यूटिव इंजीनियर का है। ग्वालवंशी प्रभारी संचालक बनाए जाने से पहले इसी यूनिट में डिप्टी डायरेक्टर एवं एक्जीक्यूटिव इंजीनियर की जिम्मेदारी निभा रहे थे। यानि कि ग्वालवंशी असिस्टेंट इंजीनियर है। यानि कि अब उन्हें ईई के ऊपर बैठा दिया गया है। विभाग में इस तरह का फैसला कोई पहली बार नहीं हुआ है। पहले भी विभाग ने अपनी बोदी शाखा में एक अधीक्षण यंत्री स्तर के अधिकारी को कार्यपालन यंत्री के अधीन कर दिया था। हालांकि इस आदेश को लेकर शोर मचा तो उसे बाद में निरस्त कर दिया गया।

### प्रमुख अभियंता से लेकर मुख्य अभियंता के पद पर प्रभारी बैठे

जानकारी के अनुसार सिंचाई महकमे में स्वीकृत पदों के हिसाब से अधिकारी कर्मचारियों की पदस्थापना नहीं है। प्रमुख अभियंता से लेकर मुख्य अभियंता के पद पर प्रभारी अधिकारी बैठाए गए है। मौजूदा प्रमुख अभियंता विनोद देवड़ा का मूल पद अधीक्षण यंत्री का है,जो प्रभारी मुख्य अभियंता के तौर पर नर्मदा ताप्ती कछार इंदौर में पदस्थ थे,जिन्हें 8 जनवरी 2025 को प्रमुख अभियंता जलसंसाधन का प्रभार सौंप दिया गया। कई संभागों में प्रभारी कार्यपालन यंत्रियों को पदस्थ किया गया है। कामोवेश विभाग में कुछ ऐसी ही स्थिति निचले स्तर पर है। द्वितीय और तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों की कमी के कारण विभाग के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं।

### जल्द पदोन्नति के संकेत दिए हैं सरकार ने

पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वयं ही वर्षो से बंद पड़े प्रमोशन प्रक्रिया जल्द शुरू करने के संकेत दिए है। बताया गया है कि सीएम के निर्देश के बाद पदोन्नति को लेकर लगभग सभी विभागों में तैयारी की जा रही है और जल्द ही पदोन्नति के आदेश निकाले जा सकते है। लेकिन इससे पहले ही जलसंसाधन विभाग में एक जूनियर अधिकारी को सुपरसीट करना चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में प्रमुख अभियंता विनोद देवड़ा से जानकारी लेने की कोशिश की गई,लेकिन उन्होंने बैठक में व्यस्त होने की बात कही।

**योजना** | गोपनीयता, समय सीमा और जिम्मेदारी होगी तय, अभी तकनीकी अड़चन और स्टाफ की ट्रेनिंग बन रही बाधा

# पुलिस भी लागू करेगी ई-ऑफिस सिस्टम, ऑनलाइन होगा फाइल का मूवमेंट

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** अब प्रदेश की पुलिस भी ई-ऑफिस सिस्टम के जरिए पेपरलेस कॉन्सेप्ट पर काम करेगी। हालांकि, इसे लागू करना अभी भी चुनौतियों से भरा हुआ है क्योंकि तकनीकी अड़चन और स्टाफ की ट्रेनिंग इसमें बाधा बन रही है। मध्य प्रदेश पुलिस में इस सिस्टम को लागू करने के लिए स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) को नोडल एजेंसी के तौर पर चुना गया है। फिलहाल स्टाफ को इस सिस्टम को ऑपरेट करने की ट्रेनिंग दी जा रही है, लेकिन जगह-जगह नेट कनेक्टिविटी, सॉफ्टवेयर की समस्या, स्कैनर का अपडेशन जैसी समस्याएं इसे लागू करने में अड़चनें पैदा कर रही हैं।

### पुरानी फाइलों को खोजना होगा आसान ट्रेकिंग से मिल जाएगी लोकेशन

ई-ऑफिस सिस्टम लागू होने के बाद मध्य प्रदेश पुलिस भी हार्ड कॉपी में किसी तरह का पत्राचार या फाइल स्वीकार नहीं करेगी। इससे न सिर्फ समय की बचत होगी बल्कि पुरानी फाइलों को खोजना भी आसान होगा। इस सिस्टम की खासियत है कि इसके जरिए पता चल जाएगा कि कौन सी फाइल किस अधिकारी के पास लंबित है। ई-ऑफिस सिस्टम में किसी भी विषय के दस्तावेज स्कैन कर अपलोड किए जाएंगे और हर फाइल को एक नंबर दे दिया जाएगा। इसके बाद विषय की गंभीरता के हिसाब से इसकी रैंकिंग तय कर इसे मार्क कर दिया जाएगा। इस सिस्टम के तहत रैंकिंग के हिसाब से अधिकारी या कर्मचारी को फाइल पर टीप लगाकर अपने आला अफसर के पास एक तय समय सीमा के भीतर भेजना होगा। ऑनलाइन होने के कारण अब पहले की तरह विभाग के अन्य कर्मचारी फाइल पर लिखी गई नोटिंग को नहीं पढ़ सकेंगे। इससे गोपनीयता भी बरकरार रहेगी।




### 119 में से 65 यूनिट में इंस्टॉल लेकिन अब भी मैनुअल तरीके से निपटा रहे फाइल

एससीआरबी के एआईजी और ई-ऑफिस के नोडल अधिकारी धीरज बब्बर के मुताबिक, प्रदेश पुलिस की 119 यूनिट में से 65 में ई-ऑफिस सिस्टम इंस्टॉल कर दिया गया है और शेष में काम जारी है। इसके बाद भी एमपी पुलिस में फाइल मूवमेंट मैनुअल तरीके से ही हो रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह पूरे स्टाफ की ट्रेनिंग न होना है। यह सॉफ्टवेयर एनआईसी ने डिजाइन किया है और इसे केंद्र सरकार की मंशा के तहत प्रदेश भर में लागू किया जाना है। राज्य के सचिवालय और अन्य दफ्तरों में ई-ऑफिस सिस्टम इस साल एक जनवरी से शुरू हो चुका है और कई विभाग इसी पर सरकारी फाइलों का मूवमेंट कर रहे हैं। इसके अलावा, प्रदेश के सभी कलेक्ट्रेट एक मई से इसी सॉफ्टवेयर पर काम करेंगे। मध्य प्रदेश पुलिस में इसे लागू करने में आ रही समस्याओं के चलते इसे दिसंबर से शुरू किया जाएगा। अफसरों का दावा है कि ई-ऑफिस सिस्टम के जरिए न केवल फाइल के मूवमेंट की स्पीड तेज होगी, बल्कि इसके जरिए भ्रष्टाचार और गोपनीयता भंग होने जैसी कई समस्याओं से भी बचा जा सकेगा।

### मोबाइल और लैपटॉप पर दिखेगी फाइल

ई-ऑफिस शुरू होने के बाद पुलिस के सभी अधिकारी और कर्मचारी कंप्यूटर पर बैठकर फाइलें निपटाएंगे और इन फाइलों को आगे भेजने के लिए किसी सहायक की भी जरूरत नहीं होगी। अधिकारी अब मोबाइल और लैपटॉप के जरिए किसी भी स्थान से फाइल देख सकेंगे। पुलिस को उम्मीद है कि इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए न केवल फाइलों के मूवमेंट की रफ्तार तेज होगी बल्कि इसके जरिए जल्द फैसले लिए जा सकेंगे।

### ऐसे काम करेगा ई-ऑफिस सिस्टम

- 1 जनवरी से मध्यप्रदेश में सीएम ऑफिस, मंत्रालय और अन्य विभागों में लागू हो गई है ई-ऑफिस प्रणाली।
- प्रशासनिक काम तेज और पारदर्शी बनाने के साथ पेपरलेस प्रक्रिया के कारण पर्यावरण की भी बचत।
- कागजी उपयोग कम होने और फोटोकॉपी न लगने के कारण सरकार की स्टेशनरी का खर्च भी बचेगा।
- फाइल में लगे चुनिंदा दस्तावेज भी पढ़ने की मिलेगी सुविधा, कागजी नोटशीट बनना होगी बंद।
- पुरानी फाइलें भी स्कैन कर सिस्टम में अपलोड होंगी, फाइल खोजने और मूवमेंट में लगने वाले समय की होगी बचत।
- अधिकारी और कर्मचारी डिजिटल फाइल पर देंगे टीप, ऑनलाइन ही मिलेगी मंजूरी।
- हर फाइल की रियल टाइम ट्रैकिंग के जरिए फाइल अटकाने वाले कर्मचारी या अधिकारी की जिम्मेदारी होगी तय।
- इंटर ऑफिस इंफॉर्मेशन के लिए भी डैशबोर्ड और ई-मेल सिस्टम होगा।

**किसान संगठनों ने सीएम को लिखा पत्र**

# पराली जलाने को लेकर सरकार का निर्णय गलत

**भिंड, भोपाल।** अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव बादल सरोज ने राज्य सरकार द्वारा पराली जलाने पर किसानों की फसल एमएसपी पर नहीं खरीदने के निर्णय को अनुचित ठहराया है। उन्होंने कहा कि यह निर्देश दिया जाना पूरी तरह से अनुचित है। किसान संगठनों ने इस संबंध में सीएम को पत्र भी लिखा है। संयुक्त सचिव बादल सरोज ने कहा कि इस मामले में जो जानकारी सामने आ रही है उसमें पराली और नरवाई को एक ही श्रेणी में रखा गया है। इससे यह साफ होता है कि सरकार का खेती ज्ञान कितना सीमित है। नरवाई गेहूं काटने के बाद बचा हुआ गेहूं के पौधे का शेष हिस्सा है जो भूसा बनाने के काम आता है और बाजार में आज भूसे की कीमत 1000 रुपए प्रति क्विंटल है। उसको किसान नहीं जलाता है। पराली धान की होती है जो धान काटने के बाद बचता है। उसे कई बार किसान खेत में जला देते हैं परन्तु मध्य प्रदेश में धान की पैदावार कम है और ऊपर से आमतौर पर पराली जलाने का काम किसान नहीं करते हैं। बल्कि उसे खेत में मिलाकर खाद के रूप में उपयोग करते हैं। नेताओं ने कहा कि आगामी दिनों में संयुक्त किसान मोर्चे की राज्य स्तरीय मीटिंग में इस संबंध में विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। मप्र किसान सभा के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रहलाद बैरागी, किसान जागृति संगठन प्रमुख इरफान जाफरी किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी महासचिव अखिलेश यादव ने सरकार के इस तरह के निर्देश की कड़ी निंदा की है। इस संबंध में किसान संगठनों की ओर से एक पत्र भी मुख्यमंत्री को भेजा गया है।

# लोकल यूथ सर्वेयरों को 10 माह से नहीं मिला मानदेय, आर्थिक स्थिति खराब



**जागरण ब्यौहारी।** शहडोल जिले के तहसील ब्यौहारी जैतपुर , गोहपारू ,बुढार जयसिंहनगर तहसील के लोकल यूथ सर्वेयर को 10 माह से उनका मानदेय नहीं मिला है जबकि वह फील्ड में कड़ी मेहनत करते हैं जुलाई 2024 से लगातार काम कर रहे हैं अभी हाल ही में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा हर किसान की फार्मर आईडी अलग करने का कार्य भी इन्हीं से करवाया गया फार्मर आईडी जिसको किसान कार्ड के नाम से भी जाना जाता है इसके अलावा फसल सर्वे का भी काम किया गया राजस्व विभाग के प्रत्येक कार्य में उनके द्वारा सहयोग किया जाता है किंतु 10 माह बीत जाने के बाद भी किसी भी सर्वेयर को मानदेय नहीं दिया गया जिस कारण से कलेक्ट्रेट में लोकल यूथ सर्वेयरों संघ द्वारा कलेक्ट्रेट में नारेबाजी की गई और ज्ञापन दिया गया जिसमें डिप्टी कलेक्टर द्वारा आश्वासन दिया गया कि आप लोगों का मानदेय 15 दिन के अंदर आपके खाते में आ जाएगा और आप लोगों का पहचान पत्र भी तहसील के माध्यम से सभी को प्राप्त हो जाएगा सभी सर्वेयरों ने मुख्यमंत्री से शीघ्र मानदेय दिलाए जाने की मांग की है।

## 1 मई को बैंक मित्र संगठन करेगा विरोध प्रदर्शन

**जागरण ब्यौहारी।** बैंक मित्र संगठन ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि हम लोगों के ऊपर बैंकों के द्वारा अनावश्यक दबाव बनाया जाता है वर्तमान में प्रधानमंत्री जन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और भी कई बीमा योजनाएं जबरदस्ती ग्राहकों को देने का दबाव बनाया जाता है हर एक कियोस्क सेंटर को लक्ष्य दिया जाता है लक्ष्य पूरा न करने पर बैंक की आईडी बंद कर दी जाती है जिला अध्यक्ष शहडोल अभिषेक गौतम ने बताया कि बीमा योजना लेने के लिए हम ग्राहकों से आग्रह करते हैं लेकिन समस्या यह है कि एक व्यक्ति के कई खाते होते हैं और दूसरे जगह से वह इस योजना का लाभ ले चुका होता है तो हमारे यहां से कैसे लाभ लगा इसके अलावा कुछ लोग बीमा नहीं करवाना चाहते बीमा करवाने को कहते हैं तो कहते हैं हमारा खाता बंद कर दो वैसे भी बीमा आग्रह की विषय वस्तु है जबरदस्ती दी जाने वाली चीज नहीं लेकिन बैंकों द्वारा लगातार बैंक मित्रों को प्रताड़ित किया जाता इस संबंध में यदि शीघ्र ही जिला प्रशासन द्वारा बैंक मित्रों को आस्वस्त नहीं किया जाता तो 1 में मजदूर दिवस के दिन सभी बैंक मित्र काली पट्टी बांधकर जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## सरस्वती विन्ध्यनगर में ईको क्लब द्वारा पर्यावरण जागरुकता का आयोजन



**जागरण विन्ध्यनगर।** पर्यावरण के प्रति सजगता एवं जागरुकता का अभियान सरस्वती विन्ध्यनगर में पिछले कई दिनों से ईको क्लब प्रभारी एवं वरिष्ठ आचार्य श्रीमती चित्रा भारती के द्वारा प्राचार्य मुद्रिका प्रसाद दुबे के निर्देशन में चलाया जा रहा है जिसमें छात्रों के मध्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक निषेध वृक्ष संरक्षण का सकल्प दोहराया गया।

## नन्हा सा दिल प्रोजेक्ट के साथ हृदय जांच शिविर आरंभ



**जागरण देवसर।** आज देवसर ब्लॉक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल एनसीएल और मध्य प्रदेश सरकार के संयुक्त प्रयास से नन्हा सा दिल प्रोजेक्ट के साथ हृदय जांच शिविर आरंभ किया गया ब्लॉक देवसर में विधायक विश्वामित्र पाठक और आरबीएसके डॉक्टर ने शिविर की गाड़ी को हरि झंडी दिखायी कार्यकर्म में श्री सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल की टीम निरंजन त्रिपाठी रंजीता बिस्वास गौरी अंजू गुरुबारी सब्या और शिबू उपस्थित थे कार्यकर्म के अंतरगत आज 235 बच्चों की जाच की गई है जिसमें 5 बच्चों में हृदय रोग से संबंध लक्षण मिले।

## लमसरई विद्यालय में अभिवकों और शिक्षकों के बीच तनातनी

**जागरण चितरंगी ।** जिले के चितरंगी विकास खंड अंतर्गत लमसरई विद्यालय में छात्र वृत्ति गणवेश साईकिल वितरण में गड़बड़झाला की शिकायत पर जांच करने पहुंचे एसडीएम तो जांच टीम के पहुंचने से पहले ही प्रिंसिपल वहां से रफूचक्कर हो लिए। जानकारी के मुताबिक एसडीएम के द्वारा लमसरई विद्यालय में अटैच शिक्षक नृपेन्द्र सिंह को शून्य शिक्षकीय शाला हर्रईया प्राथमिक शाला में वापस भेज दिया गया साथ पटवारी हल्का देवरा नृपेन्द्र सिंह का निरीक्षण करने का आदेश दिया है सूत्रों ने बताया कि तीन वर्षों से पालक शिक्षक संघ का चुनाव नहीं हुआ पुराना अध्यक्ष तीन वर्षों से सुरत गुजरात में रहता है जिसका फर्जी हस्ताक्षर से विद्यालयीन राशि का आहार कर लिया जाता है लोगों ने प्रिंसिपल उदय बहादुर सिंह जो विद्यालय में कभी कभार ही आते पूरा उनका लड़का प्रिंसिपल का कमान संभाल रखा है साथ लोगों ने कलेक्टर का ध्यानाकर्षण विद्यालय में भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए विद्यालय की व्यवस्था को दुरूस्त करवा दिया जाय।

### इनका कहना है

कलेक्टर के निर्देश पर लोगों द्वारा की गई शिकायत की जांच की है जो भी तथ्य सामने आए हैं उनका जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को भेज दिया जाएगा।

**सुरेश जादव**
**एसडीएम चितरंगी**

## वन संपदा की सुरक्षा करने हम सब की नैतिक जिम्मेदारी - रवि शेखर सिंह

**जागरण चितरंगी।** वन परिक्षेत्र चितरंगी के कक्ष क्र. आर 12 बगदरा कला के जंगल मे आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। बीट प्रभारी सुरेश प्रजापती ने मौके से पहुच कर अपने चौकीदार एवं ग्रामीणों के सहयोग से इस तपती धूप में आग को बुझाने के लिए कड़ी मेहनत किया । लेकिन गर्मियों में पेड़ो के पत्ते सभी झड़ जाते है जंगलो में खड़पतवार होने से हवाओ में आग फैलने में अधिक मौका रहता है। लकिन सभी के सुखबूझ से खरपतवार की कटिंग कर आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों द्वारा आग को बुझाने में अपनी एक अहम जिम्मेदारी को दिखाया इसलिए बहुत जल्द ही विकराल रूप धारण किया आग को नियंत्रित कर लिया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी रवि शेखर सिंह ने इस घटना पर नज़र बनाये रखने से उचित मार्गदर्शन करते रहे। अंततः सफ्लता हासिल हुई। श्री सिंह ने आम जन मानस से अपील किया हैं कि वन संपदा से जसमे सब कुछ मिलता है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण ऑक्सीजन मिलती है जो जीवन उसके बैगर एक पल जिन मुश्किल होता है। इसलिए सभी आम जन मानस से मेरी अपील हैं कि वन सुरक्षा अपनी नैतिक जिम्मेदारी है। अपने खुद के फायदे केलिए वन को छति नही पहुचाये।

## सीईओ जिला पंचायत ने किया खेत-तालाब का निरीक्षण



**जागरण मंडला।** नारायणगंज क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने ग्राम मुकासखुर्द में खेत तालाब के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने कहा कि श्रमिकों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए। जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत ब्लॉक के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य प्रारंभ करवाएं। खेत तालाब की संरचनाओं के निर्माण के साथ-साथ अमृत सरोवर और डकवेल के कार्य भी कराएं। जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाकर हमें वर्षा जल का अधिक से अधिक संचय करना है। सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि हितग्राहियों को मत्स्य पालन के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होने हितग्राहियों से बात कर उन्हें बहुउद्देशीय खेती अपनाने की सलाह दी।

## बबलिया माल में जल गंगा संवर्धन अंतर्गत पानी चौपाल का आयोजन

**जागरण मंडला।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बबलिया माल में पानी चौपाल का आयोजन किया गया। सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट जल संरक्षण और संवर्धन के उपायों पर केंद्रित 'पानी चौपाल' के इस कार्यकम में शामिल हुए। उन्होंने जल बचाने के विभिन्न उपायों के विषय पर चर्चा की, जिसमें डकवेल रिचार्ज और अन्य पारंपरिक तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। सीईओ जिला पंचायत ने मनरेगा योजना के तहत खेत तालाब और परकोलेशन टैंक के माध्यम से वर्षा जल का अधिक से अधिक संचय करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अमृत सरोवर, बावड़ी जीर्णोद्धार और नए कूपों के निर्माण पर भी विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## सीईओ जिला पंचायत ने किया कंटूर ट्रेंच का अवलोकन

**जागरण मंडला।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने विकासखंड नारायणगंज के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बबलिया पहुंचकर कंटूर ट्रेंच आदि निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। श्री कूमट ने निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी लगातार क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए कार्यों को बेहतर गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं। कंटूर ट्रेंच के कार्यों में पानी के बहाव को ध्यान में रखकर साइट सेलेक्ट करने पर विशेष ध्यान दें। कंटूर ट्रेंचिंग में रिज टू वैली कान्सेप्ट को अपनाएं जिससे वर्षा जल का अधिक से अधिक संचय हो सके। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत नारायणगंज सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## बाल विवाह मुक्त भारत पर आधारित कार्यशाला का आयोजन




**जागरण मंडला।** जनपद पंचायत बिछिया में जन-प्रतिनिधियों, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद बिछिया की उपस्थिति में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों को बाल विवाह रोकने हेतु टास्क फोर्स की जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल विवाह एक कुरीति है इसे हमें खत्म करना है। विशेष रूप से 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के मुहूर्त में होने वाले विवाहों में बाल विवाह न हो सके इस हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में भी अवगत कराया गया, साथ ही महिला एवं बाल विकास परियोजना बिछिया तथा जनपद पंचायत बिछिया के अधिकारी, कर्मचारी द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत हेतु शपथ ली गई।

## वनग्राम सिमरधा में मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह का हुआ आगमन

### वन अधिकार पट्टा और पेयजल समस्या पर हुई चर्चा



**जागरण डिंडोरी।** जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह आज जिले के विकासखंड समनापुर के ग्राम सिमरधा के दौरे पर पहुँचे। इस अवसर पर गांववासियों के साथ वन अधिकार, जल संकट और अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूद्रेश परस्ते, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम, जनपद अध्यक्ष समनापुर श्रीमती पार्वती कुशराम, जनपद अध्यक्ष डिंडौरी श्रीमती आशा सिंह, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य विभाग श्री गुलशन बामरा, पीसीसी हॉफ श्री असीम श्रीवास्तव, जिला प्रशासन से कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या, सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, वनमंडल अधिकारी सामान्य श्री पुनीत सोनकर, वनमंडल अधिकारी उत्पादन श्री हरिओम, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रियों के स्वागत के साथ हुई, जिसमें स्थानीय आदिवासी समुदाय ने पारंपरिक तरीके से मेहमानों का अभिनंदन किया। इसके बाद जनसभा का आयोजन हुआ, जहाँ ग्रामीणों ने अपनी समस्याएँ खुलकर सामने रखीं। ग्रामीणों ने बताया कि आज भी अनेक परिवारों को वनाधिकार पट्टे नहीं मिले हैं, जिससे वे अपनी ज़मीन पर अधिकार से खेती नहीं कर पा रहे हैं। इसके साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सिमरधा समेत आसपास के गांवों में पानी की कमी बनी रहती है। गर्मियों में हैंडपंप और कुएं सूख जाते हैं जिससे ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिसमें मंत्री डॉ. शाह ने पीएचई विभाग को निर्देशित करते हुए कहा 15 दिवस के अन्दर पेयजल की व्यवस्था कराई जाए। इसके अंतर्गत तालाब गहरीकरण, चेक डैम निर्माण और वर्षा जल संचयन पर जोर दिया जाए।

मंत्री के सामने मंगली बाई बैगा जैसे ही एक किलोमीटर दूर से पानी लाने की समस्या सामने रखी तो मंत्री ने पीएचई अधिकारियों के सामने खड़ा कर बोले कि एक महीने के अंदर अधिकारी ग्रामीणों को पानी उपलब्ध कराई जाए।

मंत्री डॉ. कुवंर विजय शाह ने अपने उदबोधन में कहा कि बैगा आदिवासियों को वन अधिकार पट्टे न मिलने के कारण अधिकारियों से नाराजगा जाहिर की । मीडिया से चर्चा के दौरान डॉ. शाह ने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारियों की लापरवाही सामने आई है ईमानदारी से काम किया होता तो इन लोगों को पट्टा मिल गया होता।

ग्रामीणों के सामने अधिकारियों को फटकारा और कहा कि ईमानदारी से काम करिए ,देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री मोहन यादव इन गरीब बैगा आदिवासियों के चेहरे में मुस्कान देखना चाहते है। सिमरधा गांव में समस्याएं थी उनको दूर करने मैं यहां आया हूँ। बैगा आदिवासियों को चार हेक्टेयर का वन अधिकार पट्टा मिलना चाहिए लेकिन उन्हें मात्र दो हेक्टेयर का मिला है। उन्होनें कहा कि आपके द्वारा जितनी भूमि कब्जा या वर्षो से खेती करते आ रहे हैं, उसका पूरा पट्टा दिया जाएगा एक व्यक्ति को अधिकतम 4 हेक्टेयर वनभूमि के पट्टे शासन के नियमानुसार दिए जा सकते हैं। जानकारी के अनुसार सिमरधा गांव में लगभग 72 बैगा आदिवासियों ने वन अधिकार के लिए दावा किया है उसमें से मात्र 35 लोगों को ही पट्टा मिल सके है। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 15 दिवस के अन्दर मैं अपनी पत्नी के साथ फिर आउंगा और गांव वालों के साथ हम सब मिलकर भोजन करेंगे। इस दौरान सिमरधा गांव के लोगों के द्वारा पानी की समस्या मंत्री के समक्ष रखी गई। इस पर जनजातीय कार्य मंत्री द्वारा कहा कि मैं जब आउंगा तो पानी की समस्या का हल हो जाना चाहिए। उन्होंने इसके लिए पीएचई विभाग के अधिकारियों के लिए निर्देश दिए। मंत्री डॉ. शाह ने गांव में पानी की व्यवस्था करने के लिए 15 लाख रूपए स्वीकृत करने की घोषणा की। मंत्री डॉ. शाह ने पैसा एक्ट की जिला स्तरीय समिति के सदस्यों से वन अधिकार पट्टों के विषय में विस्तृत चर्चा की। और सभा में उपस्थित कुंवर सिंह मरावी चैन सिंह मरावी, भादू, हीरा सिंह मरावी, किसानों से वन टू वन चर्चा की और उन्हें नियमानसार वन अधिकार काबिज भूमि का पट्टा दिलाने का आश्वासन दिया।

मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने महिला बाल विकास विभाग द्वारा लगे प्रदर्शनी का स्वादिष्ट कोदो कुटकी एवं बैगा परिवेश का स्वादिष्ट भोजन व पोषण आहार का आनंद उठाया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोक कलाकारों के साथ मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह मांदर बजाकर कलाकारों के साथ झूमें। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि यदि ये घोषणाएँ जमीनी स्तर पर लागू होती हैं तो उनका जीवन स्तर निश्चित रूप से सुधरेगा। इससे ग्रामीणों को यह विश्वास भी मिला कि उनकी समस्याएं सुनी जा रही हैं और सरकार उनके हित में गंभीर है।

# लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके ने ली विभागीय समीक्षा बैठक




### जल जीवन मिशन और नल-जल योजनाओं की प्रगति की हुई गहन समीक्षा

**जागरण डिंडोरी।** लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी विभाग मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके की अध्यक्षता में आज शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूद्रेश परस्ते, जिलाध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, अध्यक्ष जनपद पंचायत मेंहदवानी श्री रामप्रसाद तेकाम, जनपद पचांयत अध्यक्ष बजाग श्रीमती फूलकली, जनपद पचांयत अध्यक्ष डिंडौरी श्रीमती आशा सिंह, जनपद पचांयत करंजिया श्रीमती गीता, जनपद पचांयत समनापुर श्रीमती पार्वती, मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित प्रबंध संचालक श्री के व्ही एस चौधरी, कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या, सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार, अपर कलेक्टर श्री सुनील शुक्ला, कार्यपालन यंत्री पीएचई श्री इमाम उल्ला खान एवं जलजीवन मिशन के अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री श्रीमती उइके ने लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से नल-जल योजनाओं की स्वीकृति की स्थिति, जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की अद्यतन प्रगति तथा हर घर जल के लक्ष्य एवं अब तक की उपलब्धियों का अवलोकन किया।

मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने जल जीवन मिशन के तहत घोषित और प्रमाणीकरण प्राप्त ग्रामों की स्थिति पर भी विस्तृत चर्चा की और निर्देश दिए कि जिन ग्रामों में अभी प्रमाणीकरण शेष है, वहां शीघ्र कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने पुनरीक्षित योजनाओं के क्रियान्वयन, कार्यात्मक परीक्षणों की गुणवत्ता, रोड रेस्टोरेशन कार्यों की स्थिति के त्वरित निराकरण पर भी बल दिया।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने जल आपूर्ति से संबंधित विभिन्न समस्याओं, परियोजनाओं की प्रगति और समाधान की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी प्रस्तुत की। मंत्री श्रीमती उइके ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए ताकि ग्रामीण जनता को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत 2021 से जो ठेकेदार समय सीमा के अन्दर अपना कार्य पूर्ण नहीं किए जा सके हैं उन्हें ब्लैक लिस्ट किया जाए और उनका भुगतान न किया जाए। विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे ने ग्राम आनाखेडा, सारंगपुर पडरिया, सारसताल में पानी की समस्या रखी। जिसपर मंत्री श्रीमती उइके ने त्वरित कार्यवाही करते संबंधित अधिकारियों को दो दिवस के अन्दर पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए और लापरवाही करने वाले अधिकारियों के पर कार्यवाही की जाएगी। मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मनरेगा योजना से कई बडे-बडे कार्य किए जा सकते हैं जो ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए वरदान सिद्ध हो सकते हैं। मंत्री श्रीमती उइके ने बैठक के दौरान पीएचई एवं जल जीवन मिशन में कार्यरत इंजीनियर, एसडीओ सहित अन्य अधिकारियों को अपनी पदस्थापना स्थान पर रहकर कार्यों में प्रगति लाएं। लापरवाही करने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाएगी। शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे ने बैठक के अंत में मंत्री श्रीमती उइके एवं अन्य का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज मैं जब अपने विधासभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जाता हूं तो गांव के लोग एक या दो छोटी मोटी समस्याओं को लेकर आते हैं। पिछले वर्षों की तुलना में आज ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याएं कम हुई हैं, इससे प्रतीत होता है कि शासन की योजनाएं धरातल पर जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि लग्न के साथ ग्रामीण लोगों की समस्याएं निरंतर कम करने का प्रयास किए जा रहे हैं। सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते एवं विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे ने भी क्षेत्रीय जल आपूर्ति से जुड़ी जमीनी समस्याओं पर अपने सुझाव रखे और अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यों में तेजी लाने का आग्रह किया।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित मुद्दे उठाए, जिन पर मंत्री श्रीमती उइके ने समाधान हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सभी अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करने के निर्देश दिए गए।

# ट्राले ट्रक ने जाइलो कार को मारी टक्कर, घसीटकर ले गया 20 फीट



पीछे से आ रहे दूसरे ट्राले में जा फंसा वाहन

**जागरण, पवई ।** दोनो ट्राले ट्रक ओवर टेक के चक्कर में हुआ हादसा मामला आमा नर्सरी केन नदी पुल के पास का 4 लोग घायल जिनमे एक की हालत गंभीर कटनी रेफर कटनी से मोहन्द्रा जाते समय हुआ हादसा शाहनगर थानान्तर्गत शाहनगर क्षेत्रांतर्गत एन एच 43 पर पन्ना रोड एन एच 43 आमा नर्सरी के पास केन नदी पुल रोड पर ट्राला ट्रक क्रमांक एन एल 01ए एच 84 73 एवं एन एल 01ए एच 8475दोनों वाहन पवई से कटनी जा रहे थे जैसे ही वाहन शाहनगर थानान्तर्गत आमा नर्सरी केन नदी स्थित पुल से गुजरे तभी सामने से जाइलो कार एम पी 35जेड सी 6898 मे 5 लोग सवार होकर पन्ना जिले के मोहन्द्रा जा रहे थे तभी दोनों ट्राला ट्रकों की ओवर टेक के चक्कर मे जालों कार जा फंसी और करीबन 20फीट तक ट्रक के बीच घसीटकर चली गयी तभी पीछे जा रहे ट्रक में जा फंसी जिसमे सवार मनोज चौरसिया पिता सुनीत चौरसिया उम्र 40वर्ष निवासी मोहन्द्रा अरूण विश्वकर्मा पिता कृपालु विश्वकर्मा 21वर्ष निवासी दनवारा सुखदेव पिता प्रभुदयाल 41वर्ष निवासी दनवारा विजय सोनी पिता गोविन्द सोनी उम्र 31वर्ष दनवारा एवं योगेन्द्र दुबे दनवारा उम्र 21वर्ष सवार थे जिनकी कार बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गयी घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गयी जानकारी मिलते ही शाहनगर पुलिस ने सभी घायलों को शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जिनमे अरूण सोनी एवं मनोज चौरसिया की हालत गंभीर होने पर कटनी रेफर कर दिया गया ।

## 295 पाव शराब के साथ दो आरोपियों को पकड़ा



**पन्ना ।** पन्ना जिले में अवैध शराब के विरुद्ध संचालित अभियान में आबकारी विभाग द्वारा आज वर्तमान माह में चौथी बड़ी कार्रवाई की गई। विभागीय टीम ने दो व्यक्तियों को मोटर साईकिल से 295 पाव देशी शराब का अवैध परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया है। आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस संबंध में सूचना प्राप्त होने पर ग्राम कोहनी से हरद्वाही की तरफ बाइक से शराब के परिवहन पर उक्त कार्यवाही की गई। आबकारी दल द्वारा दो पहिया वाहन चालक को रोककर पूछताछ की गई तो एक आरोपी ने अपना नाम राजाराम लोधी निवासी ग्राम कोहनी पुलिस चौकी बराछ थाना कोतवाली पन्ना और दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम सोनू लोधी निवासी ग्राम कोहनी बताया। मौके पर ही जब मोटरसाईकिल पर रखी बड़ी बोरी की विधिवत तलाशी ली गई तो उसमें छह कागज के कार्टून में 295 पाव देशी शराब प्लेन कुल मात्रा 53ण्1 बल्क लीटर अवैध शराब कीमती 22ए125 रुपए बरामद हुई। आरोपियों द्वारा शराब परिवहन संबंधी कोई वैध परमिट या लायसेंस के बारे में जानकारी नहीं दी गई। इस पर टीम ने आरोपियों को मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34;2द्ध के अपराध में मौके से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि अवैध शराब का कारोबार मूलतः गुड्डू सिंह निवासी ग्राम कोहनी द्वारा किया जाता है। ये दोनों उसके लिए अवैध शराब लाने और भेजने का कार्य अपनी मोटर साईकिल से करते हैं। प्रकरण की विवेचना जारी है। दोनों आरोपियों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय पन्ना में प्रस्तुत किया गयाए जहां से दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल पन्ना भेज दिया गया।

## नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के जरिए होगा प्रकरणों का निराकरणए हुई प्रि.सिटिंग बैठक



**पन्ना ।** आगामी 10 मई को जिला एवं तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में आपसी राजीनामा के जरिए अधिकतम प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर सेंटर में प्रि.सिटिंग बैठक आयोजित की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन व विशेष न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव की अध्यक्षता तथा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ की उपस्थिति में हुई बैठक के अवसर पर आवेदक अनावेदक एवं बीमा कंपनी के अभिभाषकों के साथ क्लेम प्रकरणों के निराकरण पर चर्चा की गई। नोडल अधिकारी ने सालसा द्वारा क्लेम प्रकरणों में प्रतिकर राशि के संबंध में जारी गाइडलाइन अनुसार उभयपक्ष के मध्य विस्तार से चर्चा कर प्रतिकर राशि पर सहमति बनाई एवं प्रपोजल भी तैयार करवाया। बीमा कंपनी से सहमति प्राप्त होने के उपरांत सभी प्रकरणों का लोक अदालत में राजीनामा से निराकरण हो सकेगा। प्रि.सिटिंग बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेनए बीमा कंपनी के अभिभाषक किशोर श्रीवास्तवए एमण्एलण् अवस्थीए आवेदक अधिवक्ता पवन शुक्लाए विनोद तिवारीए रोशन तिवारीए कृपाशंकर पाण्डेयए राजेश तिवारीए विजय सिंह राजपूतए आनंद त्रिपाठीए करण सिंह भी उपस्थित रहे।

## गुनौर विधायक ने पीएम श्री स्कूल सलेहा के विद्यार्थियों से किया संवाद, विकास कार्यों की दी सौगात




**पन्ना ।** गुनौर विधायक डॉण् राजेश वर्मा ने शनिवार को सलेहा क्षेत्र में मोटर साईकिल से भ्रमण कर आमजनों की समस्याएं सुनीं। साथ ही पीएम श्री शासकीय उण्माण् विद्यालय सलेहा का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। विद्यार्थियों से संवाद के दौरान विधायक ने बच्चों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा शौचालय व्यवस्था में सुधारए क्रिकेट सामग्री की उपलब्धता एवं सांस्कृतिक भवन एवं छात्र.छात्राओं के लिए पृथक कक्षाओं के संचालन के लिए भी कहा। उन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान कहा कि अध्ययन के साथ अपनी रूचि के खेल में भी जरूर सहभागिता करें। विद्यालय प्राचार्य को बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं स्कूल में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश देते हुए फ्रीजर लगवाने की बात भी कही। विधायक डॉण् वर्मा द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सलेहा के प्राचीन तालाब में स्थानीयजनों के साथ श्रमदान कर साफसफाई की गई एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया। उन्होंने अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। विधायक ने नचने में चबूतरा एवं शेड निर्माण का लोकार्पण तथा गंज में बाल सांस्कृतिक मंच का भूमिपूजन भी किया।

## अक्षय तृतीया के लिये गुलजार हुये बजार, गुड्डे गुड़िया के विवाह की निभाई जायेगी परंपरा



**पवई ।** शाहनगर कस्बे में अक्षय तृतीया के मौके पर परंपरागत रूप से सोना.चांदीए बाइकए इलेक्ट्रानिक उत्पाद और कपड़े की जमकर खरीदारी को लेकर बजार गुलजार हो गये हैं । साथ ही मिट्टी से बने गुड्डे.गुड्डियों की वर्षों से चली आ रही परंपरा इस दिन निभाई जायेगी अक्षय तर्तीया को आक्ती तीज के नाम से भी जाना जाता है । अगामी 30 अप्रेल दिन बुधवार को मनाये जाने वाले इस पर्व को कस्बे में गुड्डे.गुड़ियों का भी बाज़ार सजकर तैयार है जहां नव युवतियों इस त्यौहार को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है एकस्बे के ज्योतिषाचार्य सुरेश कुमार दुबे ने बताया की हिंदू पंचांग के अनुसारए हर साल वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की तीज तिथि को अक्षय तृतीया मनाई जाती है। इस साल यह पर्व 30 अप्रैल 2025 को मनाया जा रहा है। यह दिन हिंदू धर्म में बहुत ही खास माना गया है ।

## मंडी में पानी की किल्लत समाप्त, किसानों को मिलने लगा पानी

**जागरण, पवई ।** पवई कृषि उपज मंडी में बीते कुछ दिनों से चल रही भीषण जल संकट की समस्या अब समाप्त हो गई है। मंडी परिसर में किसानों को अब पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो रहा है। सबमर्सिबल पंप जल जाने के कारण किसानों को 19 और 20 अप्रैल 2025 को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा थाए जिसे पत्रिका ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबरों के प्रकाशन के बाद प्रशासन और मंडी समिति ने त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान किया। मंडी परिसर में नया सबमर्सिबल पंप स्थापित कर दिया गया हैए जिससे मंडी क्षेत्र में नियमित जल आपूर्ति बहाल हो गई है। इससे किसानों ने राहत की सांस ली है। अब खरीदी कार्य भी व्यवस्थित ढंग से संचालित हो रहा है।

**मंडी प्रशासन ने की अतिरिक्त व्यवस्थाएं :** मंडी एएसआई अनिरुद्ध गौतम ने जानकारी दी कि मंडी में किसानों की सुविधा के लिए अतिरिक्त इंतजाम भी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 500 लीटर



और 100 लीटर की पानी की टंकियां बोरी से बांधकर रखवा दी गई हैंए जिससे किसानों को दिनभर ठंडा और स्वच्छ पानी मिल सके। साथ ही 10 नए मटके भी खरीद लिए गए हैंए जिन्हें कल मंडी परिसर में रखवा दिया जाएगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य यह है कि मंडी में आए किसी भी किसान को अब पानी के लिए भटकना न पड़े।

**किसानों ने जताया आभार :** मंडी में अपनी उपज बेचने आए किसानों अमन सिंहए यादवेंद्र सिंहए और मुन्ना पटेल ने बताया कि पानी की समस्या अब पूरी तरह समाप्त हो गई है। मंडी में स्वच्छ पानी मिलने से उन्हें भारी राहत मिली है। किसानों ने पत्रिका समाचार पत्रए प्रशासन एवं मंडी समिति का आभार जतायाए जिन्होंने उनकी समस्या को गंभीरता से लिया और त्वरित समाधान किया।

**प्रशासनिक सतर्कता से बनी व्यवस्था :** मंडी सचिव ने बताया कि भविष्य में जल संकट से बचने के लिए वैकल्पिक जल स्रोतों पर भी कार्य योजना तैयार की जा रही है। साथ ही मंडी में सफाई और स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि किसान और व्यापारी दोनों को एक सुविधाजनक वातावरण मिल सके।

**अब मंडी में खरीददारी हो रही सहज :** पानी की समस्या के समाधान के बाद मंडी में खरीदी कार्य पूरी तरह से सुचारू हो गया है। किसानों को अब आराम से अपनी उपज बेचने और मंडी परिसर में आवश्यक सुविधाओं का लाभ उठाने का अवसर मिल रहा है।

# 1 से 7 मई तक होंगे पंजीयन कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने तैयारी बैठक में दिए निर्देश

**जागरण, पन्ना ।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आगामी मई माह में किया जाएगा। इसमें 9 से 18 वर्ष आयु वर्ग के स्कूली छात्र.छात्राएं अपनी रूचि अनुसार निर्धारित खेल विधाओं में सहभागिता कर सकेंगे। इसके लिए आगामी 1 से 7 मई तक पंजीयन किया जाएगाए जबकि जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर खेल प्रशिक्षण शिविर 9 से 31 मई तक आयोजित किए जाएंगे। जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन पन्ना में हॉकी एवं वॉलीबालए छत्रसाल स्टेडियम पन्ना में एथलेटिक्सए मलखम्बए खो.खोए फुटबॉल एवं कबड्डी तथा चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल पन्ना एवं फिटनेस ट्रेनिंग अकेडमी पन्ना में मार्शल आर्ट के तहत वुशूए जु जित्सुए कराते व सेल्फडिफेंस का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसी तरह विकासखण्ड स्तर पर पवई में खो.खो एवं वॉलीबालए गुनौर में कबड्डीए खो.खो एवं मार्शल आर्टए शाहनगर में बॉस्केटबाल एवं कबड्डी तथा अजयगढ़ विकासखण्ड में फुटबॉलए वॉलीबाल एवं मार्शल आर्ट विधा का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सांई



कृष्ण एस थोटा ने प्रशिक्षण शिविर के सफल आयोजन के तारतम्य में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों व खेल प्रशिक्षकों सहित आयोजन से जुड़े विभिन्न संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक सुझाव प्राप्त कर शिविर के बेहतर आयोजन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न खेल में सहभागिता के लिए स्कूलों के माध्यम से अधिकतम विद्यार्थियों के पंजीयन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसी तरह खेलवार प्रभारी की नियुक्ति कर छात्र.छात्राओं को खेल प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। साथ ही विभिन्न माध्यमों से इसका प्रचार प्रसार भी कराया जाए। स्थानीय निकाय द्वारा अस्थायी शौचालय सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का प्रबंध किया जाए। समन्वय के साथ खेल स्थल पर समय पूर्व जरूरी मरम्मत कार्य भी पूर्ण कर लें। उन्होंने मेडिकल टीम की तैनातीए विभिन्न खेलों के बैनर बनवाने और गर्मी के मौसम में आवश्यक प्रबंध सहित खिलाड़ियों के लिए जनसहयोग एवं स्थानीय प्रशासन के माध्यम से स्वल्पाहार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। विकासखण्ड स्तर पर खेल गतिविधियों के संचालन के लिए खेल प्रशिक्षकों को आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में एसडीएमए एसडीओपी एवं जनपद पंचायत सीईओ से आवश्यक समन्वय के लिए निर्देशित किया गया।

बैठक में प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक शिविर उपरांत पांच मिनिट के बौद्धिक चर्चा सत्र के आयोजन एवं खिलाड़ियों के स्वास्थ्य परीक्षण पर भी चर्चा की गई।पुलिस अधीक्षक ने खेल मैदान की व्यवस्थाओंए प्रशिक्षक एवं पीटीआई के दायित्वए शासकीय एवं निजी विद्यालयों के अधिकाधिक छात्र खिलाडियों की सहभागिता तथा टैलेन्ट सर्चए खेल सामग्री की उपलब्धता सहित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की विस्तृत रूपरेखा के बारे में अवगत कराया गया।

## ओबीसी महासभा ने अपनी मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा, भारी पुलिस बल की रही मौजूदगी

**जागरण, पवई ।** रैपुरा में ओबीसी महासभा ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। लगभग ग्यारह बजे अवंतीबाई चौक पर सौ से अधिक लोगों की मौजूदगी रही। उन्होंने पहले अवंतीबाई चौक पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात प्रदर्शन के रूप में रैली निकाली। जो अवंतीबाई से होती हुए कटनी तिराहाए बस स्टैंड होते हुए नवीन मार्केट में समाप्त हुई। यह रैपुरा तहसीलदार चंद्रमणि सोनी एवं प्रभारी एसडीओपी पवई राजीव भदौरिया को ओबीसी महासभा ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि ओबीसी एससी एसटी की आबादी नव्वे फीसदी है फिर भी प्रशासन और समन्वयवादी विचारधारा के लोग की आवाज को कुचल दिया जाता है। उन्होंने इसका विरोध दर्ज कराया। ओबीसी महासभा में बघवार स्थित शराब दुकान के ग्रामीणों के विरोध के बाद भी खोले जाने का विरोध किया। रैपुरा के नीरज लोधी के ऊपर दर्ज एक मामले पर ओबीसी महासभा ने निष्पक्ष जांच की मांग की। किसानों के लिए सरकार द्वारा पूर्व में घोषित चार हजार रुपए प्रति हेक्टेयर का बोनस तुरंत दिया जाए। एवं ओबीसी आरक्षण की को भी ज्ञापन में शामिल किया। इस दौरान रैली में पुलिस की सख्त सुरक्षा व्यवस्था रही जहां पन्ना पुलिस लाइनए सिमरिया थानाए शाहनगर थाना एवं रैपुरा पुलिस की टीम पूरी रैली एवं ज्ञापन के दौरान मौजूद रही।ओबीसी ने विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार रैपुरा को हमारी मौजूदगी में मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। पुलिस थाने में दर्ज एक मामले को लेकर भी ज्ञापन में लेख है उसकी भी हम निष्पक्ष जांच करा कर कार्यवाही करेंगे।

# समग्र एवं पेंशन ई-केवायसी कार्य में कम प्रगति पर सचिव एवं रोजगार सहायक को किया अवैतनिक

**जागरण, पन्ना ।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने समग्र एवं पेंशन ई.केवायसी कार्य में लक्ष्य अनुरूप कम प्रगति पर 12 सचिव एवं 15 रोजगार सहायकों को नो वर्कए नो पे के आधार पर एक से लेकर 10 दिवस तक अवैतनिक करने की कार्रवाई की है। उल्लेखनीय है कि गत 2 से 4 अप्रैल तक जिला कलेक्टर द्वारा जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक में शत.प्रतिशत ई.केवायसी के निर्देश सभी ग्राम पंचायतों को दिए गए थे। जनपद पंचायत द्वारा प्रेषित जानकारी के आधार पर गत 15 अप्रैल तक की प्रगति की समीक्षा जिला स्तर पर की गई एवं न्यून प्रगति पर संबंधितजनों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जबाव चाहा गया था। निर्धारित समयावधि में प्राप्त जवाब समाधानकारक नहीं पाए जाने तथा 24 अप्रैल को ई.केवायसी कार्य की पुनः समीक्षा में अपेक्षित प्रगति न होने पर अवैतनिक करने संबंधी आदेश जारी किया गया है।

अजयगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बरकोला के सचिव हरप्रसाद अहिरवारए मोहाना के जयकरण लोध एवं बीरा के धर्मराज दुबेए शाहनगर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बोरी के समनुआ साहूए जनपद पंचायत पन्ना की ग्राम पंचायत सिलधरा के बाबूलाल अहिरवारए रमखिरिया के रामलखन तिवारीए कुड़ार के ठाकुर प्रसाद यादव एवं जनवार के सूर्यप्रताप यादव तथा गुनौर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पगरा के विष्णु पाण्डेयए सिंघौरा के काशी प्रसाद यादवए विक्रमपुर के पहलवान सिंह राजपूत और सिरी ग्राम पंचायत के सचिव काशी प्रसाद यादव के पारिश्रमिक से निर्धारित दिवस की वेतन कटौती की जाएगी।

इसी तरह जनपद पंचायत अजयगढ़ की ग्राम पंचायत कटर्रा के ग्राम रोजगार सहायक चुनवाद प्रजापतिए बरकोला के रामदेव तिवारीए मोहाना के रामकुमार अहिरवार एवं बीरा के नंदराम यादवए शाहनगर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत गजंदा के सुजान सिंह एवं बिलपुरा के काशीरामए जनपद पंचायत पन्ना की ग्राम पंचायत मकरी कुठार के अशोक वर्माए सिलधरा के लालू प्रसाद यादवए रमखिरिया के बीरेन्द्र मिश्रा ;अतिरिक्त प्रभारद्ध मूल ग्राम पंचायत बृजपुरए सकरिया के लोकेन्द्र सिंह एवं कुड़ार के शिवेन्द्र चनपुरियाए जनपद पंचायत गुनौर की ग्राम पंचायत पगरा के वीरेन्द्र पटेलए सिंघौरा के विक्रम सिंहए सुंगरहा के अनुराग पटेल और ग्राम पंचायत सिरी के रोजगार सहायक नरेन्द्र कुमार पाठक को निर्धारित दिवस के लिए अवैतनिक किया गया है।

## स्वरोजगार की राह चुनकर सफल युवा उद्यमी बने तुषार साहा

**पन्ना ।** पन्ना नगर के कुंजवन निवासी 20 वर्षीय तुषार साहा स्वप्रेरणा से स्वरोजगार की राह चुनकर सफल युवा उद्यमी बने हैं। कम आयु में अपनी स्कूली पढ़ाई पूरी कर अपने लगन एवं परिश्रम की बदौलत तुषार ने कुंजवन आरओ वॉटर के नाम से स्वयं का वॉटर प्लांट स्थापित कर अन्य लोगों को भी रोजगार से जोड़ा है। तुषार ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का लाभ प्राप्त कर वॉटर प्लांट लगाया। उन्होंने उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग से आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर स्वयं का उद्यम स्थापित किया। विभाग में नियुक्त रिसोर्स पर्सन से तुषार साहा को आवेदन एवं बैंक ऋण प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग भी मिला। तुषार ने बताया कि चार माह पूर्व स्थापित आरओ वॉटर प्लांट के लिए पीएमएफएमई योजना से चार लाख 75 हजार रूपए का ऋण प्राप्त हुआ था। इस दौरान मुझे एक लाख 66 हजार रूपए का अनुदान भी मिला।

# शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में टेक्निकल प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित




**जागरण, पन्ना ।** भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में आज इंडस्ट्रियल माइनिंग शूज के स्टैंडर्स विषय पर टेक्निकल क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्राचार्य अरविंद त्रिपाठी द्वारा किया गया। तत्पश्चात संस्था में गठित बीआईएस क्लब के सदस्यों के द्वारा निर्धारित विषय पर उन्हें प्रदाय किए गए तकनीकी प्रश्न पत्र को एक घंटे की समयावधि में हल किया गया। बीआईएस क्लब मानक मित्रों द्वारा हल किए गए प्रश्न पत्र तथा उत्तरों के परीक्षण उपरांत परिणाम जारी किया गया। संस्था प्राचार्य द्वारा प्रथम स्थान पर रहे श्रीपाल चौधरीए द्वितीय स्थान पर रहे जयदीप मिश्राए तृतीय स्थान पर रही मुस्कान गुप्ता तथा चतुर्थ स्थान पर आने वाले मोहित साहू को भारत मानक ब्यूरो की ओर से नकद पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मेंटर रामपाल कुशवाहा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक अतिथि व्याख्याता सचिन चौरसिया एवं निशि पाण्डेय रहे। कार्यक्रम के अंत में नीरज सेन द्वारा आभार माना गया। कार्यक्रम में आशीष त्रिपाठीए महेंद्र अहिरवारए बसंत बागरीए दीपचन्द अहिरवालए मयंक भगतए कृष्ण कुमार अहिरवारए रमा सोनीए ज्योत्सना पटेलए पुष्पेंद्र गौतमए प्रशांत कुमारए शैलेंद्र शुक्लाए प्रसून रेलेए राखी परमारए इरशाद अलीए प्रतिपाल सिंहए सन्नी कचेरए ज्ञानेन्द्र सिंहए अभिषेक नामदेवए सृष्टि नागायचए राजेशए सुशीलए पुनीतए घनश्यामए देवेंद्रए विकासए प्रवीणए शत्रुघनए लोकनाथए प्रसन्नए राखी खंगार सहित समस्त संस्था स्टाफ एवं छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।

# संचातिल कार्यों का कलेक्टर एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**जागरण, टीकमगढ़ ।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उमिता राहुल सिंह तथा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा मनरेगा योजना के तहत संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत माडूमर में सुनारवाली नहर से पुलिया तक एवं ग्राम पंचायत पठा में जगत सागर से सुनार बंदिया तक फीडर चैनल के सफाई कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणजनों से चर्चा की तथा नहर की साफसफाई तथा अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सिंह ने कहा कि नहर की साफसफाई तथा मरम्मत हो जाने से जगत सागर ग्राम पंचायत पठा की वेस्ट वियर का पानी निर्बाध रूप से सोनार की बंदिया तक एवं ग्राम पंचायत माडूमर से निर्बाध रूप से फीडर चैनल द्वारा महेन्द्र सागर तालाब टीकमगढ़ तक पहुंचेगाएजिससे वर्षाकाल में महेन्द्र सागर टीकमगढ की जल क्षमता में वृद्धि होगी। साथ ही ग्राम पंचायतों में निकटवर्ती कृषकों की भूमि में वाटर लेवल बढ़ेगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पठा तालाब का अतिरिक्त पानी जो महेन्द्र सागर तालाब टीकमगढ़ तक जिस मार्ग से आता था उस मार्ग में मिट्टी का पुराव एवं अतिक्रमण हो जाने से महेन्द्र सागर तालाब में पानी की आवक घट गयी है। इस मार्ग की साफसफाई एवं अतिक्रमण हट जाने से महेन्द्र सागर तालाब में पर्याप्त जल की आवक होगी।कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देशानुसार ग्राम माडूमर भाटा में 2ण्08 हेक्टर खुशीलाल पालए भागी पालए मनसुखा पालए कोमल लोधी द्वारा नहर पर किये गये अतिक्रमण को हटवाया गया। साथ ही पठा भाटा में एक हेक्टेयर रकबा से भगतरामए बृजकिशोरए भुवानी भोडेले का कब्जा हटवाया गया। मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित उक्त कार्य से ग्राम में रोजगार.पलायन पर वार अभियान के तहत शहरों की ओर पलायन करने वाले श्रमिकों को उन्हीं की ग्राम पंचायत में पर्याप्त रोजगार उपलब्ध होगाए जिससे श्रमिक ग्राम में ही परिवार के साथ रहकर कार्य कर सकेंगे। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवीत कुमार धुर्वेए एसडीएम टीकमगढ़ लोकेन्द्र सिंह सरलए तहसीलदार टीकमगढ़ए कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी एवं कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभागए सहायक यंत्री एवं एपीओए उपयंत्री मनरेगा एवं सरपंचध्सचिवध्ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत माडूमर एवं पठा उपस्थित रहे।

## गैर अनुदान प्राप्त स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटों में निशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया शुरू

**जागरण, पवई ।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम ;त्ज्म् ।बज 2009द्ध के तहत सत्र 2025.26 के लिए गैर अनुदान प्राप्त मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटों पर निशुल्क प्रवेश की ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसारए पात्र बच्चों को प्रथम प्रवेशित कक्षा ;नर्सरीध्केजीध्कक्षा 1द्ध में प्रवेश का अवसर मिलेगा। प्रक्रिया के तहत 5 मई 2025 से विद्यालयों और उपलब्ध सीटों का विवरण पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाएगा। 7 मई से 21 मई 2025 तक अभिभावक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे तथा किसी भी त्रुटि को 23 मई 2025 तक सुधार सकते हैं। इसके पश्चात अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित जन शिक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। 29 मई 2025 को रेंडमाइजेशन पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्कूलों का आवंटन किया जाएगा। चयनित बच्चों के अभिभावकों को ैडै के माध्यम से सूचना भेजी जाएगी। 2 जून से 10 जून 2025 तक आवंटित स्कूलों में बच्चों का प्रवेश लिया जा सकेगाए तथा स्कूल मोबाइल ऐप के माध्यम से रिपोर्टिंग करेंगे।

### प्रवेश के लिए पात्रता

अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजातिए वन भूमि पट्टाधारी परिवारए विमुक्त जातिए निशक्त बच्चेए भ्प्ट ग्रसित बच्चेए गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों के बच्चेए अनाथ बच्चे तथा मुख्यमंत्री कोविड.19 बाल कल्याण योजना के अंतर्गत लाभान्वित बच्चे प्रवेश के पात्र होंगे।

### आयु सीमा

नर्सरी कक्षारू 3 वर्ष से 4 वर्ष 6 माह
केजी.1रू 4 वर्ष से 5 वर्ष 6 माह
केजी.2रू 5 वर्ष से 6 वर्ष 6 माह
कक्षा 1रू 6 वर्ष से 7 वर्ष 6 माह
अधिक जानकारी के लिए अभिभावक अपने क्षेत्र के विद्यालय या बीआरसी ब्लॉक स्रोत समनयक से संपर्क कर सकते हैं।

# डॉ भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान बरगवां के बरैनिया सामुदायिक भवन में सम्पन्न




**जागरण बैढ़न।** भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली द्वारा आयोजित बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान बरगवां के बरैनिया सामुदायिक भवन में सम्पन्न हुआ। भारतीय जनता पार्टी बाबा साहेब के जयंती सप्ताह को 14 से 28 अप्रैल तक मना रही है। इसी क्रम में यह कार्यक्रम देवसर विधानसभा के बरैनिया में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में लोकसभा सांसद विषय वक्ता के रूप मेपूर्व जिलाध्यक्ष सीधी इंद्रशरण सिंह उपस्थित रहे तथा सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सिंगरौली राम निवास शाह पूर्व विधायक राम लल्लू वैश्य निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय नगर परिषद अध्यक्ष प्रमिला वर्मा अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष मोतीलाल प्रजापति मंचासीन रहे। जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ पितृ पुरुषों एवं बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। अपने स्वागत उद्बोधन में जिलाध्यक्ष ने समस्त अतिथियों यथा आगंतुकों का अभिनंदन किया तथा तय विषय की भूमिका को रखा । जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहेब की जन्म जयंती 14 अप्रैल से लगातार हम सब उनके सम्मान मे कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं तथा ये अनुसूचित जाति प्रबुद्ध जन सम्मेलन के माध्यम से बाबा साहेब के विचारों और उनके योगदान पर चर्चा कर उनको सम्मान देने का काम कर रहे हैं। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि आज बड़े सौभाग्य का विषय है कि मुझे बाबा साहेब के बारे मे बोलने का अवसर प्राप्त हुआ है। आज मैं जिस संसद में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं उसकी रुपरेखा भी बाबा साहेब के सौजन्य से ही तय हुई थी। संविधान निर्मात्री समिति के अध्यक्ष होने के नाते बाबा साहेब को ही संसद के स्वरूप का रचनाकार माना जाता है। बाबा साहेब के योगदान के बारे मे बताना सूरज को दिया दिखाने की तरह है उनके व्यक्तित्व और योगदान के बारे मे बोलते हुए पूरा दिन खत्म हो जाएगा लेकिन उनके योगदानों का पूर्ण रूपेण वर्णन नहीं किया जा सकता है। सांसद जी ने बताया कि बाबा साहेब का सम्पूर्ण जीवन संघर्षों से भरा रहा है। उन दिनों गरीबी और समाजिक छुआछूत की बीमारी ने भारतीय समाज को पंगु बना रखा था। बाबा साहेब ने अपनी शिक्षा विकट विपरीत परिस्थितियों में प्राप्त की और अपनी प्रतिभा से सबको चकित किया। सामाजिक छुआछूत को समाप्त करने के लिए भारतीय समाज में उनसे बड़ा महापुरुष कोई नहीं हुआ। आज विभिन्न राजनीतिक दल एवं संस्थाएं अपने निजी लाभ के लिए बाबा साहेब के बारे में गलत तथ्य प्रस्तुत करते हैंए बाबा साहेब हर तरह से सामाजिक समरसता के पक्षधर थे। वो सदा ही समाज के शोषितों और वंचितों के हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहे और हमारी अंत्योदय की अवधारणा भी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए है। उनके सिद्धांतों के अनुरूप तो भारतीय जनता पार्टी कार्य कर रही है और कांग्रेस एवं अन्य राजनीतिक दल तो उनके नाम पर पाखंड फेला रहे हैं और देश को गुमराह कर रहे हैं। सभा को संबोधित करते हुए विषय वक्ता के रूप में पधारे पूर्व जिलाध्यक्ष सीधी इंद्र शरण सिंह ने कहा कि बाबा साहेब के संविधान मे जो अनुसूचित जाति और जनजातियों को मुख्य धारा में लाने के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी उस पर कांग्रेस सरकारों ने प्रश्नचिन्ह खड़ा किये पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि आरक्षण मूर्खों को स्थापित करने वाली प्रक्रिया है इसे समाप्त कर देना चाहिए यहां तक कि अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण औल आयोग के गठन मे कांग्रेस ने हमेशा बाधा उत्पन्न की। कांग्रेस ने अपने शासनकाल मे 75 से अधिक संविधान संशोधन अपने निजी एजेंडों को साधने के लिए किये तथा भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने राष्ट्रीय हितों के लिए संविधान में संशोधन किए। अपने निजी हितों को साधने के लिए कांग्रेस ने अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग कर चुनी हुई राज्य सरकारों को बर्खास्त किया और देश मे इमरजेंसी थोपी। स्वतंत्र भारत में यदि संविधान का सबसे बड़ा अपमान किया है तो वो कांग्रेस ने किया है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री लालपति साकेत ने किया तथा आभार प्रकट कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष आशा यादव ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री राजकुमार दुबे जिला महामंत्री ध्रुव सिंह प्रवेंद्र धर द्विवेदी अरविंद तिवारी पूनम गुप्ता मंडल अध्यक्ष कमल किशोर गुप्ता कमलेश शाह संदीप झा सौरभ गुप्ता मनोज शाह मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलशरण सिंह सीमा जायसवाल कमलेश वैश्य तथा समस्त कार्यकर्ताओं सहित समाज के अनुसूचित वर्ग से आये सैकड़ों कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान कल के लिए आज से ही जल संरक्षण करने का अभिनव प्रयास : देवेश पांडेय

## नगर निगम अध्यक्ष के अगुवाई में वार्ड 17 में स्थित तालाब की हुई साफसफ़ाई



**जागरण बैढ़न।** जल गंगा संवर्धन अभियान पूरे प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक आयोजित किया जा रहा है। अभियान के दौरान जल संरक्षण के लिए जन भागीदारी से जल संरचनाओं की साफ सफ़ाई कर उनका जीर्णोद्धार करना है। अभियान के तहत आज नगर निगम के वार्ड 17 में स्थित तालाब की नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय एवं नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर आर पी बैस के अगुवाई में निगम अमले सहित जन सहयोग के माध्यम से साफ सफाई की गई। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष ने कहा कि यह अभियान अपने कल के लिए आज से ही जल सहेजने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सब देख रहे हैं कि गर्मी के शुरुआत से ही हमें जल संकट का सामना करना पड़ा रहा है। इसलिए अब हम सब की जिम्मेदारी हैं कि हमारे आने वाले समय में हमारे सामने जल संकट की समस्या निर्मित न हो इसके लिए आज से ही जल संरक्षण में अपना सहयोग दे। निगम अध्यक्ष ने सभी को जल शपथ भी दिलाई। इसके पश्चात निगम अध्यक्ष एवं डिप्टी कमिश्नर के द्वारा जयंत बस स्टैंड का निरीक्षण किया गया। एवं बस स्टैंड में समुचित साफ सफ़ाई कराने के निर्देश दिए साथ ही बस स्टैंड में अवैध रुप से संचालित दुकानों को हटाने के भी निर्देश दिए गए। इस अवसर स्वच्छता निरीक्षक अर्चना एवं उप स्वच्छता परवेक्षक रमेश छोटू सफाई मित्र सहित वार्ड के आमजन उपस्थित रहे।

# जन-जन के सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान में तालाब का जीर्णोद्धार के लिए हुआ भूमि पूजन

**जागरण बैढ़न।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत छमरछ झरिया तालाब में जीर्णोद्धार हेतु भूमि पूजन किया जाकर रैली निकाल संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी पीसीओ सुग्रीव सिंह जन अभियान परिषद सिंगरौली से सम्बद्ध नवांकुर संस्था कार्यक्रम समन्वयक शिवप्रसाद साहू। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच संगीता कुशवाहा के अगुआई में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलशयात्रा व रैली निकाल कर किया गया। तत्पश्चात झरिया तालाब का जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए पीसीओ सुग्रीव सिंह ने द्वारा बताया गया कि किसानों द्वारा वर्तमान में शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत जन मानस में जल के प्रति एवं जल के आपवव्य को रोकने हेतु प्रयास करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है इसमें मेड बंधानए बोरी बंधन एवं स्वयं व्यक्तिगत रूप से चलकर नुकसान को रोकने हेतु आवश्यकता अनुसार ही जल का उपयोग करने की सलाह दी गई। आगे उन्होंने कहा कि बारिश के दौर में बहते हुए जल को बोरी बंधन के माध्यम से उचित स्थान पर नालों में प्रयोग कर रोका जा सकता है। कार्यक्रम में शामिल जन अभियान परिषद की टीम नवांकुर संस्था राजा भैया बहुउद्देशीय विकास समिति निगरी कार्यक्रम समन्वयक शिवप्रसाद साहू शारदा कुशवाहा राम सुजान साकेत वार्ड पंच व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता सहित नागरिक मौजूद रहे।

# श्रीराम को किया प्रणाम, तो किसी ने गुरुजन को किया नमन




## डीपीएस विंध्यनगर में संपन्न हुई हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता

**जागरण विन्ध्यनगर।** छात्रों की वाचन क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से उन्हें मंच प्रदान करते हुए शिक्षा सत्र 25 - 26 के आरंभ में डीपीएस विंध्यनगर के प्रेक्षागृह में कक्षा 3 से 5 के छात्रों की हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी 6 सदनों के 36 छात्रो ने श्रीराम गुरुजनों की महिमा देशभक्ति आशावाद नारी की महिमा जीवन संघर्ष आदि अनेक विषयो पर अपनी शानदार कविताएँ सुनाकर प्रेक्षागृह को भावधारा से परिपूर्ण कर दिया। कक्षा 3 स गंगा यमुना रावी सदन के रिद्धिमा अदीजा विवान कक्षा 4 से रावी यमुना व सतलज सदन के विनायक अमायरा अदिति तथा कक्षा 5 से सतलज गंगा और चिनाव सदन के छात्र ज्योतिर्मय ऐश्वर्या कारवी 33 और जशित क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल हुए। निर्णायक मंडल मे श्रीमती प्रियंका पांडे और श्रीमती रविमा द्विवेदी शामिल रहीं जिन्होंने छात्रों की काव्य प्रस्तुतीकरण की तारीफ करते हुए सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य डॉ जनार्दन पांडेय ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र प्रदान करते हुए अपने संबोधन मे छात्रो व अभिभावकों की मेहनत की सराहना की। भाषा पर अच्छी पकड़ बनाने के लिए छात्रों से प्रतिदिन नए शब्दों को याद करने का आह्वान किया।

# अमृत सरोवर 2.0 अंतर्गत कुल 21 अमृत सरोवर तालाबों की प्रशासकीय स्वीकृति हुई जारी

**.जागरण बैढ़न।** 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है । अभियान के दौरान जल संरक्षण एवं संवर्धन के पुराने कार्य अमृत सरोवर खेत तालाब डगवेल रिचार्ज रूफ वाटर हार्वेस्टिंग बोरी बंधान एवं अन्य जल प्रबंधन के कार्य लक्षित हैं। म.प्र.शासन द्वारा उक्त कार्यों में से अभियान अवधि में अमृत सरोवर 2.0 अंतर्गत सिंगरौली जिला हेतु 31 अमृत सरोवर तालाब निर्माण किया जाना लक्षित किया गया है । लक्षित अमृत सरोवर 2.0 अंतर्गत उपयुक्तता अनुसार चयनित स्थलों की जानकारी निर्धारित गूगलशीट में कुल 35 अमृत सरोवर चितरंगी में 14 देवसर में 13 तथा बैढ़न 8 की जानकारी राज्य शासन को भेजी गई । राज्य शासन द्वारा प्रस्तावित अमृत सरोवर का साफ्टवेयर से परीक्षण कर कुल 21 अमृत सरोवर चितरंगी 11 देवसर 5 बैढ़न 5 द्ध की साइट उपयुक्त पाई गई है । साफ्टवेयर में उपयुक्त पाये गये अमृत सरोवर 2.0 तालाब निर्माण कार्य हेतु कलेक्टर सिंगरौली के अनुमोदन उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिंगरौली गजेन्द्र सिंह नागेश द्वारा ग्राम पंचायत भदैली बैढ़न भरसेड़ी देवसर गड़ईगांव देवसर पोखरीटोला देवसर की मनरेगा एवं 15वें वित्त मद के अभिसरण से प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है । इसके अलावा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा बैढ़न के ग्राम पंचायत धिरौली सिद्धीकला बजौड़ी दो यूनिट देवसर के ग्राम पंचायत बंधा जोबा एवं चितरंगी के ग्राम पंचायत खिरवाए कुड़ैनिया . 1 खम्हनिया गांगी दार नेबारी फुटहड़वा बगदरी बरगवां बहेरी बैरिहवा में सिक्योर साफ्ट द्वारा मनरेगा मद से प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है ।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किया गया बोरी बंधान

**जागरण बैढ़न।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश भर में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज ग्राम पंचायत बड़गड़ एवं ग्राम पंचायत कर्सुआलाल में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित जन को जल शपथ दिलाई गई। साथ ही जल संरक्षण एवं जल के महत्व को बताया गया। ग्राम पंचायत अंतर्गत जल संरक्षण हेतु बोरी बंधान खेत तालाब निर्माण रूफ वाटर हार्वेस्टिंग कूप में सोक पिट रिचार्ज निर्माण आदि के बारे में चर्चा करते हुए अधिक से अधिक जल संरक्षण गतिविधियों हेतु प्रेरित किया गया। इसके बाद हर्षोल्लासपूर्ण तरीके से उपस्थित महिलाएं पुरूष एवं ग्रामीणजनों के द्वारा झरिया नाला एवं दराहिया नाला पर बोरी बंधान का कार्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम के वरिष्ठ जन सरपंच सचिव अन्य समितियों के सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

# एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय ने टाइनी टॉट्स स्कूल के छात्रों के अभिभावकों के लिए विशेष जागरुकता सत्र का किया आयोजन



**जागरण विन्ध्यनगर।** अह्वान पहल के अंतर्गत एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय ने टाइनी टॉट्सस्कूल के बच्चों के अभिभावकों के लिए एक विशेष काउंसलिंग व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य प्रारंभिक बाल विकास के महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना था जैसे कि भावनात्मक जुड़ाव स्वस्थ आदतें संतुलित पोषण स्क्रीन टाइम की सीमा और बच्चों के लिए एक सुरक्षित व स्नेहमय वातावरण का निर्माण। सत्र में व्यावहारिक विषयों जैसे टीकाकरण पेट के कीड़े मारने की दवा डिवॉर्मिंग और प्राथमिक उपचार पर भी चर्चा की गई ताकि अभिभावकों को उनके बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और सशक्त बनाया जा सके। यह संवादात्मक सत्र डॉ. बी.सी.चतुर्वेदी मुख्य महाप्रबंधक चिकित्सा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया और डॉ. वर्तिका कुलश्रेष्ठ वरिष्ठ विशेषज्ञ विंध्य हॉस्पिटल द्वारा संचालित किया गया जिन्होंने समग्र बाल विकास पर गहन जानकारी साझा की। कार्यक्रम में श्रीमती सारिका चतुर्वेदी उपाध्यक्ष सुहासिनी संघ व प्रभारी टाइनी टॉट्स और सुश्री राखी चटर्जी प्राचार्या टाइनी टॉट्स ने भी भाग लिया और बच्चों के प्रारंभिक वर्षों में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया।

ગતિ શક્તિ વિશ્વવિદ્યાલય
गति शक्ति विश्वविद्यालय
GATI SHAKTI VISHWAVIDYALAYA
(A Central University under the Ministry of Railways, Government of India)
लालबाग, वडोदरा, गुजरात / Lalbaug, Vadodara, Gujarat 390004

Azadi Ka Amrit Mahotsav




GSV/Acad/Admissions-2025 27/04/2025

ADMISSION NOTICE : AY 2025-26

Gati Shakti Vishwavidyalaya (GSV), Vadodara is a Central University established by an Act of Parliament vide Central Universities (Amendment) Act 2022. The University is sponsored by the Ministry of Railways, Govt. of India. Being a University of first of–its–kind, GSV focuses on transport and logistics related education, multidisciplinary research and with a big mandate for executive training.

Applications are invited for admission to the following academic programmes across Engineering and Management disciplines for the AY 2025-26:

| Discipline | Level | Program | Duration | No. of Seats | Entrance Test |
|---|---|---|---|---|---|
| Technology | Under-graduate (Regular Programs) | **B.Tech.** in Civil Engineering (Specialization : Rail Engineering) | 4 Year | 60 | **JEE (Main)** 2025 Admission through JOSAA Visit JOSAA website https://josaa.nic.in/ for details. |
| | | **B.Tech.** in Electronics and Communication Engineering (Specialization :Rail Engineering) | 4 Year | 60 | |
| | | **B.Tech.** in Mechanical Engineering (Specialization: Rail Engineering) | 4 Year | 60 | |
| | | **B.Tech.** in Electrical Engineering (Specialization : Rail Engineering) | 4 Year | 60 | |
| | | **B.Tech.** in Artificial Intelligence & Data Science (Specialization: Transportation and Logistics) | 4 Year | 60 | |
| | | **B.Tech.** in Aviation Engineering | 4 Year | 40 | |
| Management | Post-Graduate (Regular Programs) | **MBA** (Logistics and Supply Chain Management) | 2 Year | 30 | **MBA (LSCM) - CUET-PG/XAT/ CAT/MAT** |
| | | **MBA** (Ports and Shipping Logistics) | 2 Year | 30 | **MBA (PSL) - IMU - CET/ CUET-PG/ XAT/ CAT/MAT.** |
| **Executive Programs - Exclusively for Working Professionals** | | | | | |
| Technology | Post-Graduate (Executive Programs) | **M.Tech** (Intelligent Transport Systems) | 3 Year | 30 | **GSV Entrance Test** |
| | | **M.Tech** (Railway Engineering) | 3 Year | 30 | |
| | | **M.Tech** (Bridge and Tunnel Engineering) | 3 Year | 30 | |
| | | **M.Tech** (Roads and Highway Engineering) | 3 Year | 30 | |
| Management | Post-Graduate (Executive Programs) | **MBA** (Logistics and Supply Chain Management) | 2 Year | 30 | **GSV Entrance Test** |
| | | **MBA** (Multi-modal Transportation) | 2 Year | 30 | |
| | | **MBA** (Metro Rail Management) | 2 Year | 30 | |
| | | **MBA** (Aviation and Operations Management) | 2 Year | 30 | |
| Technology / Management | Doctoral (Sponsored) | **Ph. D (Engineering/Management) with a focus on Transportation & Logistics** | - | - | **GSV Entrance Test** |
| | | (Exclusively for Working Professionals in Govt. /Industry/ PSU, R & D organisations, Laboratories, Defence Forces, NGOs, and Banking/ Finance Institutions) | | | |

For Application procedure and detailed information, visit the University website - **https://gsv.ac.in**
Contact us at- **admissions@gsv.ac.in** for any admission related query/information

**KEY HIGHLIGHTS**

- The only University in India exclusively focused on transport and logistics education.
- Multi-disciplinary programmes based on demand-driven curriculum addressing industry needs
- Innovation Led & Industry Driven University with strong emphasis on industry connect.
- Collaborations with top Industry and Higher Education Institutes.
- Highly experiential and unique interdisciplinary pedagogical approach incorporating latest technologies
- Financial support to Meritorious and needy students - (a) through GSV funding (upto 20% of students); (b) Corporate scholarships (Airbus, Siemens, Plasser….)
- High-quality and experienced faculty with global exposure
- Focus on 21st century skills: communication, critical thinking, innovation and design thinking.
- Project-based teaching-learning and well-structured internships at Indian Railway establishments and other sector-specific organizations
- State of the art railways facilities and lab infrastructure
- Excellent Hostel facilities for the UG students and female PG students (for regular students only)
- Career Development Centre that enables professional development and career planning



**मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3.30 बजे शुरू होगा**

# मुंबई और लखनऊ के मैच में दिखेगी आगे निकलने की होड़

**मुंबई, जेएनएन।** हमेशा की तरह शुरू में लड़खड़ाने के बाद शानदार वापसी करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में जीत की लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। इन दोनों टीम के अभी तक समान 10 अंक हैं लेकिन मुंबई बेहतर नेट रन रेट के आधार पर चौथे जबकि लखनऊ की टीम छठे स्थान पर है। अब तक नौ मैचों में से इन दोनों ने पांच मैच जीते हैं और चार हारे हैं। रन रेट सुधारने पर भी होगी लखनऊ की निगाह ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ की टीम की निगाह जीत के अलावा अपने नेट रन रेट में सुधार करने पर भी होगी क्योंकि आगे इसकी भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। जहां ये दोनों टीमें वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर वर्चस्व के लिए भिड़ेंगी, वहीं मुंबई की भीषण गर्मी और उमस भी खिलाड़ियों की विपरीत परिस्थितियों में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की तैयारी को परखने में अपनी भूमिका निभाएगी। लखनऊ के लिए कप्तान ऋषभ पंत की खराब फॉर्म चिंता का विषय है क्योंकि उन्होंने अब तक नौ मैचों में 106 रन बनाए हैं। मुंबई के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के सामने उनकी





कड़ी परीक्षा होगी। मुंबई की टीम सही समय पर अपने चरम पर पहुंची है। उसने लगातार चार मैच जीत कर खुद को प्ले ऑफ में पहुंचने की दौड़ में आगे कर दिया है और उसकी टीम अपना विजय अभियान जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी। उसकी टीम यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ है और वह इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगी।

## लखनऊ को पूरन, मार्श पर भरोसा

हार्दिक ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि तेज गेंदबाज दीपक चाहर और ट्रेंट बोल्ट ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। जहां तक लखनऊ की बल्लेबाजी का सवाल है तो वह अपने विदेशी खिलाड़ियों निकोलस पूरन (377 रन), मिशेल मार्श (344) और एडेन मार्क्रम (326) पर बहुत अधिक निर्भर है। लखनऊ को फिर से इन तीनों से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। लखनऊ के पास गेंदबाजी विभाग में बहुत बड़े नाम नहीं है लेकिन उसके गेंदबाजों ने अभी तक परिस्थितियों के अनुसार गेंदबाजी करके अपनी टीम के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उसकी तरफ से शार्दुल ठाकुर ने सर्वाधिक 12 विकेट लिए हैं और स्थानीय खिलाड़ी होने के कारण वह यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह अवगत हैं।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), मिलर, मार्क्रम, आर्यन जुयाल, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, पूरन (विकेटकीपर), मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, युवराज चौधरी, हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, शार्दुल ठाकुर, अवेश खान, आकाश दीप, मणिमारन सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, मयंक यादव, रवि बिश्नोई।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रिकेल्टन (विकेटकीपर), श्रीजीत कृष्णन (विकेटकीपर), बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, सेंटनर, राज अंगद बावा, पुथुर, कॉर्बिन बॉश, बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, बुमराह।

# आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में भारत के दो धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली और केएल राहुल तथा आस्ट्रेलिया के दो खतरनाक तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड आकर्षण का केंद्र होंगे। आईपीएल में चीजें तेजी से बदल सकती हैं लेकिन मौजूदा फॉर्म को देखते हुए दिल्ली और आरसीबी दोनों के प्ले-ऑफ में पहुंचने की उम्मीद है। फिरोज़ शाह कोटला में दो अंक इस संदर्भ में विजेता टीम को महत्वपूर्ण रूप से मदद करेंगे। नौ मैचों में पांच अर्धशतक लगाने वाले विराट कोहली का यह क्रिकेट में घरेलू मैदान रहा है और विरोधी टीम में होने के बावजूद उन्हें यहां दर्शकों का भरपूर समर्थन मिलने की संभावना है। कोहली इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं और इस मैच में वह आकर्षण का मुख्य केंद्र होंगे। कोहली ने परिस्थितियों के अनुसार बल्लेबाजी करके अच्छा प्रदर्शन किया है। एक अन्य बल्लेबाज जिसने परिस्थितियों के अनुसार बल्लेबाजी की है वह राहुल हैं, जिन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे अधिक रन बनाए हैं। राहुल अभी भारतीय टी20 टीम का हिस्सा नहीं है लेकिन आईपीएल में विकेट के आगे और विकेट के पीछे अच्छे प्रदर्शन के बाद राष्ट्रीय चयन समिति



निश्चित तौर पर उनके नाम पर विचार करेगी। ऑस्ट्रेलिया के दो तेज गेंदबाज हेज़लवुड और स्टार्क पहले ही दिखा चुके हैं कि वे अपनी-अपनी आईपीएल टीमों के लिए कितना महत्व रखते हैं। हेज़लवुड टूर्नामेंट में 16 विकेट के साथ सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में 19वें ओवर में शानदार प्रदर्शन करके आरसीबी की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उनके हमवतन स्टार्क भी प्रभाव छोड़ने में पीछे नहीं रहे हैं। संयोग से उन्होंने भी राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करके अपनी टीम को जीत दिलाई थी। इसे देखते हुए कम से कम यह तो कहा ही जा सकता है कि उनका द्वंद्व रोमांचक होगा। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है। भले ही उन्होंने चोट के कारण प्रतियोगिता में बहुत अधिक गेंदबाजी नहीं की है, लेकिन पिछले मैच में उन्होंने अपने ओवरों का पूरा कोटा पूरा किया जो टीम के लिए एक और सकारात्मक संकेत है। कुणाल पंड्या आरसीबी के लिए इसी तरह की भूमिका निभाएंगे। नौ मैचों में 12 विकेट लेने वाले बाएं हाथ के स्पिनर ने अपनी नई फ्रेंचाइजी के लिए अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। जेक-फ्रेजर मैकगर्क को बाहर करने के बाद से दिल्ली केवल तीन विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेल रहा है।

## कुलदीप की गुगली से परेशान हैं बल्लेबाज

अगर स्पिन विभाग की बात करें तो दिल्ली के कुलदीप यादव ने पूरे आईपीएल में बीच के ओवरों में अपनी गुगली से बल्लेबाजों को परेशान किया है और विपक्षी टीम को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। आठ मैचों में 12 विकेट लेने के अलावा, बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर ने 6.50 रन प्रति ओवर की किफायती दर से रन दिए हैं। आरसीबी के बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना आसान नहीं होगा। दिल्ली के रहने वाले सुयश शर्मा ने भी आरसीबी की तरफ से अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। वह स्थानीय परिस्थितियों से अच्छी तरह परिचित हैं जिसका फायदा वह दिल्ली के बल्लेबाजों के खिलाफ उठाना चाहेंगे।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 08 | 06 | 02 | 12 | 1.104 |
| दिल्ली | 08 | 06 | 02 | 12 | 0.657 |
| बेंगलुरु | 09 | 06 | 03 | 12 | 0.482 |
| मुंबई | 09 | 05 | 04 | 10 | 0.673 |
| पंजाब | 08 | 05 | 03 | 10 | 0.177 |
| लखनऊ | 09 | 05 | 04 | 10 | -0.054 |
| कोलकाता | 08 | 03 | 05 | 06 | 0.212 |
| हैदराबाद | 09 | 03 | 06 | 06 | -1.103 |
| राजस्थान | 09 | 02 | 07 | 04 | -0.625 |
| चेन्नई | 09 | 02 | 07 | 04 | -1.302 |

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 417 |
| विराट कोहली (बेंगलुरु) | 392 |
| निकोलस (लखनऊ) | 377 |
| सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 373 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 16 |
| जोश हेजलवुड (बेंगलुरु) | 16 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 14 |
| हर्षल पटेल (हैदराबाद) | 13 |



## बाउंड्री मीटर



717 छक्के
1299 चौके
84 अर्धशतक

14 रन बनाते ही विराट कोहली ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 3500 रन पूरे किए। वह एक वेन्यू पर 3500 टी-20 रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

### भारत-श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका त्रिकोणीय श्रृंखला का पहला मैच आज

# काशवी गौतम सहित भारत की युवा खिलाड़ियों पर टिकी रहेंगी निगाहें

**कोलंबो, जेएनएन।** हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच में रविवार को यहां जब श्रीलंका का सामना करने के लिए उतरेगी तो उसकी निगाह तेज गेंदबाज काशवी गौतम सहित युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर टिकी रहेगी। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के जरिए साल के आखिर में घरेलू धरती पर होने वाले 50 ओवर के विश्व कप की तैयारी भी शुरू करेगी। भारत का बल्लेबाजी विभाग अच्छा नजर आता है लेकिन उसे एक अदद गेंदबाजी संयोजन तैयार करने की जरूरत है। भारत की पूर्व अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप विजेता काशवी ने महिला प्रीमियर लीग में गुजरात जाइंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया,



## गेंदबाजी अरुंधति पर निर्भर

टिटास साधु, रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर के चोटों के कारण बाहर हो जाने से भारतीय तेज गेंदबाजी अरुंधति रेड्डी पर निर्भर है, जबकि ऑलराउंडर अमनजोत कौर टीम में एकमात्र अन्य मध्यम गति की गेंदबाज हैं। प्रेमदासा स्टेडियम में धीमी गति के गेंदबाजों का हमेशा बोलबाला रहा है, ऐसे में सीनियर ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा के साथ-साथ मुंबई इंडियंस के बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी के 50 में से 30 ओवर फेंकने की उम्मीद है।

## जीत का सिलसिला जारी रखना चाहेगी टीम इंडिया

भारतीय टीम में त्रिकोणीय श्रृंखला से पहले वेस्टइंडीज और आयरलैंड को तीन तीन वनडे मैच में हराया था और वह जीत का यह सिलसिला जारी रखने की कोशिश करेगी। शैफाली वर्मा को एक बार फिर से नजरअंदाज कर दिया गया है, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत, उप कप्तान स्मृति मंधाना, पावर-हिटर ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स और हरलीन देयोल की मौजूदगी में भारतीय बल्लेबाजी काफी मजबूत नजर आती है। दीप्ति और अमनजोत भी अच्छी बल्लेबाजी करने में सक्षम हैं। जहां तक श्रीलंका का सवाल है तो उसकी टीम में कई बदलाव किए गए हैं और उसकी अपेक्षाकृत नई टीम भारत की मजबूत टीम का सामना करेगी। बाएं हाथ की स्पिनर इनोका राणावीरा की टीम में वापसी हुई है। श्रीलंका के पास सुगंधिका कुमारी, इनोशी प्रियदर्शनी और कविशा दिलहारी के रूप में तीन और स्पिनर होंगे जिनकी गेंदबाजी विभाग में भूमिका महत्वपूर्ण होगी।


### एशियाई मुक्केबाजी

# चैंपियनशिप में भारत ने 43 पदक पक्के किए




**अम्मान (जॉर्डन), जेएनएन।** भारत के चार और मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर यहां चल रही पहली एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में देश के लिए 43 पदक सुनिश्चित कर लिए हैं। भारत ने अंडर-15 वर्ग में कम से कम 25 पदक पक्के कर लिए हैं, जबकि अंडर-17 वर्ग में 18 पदक जीतने तय हैं, क्योंकि सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सभी खिलाड़ियों को कम से कम कांस्य पदक मिलता है। अमन सिवाच (63 किग्रा) और देवांश (80 किग्रा) ने अंडर-17 लड़कों के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में क्रमशः फिलीपींस और जॉर्डन के मुक्केबाजों के खिलाफ आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) में जीत हासिल की। लड़कियों के वर्ग में, सिमरनजीत कौर (60 किग्रा) ने जॉर्डन की अया अलहसनत पर 5-0 से जीत दर्ज की, जबकि हिमांशी (70 किग्रा) ने फिलिस्तीन की फराह अबू लैला के खिलाफ आरएससी के साथ पहले ही दौर में अपना मुकाबला समाप्त कर दिया।

# ज्वेरेव और सबालेंका की मैड्रिड ओपन में आसान जीत



**मैड्रिड, जेएनएन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने शुरुआती मैचों में आसान जीत हासिल की। ज्वेरेव ने स्थानीय खिलाड़ी रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-2, 6-2 से, जबकि सबालेंका ने क्वालीफायर अन्ना ब्लिंकोवा को 6-3, 6-4 से हराया। तीसरे दौर में ज्वेरेव का मुकाबला नूनो बोर्गेस या एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगा। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका का तीसरे दौर में 28वीं वरीयता प्राप्त एलिस मर्टेंस से मुकाबला होगा। महिला वर्ग में ही अनास्तासिया पोटापोवा ने आठवीं वरीयता प्राप्त किनवेन झेंग को हराया, जबकि 15वीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी पीटन स्टर्न्स से 6-2, 2-6, 7-5 से हार गईं। छठी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने केटी बोल्टर को 6-1, 6-2 से हराया। तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ईवा लिस को 6-2, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में पहुंच गईं। पेगुला का अगला मुकाबला मोयुका उचिजिमा से होगा, जिन्होंने ओंस जाबेउर को तीन सेटों में हराया। पुरुष वर्ग में अमेरिका के टेलर फिट्ज ने ब्रिटेन के क्रिस्टोफर ओ'कोनेल को 6-1, 6-4 से और कैस्पर रूड ने आर्थर रिंडरकनेच को 6-3, 6-4 से हराया। एक अन्य मैच में अमेरिका के बेन शेल्टन ने मारियानो नवोन को 4-6, 7-6 (5), 6-3 से पराजित किया। बुधवार को टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक उम्र के मैच विजेता खिलाड़ी बनने वाले 38 वर्षीय गेल मोनफिल्स बीमारी के कारण गत चैंपियन एंड्रे रुबलेव के साथ मैच से हट गए।

# मोली हैं आईपीएल मैचों की पाइंट ऑफ अट्रैक्शन



आईपीएल में सिर्फ रोमांचक मैच ही नहीं, बल्कि चीयरलीडर्स भी फैंस का मनोरंजन करती हैं। चीयरलीडर्स मैच के दौरान ग्लैमर का तड़का लगाती हैं। हर सीजन में फ्रेंचाइजी एक से बढ़कर एक खूबसूरत चीयरलीडर्स को अपनी टीमों से जोड़ती हैं। आईपीएल 2025 में एक ऐसी चीयरलीडर है, जिसकी खूबसूरती और हॉटनेस के हर तरफ चर्चे हैं। यह चीयरलीडर काव्या मारन की टीम सनराइजर्स हैदराबाद से जुडी हुई है। इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स फ्रेंचाइजी के लिए भी काम कर चुकी हैं। दरअसल, हम यहां बात कर रहे हैं सनराइजर्स हैदराबाद की खूबसूरत चीयरलीडर मोली की, जो आईपीएल 2025 में कई मैचों के दौरान पॉइंट ऑफ अट्रैक्शन रही हैं। उनके कई फोटोज और वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। मोली अपनी हॉटनेस और दिलकश अदाओं से फैंस का मनोरंजन करती नजर आई हैं। अक्सर मैचों के मोली अपनी खूबसूरती और ग्लैमरस अंदाज से दर्शकों का ध्यान खींच लेती हैं। बता दें कि मोली बतौर चीयरलीडर पहली बार आईपीएल का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि वह काफी टाइम से आईपीएल में चीयरलीडर हैं। मोली इंग्लैंड के ईस्ट यॉर्कशायर की रहने वाली हैं। वह प्रोफेशनल डांसर हैं। (जेएनएन)

# शांभवी ने केएसएसएम निशानेबाजी प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीते


**नयी दिल्ली, जेएनएन।** महाराष्ट्र की किशोरी शांभवी क्षीरसागर ने शनिवार को यहां कुमार सुरेंद्र सिंह स्मारक (केएसएसएम) निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप पदक विजेताओं, ओलंपिक फाइनलिस्ट और राष्ट्रीय चैंपियन को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। पिछले साल लीमा में जूनियर विश्व कप में पांचवें स्थान पर रही 16 वर्षीय शांभवी ने 633.5 के स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद उन्होंने 24 निशाने के फाइनल में अपने आखिरी प्रयास में 10.8 के शॉट के साथ हरियाणा की रमिता को पछाड़ दिया। रमिता पेरिस ओलंपिक के फाइनल में पहुंची थीं। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता पश्चिम बंगाल की मेहुली घोष ने कांस्य पदक जीता।



# शुभंकर शर्मा हेनान क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में कट से चूके

**हेनान (चीन), जेएनएन।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा सके और दूसरे दौर में तीन ओवर 75 का कार्ड खेलने के कारण हेनान क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में कट हासिल करने से चूक गए। उनका 69-75 के कार्ड से उनका दो दौर में स्कोर इवन पार रहा। दूसरे दिन का खेल अंधेरा होने के कारण रोकना पड़ा था लेकिन जब सुबह दूसरे दौर का खेल खत्म हुआ तो यह भारतीय कट से चूक गया। वह पिछले हफ्ते वोल्वो चाइना ओपन में भी कट से चूक गए थे।

# फ्रांसीसी फुटबाल लीग : नीस ने रोका पीएसजी का विजय रथ



**पेरिस, जेएनएन।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) का फ्रांसीसी फुटबॉल लीग (लीग 1) के वर्तमान सत्र में चला आ रहा अजेय अभियान में यहां नीस से 3-1 से हार के साथ थम गया। पीएसजी ने तीन सप्ताह पहले ही फ्रांसीसी लीग का खिताब अपने नाम सुरक्षित किया था और उसकी कोशिश आखिर तक अजेय रहने की थी। पीएसजी की पिछले लगभग एक साल में यह अपने घरेलू मैदान पर पहली हार है जिससे उसकी आर्सेनल के खिलाफ मंगलवार को होने वाले चैंपियंस लीग सेमीफाइनल के पहले चरण की तैयारी को भी झटका लगा है।

कोच लुइस एनरिक ने कई प्रमुख खिलाड़ियों को विश्राम दिया था लेकिन इसके बावजूद शुरू में पीएसजी का दबदबा था। नीस के मॉर्गन सैनसन ने मैच का पहला गोल किया। नीस की बढ़त हालांकि केवल पाँच मिनट तक रही। पीएसजी के फैबियान रुइज़ ने बराबरी का गोल किया।सैनसन ने दूसरे हाफ के शुरू में नीस को फिर से बढ़त दिला दी। उसकी तरफ से युसूफ नदायिशिमिये ने तीसरा गोल किया।

## सेंटमाइकल बना विजेता



**भोपाल।** सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए एलीट ग्रुप में फाइनल मुकाबले में 8 विकेट से जीत दर्ज कर साद अंसारी मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। आज सेंचुरियन मैदान पर खेले गए फाइनल मुकाबले में सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी और यू सी सी ए क्रिकेट अकादमी के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें यू सी सी ए क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हुए दक्ष ने चार तथा वेद ने तीन एवं मुस्तफा ने दो विकेट लेकर पूरी यू सी सी ए क्रिकेट अकादमी की टीम को मात्र 47 रनों पर ऑल आउट कर दिया। जवाबी पारी खेलते हुए

# टी-20 कॉर्पोरेट टूर्नामेंट में वेदांत सुपर किंग्स ने स्कोप को 2 विकेट से हराया

**भोपाल, खेल संवाददाता।** नेहरू नगर पुलिस लाइन मैदान पर शुक्रवार को खेले गए ङ्कष्टक्क टी-20 कॉर्पोरेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले में वेदांत सुपर किंग्स ने कड़े संघर्ष के बाद स्कोप को 2 विकेट से पराजित कर एक यादगार जीत दर्ज की। रोमांच से भरपूर इस मुकाबले में स्कोप ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 20 ओवरों में 152/7 रन बनाए, जिसके जवाब में वेदांत सुपर किंग्स ने 20वें ओवर की पांचवीं गेंद पर लक्ष्य हासिल कर लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी स्कोप की टीम की शुरुआत अच्छी रही। ओपनर जय देवनानी ने 38 गेंदों पर 60 रन की आकर्षक पारी खेली, जिसमें 11 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। उनके साथ अभिषेक चंडेल (21 रन, 11 गेंद) और अमान खान (14 रन, 9 गेंद) ने तेज़ रन जोड़कर स्कोर को गति दी। वेदांत के गेंदबाज़ों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। सौरभ राजपूत ने 4 ओवर में मात्र 20 रन देकर 2 विकेट चटकाए, जबकि समीर जामील और मयंक जैन ने भी 2-2 विकेट लिए। स्कोप की टीम ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बटोरे और 152 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। 152 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेदांत सुपर किंग्स की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। ओपनर आयुष कुशवाहा (8 रन) और बिट्टू (5 रन) जल्दी पवेलियन लौट गए। कप्तान घनश्याम कश्यप भी सिर्फ 4 रन बनाकर चलते बने। लेकिन सागर शुक्ला (21 रन, 8 गेंद) और फिर फैज़ल खान (24 रन, 27 गेंद) ने पारी को संभाला। अभय सिंह ने धैर्यपूर्ण और सूझबूझ भरी पारी खेलते हुए 38 रन (36 गेंद) बनाए और टीम को संकट से उबारा।



# जसरीत 7वीं यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल में

**भोपाल, खेप्र।** मध्य प्रदेश स्टेट बॉक्सिंग अकादमी के खिलाड़ी जसरीत मोर 7वीं यूथ मेन्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल में पहुँच गए। यह चैंपियनशिप ग्रेटर नोएडा में 20 से 27 अप्रैल तक खेली जा रही है। जसरीत ने प्री क्वार्टर में आंध्र प्रदेश के खिलाड़ी को 5-0 एक तरफा मुकाबले में पराजित करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया। इसमें उन्होंने कर्नाटका के खिलाड़ी को आरएससी से पराजित करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में मणिपुर के खिलाड़ी को सर्वसम्मति से 5-0 स्कोर से हराकर सेमीफाइन में स्थान पक्का किया।और सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश के बॉक्सर को 0-5 से हराकर शानदार जीत हासिल करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में उनका मुकाबला एसएससीबी आर्मी टीम से होना है।



# मप्र के सेलिंग खिलाड़ियों ने जीता कांस्य



**भोपाल।** मप्र खेल अकादमी के सेलिंग खिलाड़ी एकलव्य बाथम और अक्षत कुमार दोहरे ने ओपन थाईलैंड राष्ट्रीय सेलिंग चैम्पियनशिप में कांस्य पदक अर्जित किया। यह चैंपियनशिप 14 से 18 अप्रैल तक थाईलैंड में नेशनल सेलिंग क्लब सटटहिप में आयोजित की गई। यह पदक खिलाड़ियों ने इंटरनेशनल 420 क्लास इवेंट में प्राप्त किया। यह पहला अवसर है कि चैम्पियनशिप खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने सराहनीय खेल प्रदर्शन कर पदक अर्जित किया। इस अंतराष्ट्रीय चैम्पियनशिप में 10 देशों की टीमों के लगभग 239 खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की। इसमें भारत, मलेशिया, थाईलैंड, हांगकांग, चायना, म्यानामार, रशिया, न्यूजीलेण्ड, जापान और ताईपे देश शामिल थे। चैम्पियनशिप में सेलिंग के छह इवेन्ट 1.470 क्लॉस, 2.420 क्लॉस, 3. एलसीए 4, 6, 7, 4.29 ईआर, 5. ऑप्टिमिस्ट, और 6. होबई-16 इवेन्ट में प्रतिभागिता आयोजित की गई। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## नेन्सी, मानवी और चिंकी की टीम ने जीता कांस्य पदक

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की नेन्सी सोलंकी, मानवी जैन और चिंकी यादव की टीम ने 23वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता। मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में 05 मई तक जारी चैंपियनशिप में खेल अकादमी के नेन्सी, मानवी और चिंकी ने 25मी. स्पोर्ट्स पिस्टल सीनियर महिला टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# अवैध क्लीनिकों पर एसडीएम सिटी ने मारा छापा, 5 क्लीनिक सील

## प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्यवाही के बाद मचा हड़कम्प

**जागरण, सतना**

जिले में अवैध रूप से संचालित कई क्लीनिको में शनिवार को एसडीएम रघुराजनगर सिटी राहुल सिलाड़िया ने ताबडतोड कार्यवाही करते हुये 5 क्लीनिको को सील कर दिया है। इस कार्यवाही के बाद अवैध रूप से संचालित क्लीनिको के संचालको में हडकम्प मच गया इस कायवाही के दौरान विजय आरेख मौजूद रहे।





### इन पर हुई कार्यवाही

**केस नं.-1**

श्री साई क्लीनिक राजेन्द्र नगर गली नंबर.2 स्थल पर जांच के दौरान न तो कोई वैध चिकित्सकीय डिग्री प्रस्तुत की गई और न ही कोई चिकित्सकीय योग्यता प्रमाणित दस्तावेज उपलब्ध कराए गए। क्लीनिक में एक व्यक्ति जो स्वयं को सफाईकर्मी बता रहा थाए वही मरीजों का उपचार एवं दवाओं का वितरण करता पाया गया। मरीजों से ली गई फीस एवं वितरित दवाइयों का रिकॉर्ड बरामद कर जब्त किया गया। क्लीनिक को तत्काल प्रभाव से सील किया गया।

**केस नं. 2**

शंकर क्लीनिक बस स्टैंड सतना में बड़ी संख्या में एलोपैथिक दवाइयाँ बिना किसी विधिवत पंजीकृत चिकित्सक की उपस्थिति में पाई गईं। क्लीनिक का संचालन एक अनधिकृत व्यक्ति द्वारा किया जा रहा था। क्लीनिक सील कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु रिपोर्ट तैयार की गई।

**केस नं. 3**

शंभू हॉस्पिटल माधवगढ़ का निरीक्षण किया गया जिसमें क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन नहीं था तथा स्वघोषित डॉक्टर केवल बीएससी और एमए गैर.चिकित्सा विषय की डिग्री रखता था। चिकित्सकीय सेवा हेतु वैध योग्यता प्रमाणित नहीं थी। हॉस्पिटल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है।

**केस नं. 4**

दीप नारायण गर्ग क्लीनिक में भी वैध चिकित्सा डिग्री अथवा क्लीनिक रजिस्ट्रेशन प्रस्तुत नहीं किया गया। क्लीनिक को सील कर कानूनी कार्यवाही आरंभ की गई है।

**केस नं. 5**

दोलन क्लीनिक माधवगढ़ रीवा रोड में एक कथित बंगाली चिकित्सक द्वारा संचालित इस क्लीनिक से भारी मात्रा में इंजेक्शन व अन्य दवाइयाँ बरामद हुईं। दो मरीज भी उपचाररत पाए गए जिन्हें सरकारी अस्पताल भेजा गया। क्लीनिक बिना पंजीयन पाया गया एवं त्वरित प्रभाव से सील किया गया। उक्त सभी प्रतिष्ठानों पर क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट्स एक्ट 2010 की धारा 41 के अंतर्गत उल्लंघन पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से सील करने कार्यवाही की गई है। अधिनियम के प्रावधानों के तहत भी प्रकरण पंजीबद्ध किए जाने की कार्रवाई प्रचलन में है।



सभी क्लिनिक पर इंजेक्शन का अवैध प्रयोग और लापरवाहीपुर्ण डिस्पोजल करना पाया गया। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु अनियमित एवं अवैध चिकित्सकीय गतिविधियों पर कठोर कार्यवाही सतत जारी रहेगी। आमजन को ठगने एवं उनके स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध प्रशासन शून्य सहिष्णुता की नीति पर कार्यवाही करेगा।

**राहुल सिलाड़िया**
**एसडीएम रघुराजनगर सिटी**

# नकबजनी के चार मामलों का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



## कोलगवां पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान पकड़ा मामला

**जागरण, सतना।** नकबजनी के चार मामलो का खुलासा करते हुये कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने जहां दो आरोपियो को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है वहीं 5 लाख रूपये कीमत के सोने चांदी के जेवरात भी जप्त किये है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निदेश एएसपी शिवेश सिंह एवं सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कोलगवां पुलिस द्वारा की गई है।

### ये है मामला

पुलिस ने बताया कि कस्बा पेट्रोलिंग भल्ला फार्म के पास एक महिला एवं एक पुरूष घूमते दिखे जो पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने लगे । संदिग्ध मानते हुये पुलिस ने दोनो को पकड कर नाम पता पूछा तो लडके ने अपना नाम प्रशांत सिंह उर्फ लल्लू पिता अमरनाथ सिंह उम्र 19 वर्ष निवासी गढवा कला थाना कोटर हाल हनुमान नगर नई बस्ती पानी टंकी के पास थाना कोलगवां जिला सतना एवं महिला नें अपना नाम नीलम सिंह पति प्रदुम्न सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम असरार थाना रामपुर बघेलान जिला सतना हाल पता हनुमान नगर नई बस्ती पानी टंकी के पास पण्डित के मकान मे किराये से रहना बताया। पुलिस ने जब उनसे रात में घूमने का कारण पूछा तो वह स्पष्ट नही बता पाये। पूछताछ में चोरी करने की फिराक में घूमना बताया व इसके पूर्व शहर में चार जगह चोरी करना बताया।

**यहां पर की चोरी वारदात :** मामले का खुलासा करने वाले टीआई सुदीप सोनी ने बताया कि तीन जनवरी को सावित्री स्कूल के पास देवेन्द्र विश्वकर्मा के घर का ताला तोड़कर सोने चाँदी के जेवरात चोरी करना स्वीकार किया। इसके बाद 05 अप्रैल की रात में शिव होटल के पास नई बस्ती में अनीता पाण्डेय के घर में सोने चाँदी के जेवरात व कुछ कपडे चोरी करना बताया। जबकि 18 अप्रैल को प्रहलाद सिंह के घर का ताला तोड़कर कुछ सोने चाँदी के सामान चोरी करना स्वीकार किया है। इतना ही नही 21 मार्च को ओपन जेल के पास जमुना यादव के मकान का ताला तोडना बताया है।

### ये सामग्री जब्त

आरोपियों के कब्जे से कोलगवां पुलिस ने एक सोने का गले का हार , एक जोड सोने का झुमका दो, दो तल्ला, दो नग सोने की अंगूठी, एक जोड सोने का कान की बिजली, दो नग नाक की नथिया, एक जोड मोटी चांदी की पायल, एक जोड चांदी की पायल कुल कीमती 5 लाख रूपये के सोने चांदी के जेवरात बरामद हुये है। पुलिस ने आरोपी प्रशांत सिंह उर्फ लल्लू पिता अमरनाथ सिंह उम्र 19 वर्ष निवासी गढवा कला थाना कोटर हाल हनुमान नगर नई बस्ती पानी टंकी के पास थाना कोलगवां , नीलम सिंह पति प्रदुम्न सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम असरार थाना रामपुर बघेलान जिला सतना हाल पता हनुमान नगर नई बस्ती पानी टंकी के पास पण्डित के किराये के मकान से गिरफ्तार किया गया है। अभी तीन आरोपी फरार बताये जा रहे है।

# कलेक्टर ने उचेहरा के पहाडी अंचल परसमनिया के गांवों का किया भ्रमण



## जल गंगा संवर्धन अभियान और पेयजल के कार्यों का लिया जायजा

**जागरण, सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने शनिवार को अधिकारियों के साथ उचेहरा विकासखण्ड के पहाडी अंचल परसमनिया के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया और इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों तथा पेयजल की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, एसडीएम सुधीर बेक, सीईओ जनपद पंचायत प्रभा टेकाम सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने उचेहरा विकासखण्ड के भ्रमण के दौरान सबसे पहले पतौरा के गेहूं उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थायें दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। उन्होंने पिथौराबाद के भ्रमण के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बन रहे कूप के निर्माण का अवलोकन किया। उन्होंने महाराजपुर में पेयजल के स्त्रोतों का जायजा लिया तथा पेयजल की स्थिति के संबंध में ग्रामीणों से बातचीत कर जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जल संसाधन विभाग के तालाब का भी निरीक्षण किया और उसके पुनरूद्धार के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने परसमनिया पहुंचकर वन विभाग के तालाब का अवलोकन किया। इस तालाब को जल संसाधन विभाग द्वारा वाटर शेड के तहत पूर्व में मरम्मत की गई थी। कलेक्टर ने तालाब के पुनरूद्धार कराये जाने की बात कही। परसमनिया के ग्राम पहाडी के खखरा पहुंचकर कलेक्टर ने लोगों से पेयजल की स्थिति की जानकारी ली और गांव में संचालित हैण्डपम्पों का मौका मुआयना भी किया। इस दौरान ग्राम खखरा में हैण्डपम्प चालू पाये गये। कलेक्टर ने खखरा के फारेस्ट के तालाब और रामपुर पाठा के तालाब की मरम्मत का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये।

# नरवाई जलाने वाले 43 लोगों पर 1 लाख 35 हजार रूपये का जुर्माना

**जागरण, सतना।** पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों (विशेषत: धान एवं गेहूं) की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं। प्रतिबंधात्मक आदेशों की अवहेलना को संज्ञान में लेकर एसडीएम रघुराजनगर ग्रामीण एलआर जांगडे ने अपने क्षेत्रान्तर्गत तहसील कोठी और नायब तहसील हाटी के 43 व्यक्तियों द्वारा अपने खेत में नरवाई जलाने पर मापदण्डों के अनुसार कुल 1 लाख 35 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित कर जिले में दूसरी बडी कार्यवाही की है। इसके पहले सतना जिले में पहली बडी कार्यवाही में एसडीएम रघुराजनगर ग्रामीण द्वारा भुमकहर और तूमिन में निषेधाज्ञा आदेशों का उल्लंघन कर नरवाई में आग लगाने वाले 30 व्यक्तियों के विरूद्ध पुलिस में एफआईआर भी दर्ज करा चुके हैं। मौके पर गये निरीक्षण दल ने पाया कि 18 अप्रैल को ग्राम टिकुरी कोठार में नरवाई जलाने से फैली आग पर फायर ब्रिगेड की सहायता से काबू पाया गया। आग से ग्राम टिकुरी कला, टिकुरी खुर्द एवं सगमा ग्राम का क्षेत्रफल प्रभावित हुआ। इसी प्रकार सेटेलाइट से भेजी गई सूचना के अनुसार ग्राम मनकवार पटवारी हल्का उजरौंधा में नरवाई से आग लगाने की घटनाओं पर नायब तहसीलदार कोठी कमलेश भदौरिया, कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी, पंचायत सचिव और कोटवार ने मौके पर पहुंच कर पंचनामा बनाया। एसडीएम रघुराजनगर ग्रामीण एलआर जांगडे ने बताया कि उजरौंधा, मनकवार के 18 भू-स्वामी व्यक्तियों और टिकुरी कला के 4 तथा टिकुरी कोठार के 21 व्यक्तियों पर जुर्माना अधिरोपित करने का नोटिस जारी किया गया है। इनमें भूमि स्वामी उजरौंधा हल्का के ग्राम मनकवार के चन्द्रकली सिंह, हिरेन्द्र प्रताप सिंह, रावेन्द्र सिंह, अमर सिंह, उमेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, कुवरबहादुर सिंह, वीरेन्द्र, नरेन्द्र सिंह, मनोज सिंह, अनिल सिंह, अखिलेश भारतेन्द्र सिंह, उमाराज कुशवाहा, भोला कुशवाहा, रविराज सिंह, केशकली और वीरेन्द्र सिंह के नाम शामिल है।
























# नहाने गये तीन बच्चे अमुआ बांध में डूबे, तीनों की मौत

## धारकुंडी थाना क्षेत्र में हुई घटना



**जागरण, सतना।** शनिवार को धारकुंडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अमुआ बांध में नहाने गये तीन बच्चे गहरे पानी में डूब गये। पानी डूबने से तीनो की मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुचे धारकुंडी थाना प्रभारी शैलेन्द्र पटेल ने शवो को पानी से बाहर निकलवाकर पीएम के लिये भेजा। प्रशासनिक अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया और परिजन को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

### एक ही गांव के थे तीनों बच्चे

बच्चों की पहचान अभिजीत पुत्र अजीत कोल रावत उम्र 8 साल निवासी कंदैला, अभिरावत महेश उर्फ कल्लू निवासी कंदैला उम्र 7 वर्ष,और प्रिंस रावत पिता चंदू रावत उम्र 9 वर्ष की पानी में डूबने से मौत हुई है।

# आधुनिक खेती में ड्रोन का बहुत महत्व : डॉ विष्णु ओमर

**सतना।** भारत देश की बढ़ती हुई जनसंख्या आधुनिक उद्योगों की स्थापना बड़े.बड़े एक्सप्रेसवे का बनाया जाना एवं कृषि की जमीन पर बड़े.बड़े शॉपिंग कॉम्प्लेक्स भवनों का निर्माण इत्यादि के कारण खत्म होती जा रही है। जिसके कारण भविष्य में अन्न के उत्पादन में कमी का संकट उत्पन्न हो सकता हैए जिसको ध्यान में रखते हुए दिन प्रति दिन देश में खेती करने के तरीके को बहुत हाईटेक करना होगा। कृषि क्षेत्र में ड्रोन प्रौद्योगिकी का उपयोग निरंतर बढ़ता जा रहा है। किसान अभी तक जुताई बुवाई और अन्य कृषि कार्य जैसे सिंचाई, निराई, गुड़ाई, कटाई के लिए अत्याधुनिक कृषि यंत्रों जैसे सीड ड्रिल, बेलर, सेंसरयुक्त हैप्पी सीडर मल्चर मशीनए ड्रिलिंग मशीनए कंबाइन हार्वेस्टर इत्यादि का उपयोग करते आ रहे हैं।







जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com